✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 259 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 15 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




### मुख्यमंत्री ने गंगाजी राजगृह जलाशय का किया निरीक्षण, मलमास मेला को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

# मलमास मेला की करें बेहतर तैयारी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा/बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जिले के नारदीगंज अंचल के मोतनाजे ग्राम के पास अवस्थित गंगाजी राजगृह जलाशय का निरीक्षण किया। उन्होंने जलाशय परिसर का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि गंगाजी जल आपूर्ति योजना का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। आपके निर्देश पर सुरक्षा की दृष्टि से इस जलाशय के चारों ओर लोहे की जाली लगाई गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगाजी जल आपूर्ति योजना के तहत गयाजी, बोधगया, नवादा और राजगीर में लोगों को गंगाजी का पानी शुद्ध पेयजल के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। लोगों को शुद्ध पानी निरंतर उपलब्ध कराते रहें, इसमें किसी प्रकार की कोई रूकावट न हो। इस जलाशय परिसर को व्यवस्थित, साफ-सुथरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखें। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने नालंदा जिले के राजगीर में गृद्धकूट भवन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गृद्धकूट भवन से होते हुए नये रोप-वे का जायजा लिया और वहां पर्यटकीय सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सारी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करते रहें ताकि यहां आनेवाले पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजगीर इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर में मलमास मेला-2026 की तैयारियों की जानकारी ली। नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मुख्यमंत्री को मलमास मेला-2026 की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मलमास मेला-2026 की बेहतर ढंग से तैयारी करें। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, उन्हें कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखें। मलमास मेला का आयोजन पूरे एक माह तक होता है। यहां आनेवाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवासन, पेयजल, साफ-सफाई सहित बुनियादी सुविधाओं एवं सुरक्षा की पूरी व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल के साथ-साथ घाट की साफ-सफाई का प्रबंध बेहतर रखें। मलमास मेला में काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं। लोगों को आवागमन में असुविधा न हो इसके लिये राजगीर आने वाले हर रास्ते को दुरूस्त रखें। इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है, इसे ध्यान में रखते हुए उनके आवासन, चिकित्सा, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विषेष रूप से ख्याल रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध रखें। प्रशिक्षित पुलिस बलों की मुस्तैदी मेला परिसर में रखें ताकि स्थिति नियंत्रित रहे और लोग सुरक्षित रहें। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक कौशल किशोर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, कुमार रवि एवं डा. चंद्रशेखर सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार के आयोगों में खाली पदों को भरने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नए वित्तीय वर्ष 2026-27 में कई आयोगों के रिक्त पदों को भरने की तैयारी है। वहीं सामान्य प्रशासन विभाग ने कई तरह की ट्रेनिंग की कार्ययोजना भी तैयार की है। बड़े स्तर पर विभिन्न भर्ती आयोगों के माध्यम से नियुक्ति की प्रक्रिया को भी अंजाम दिया जाना है। बिहार युवा आयोग के गठन होने के बाद इस आयोग के लिए एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष तथा सात सदस्यों की नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति सरकार के स्तर पर होनी है। सत्ताधारी गठबंधन के बीच इन पदों पर होने वाली नियुक्ति का हिस्सा तय होना है। विधानसभा चुनाव के समय राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन की घोषणा की थी। वहीं बिहार राज्य सूचना आयोग में भी राज्य सूचना आयुक्त के एक पद पर नियुक्ति होनी है। इस नियुक्ति में नेता प्रतिपक्ष से भी संबंधित व्यक्ति के बारे में सलाह ली जाती है। बिहार तकनीकी सेवा आयोग में एक अध्यक्ष तथा एक सदस्य (स्वास्थ सेवा) की नियुक्ति की जानी है। इस आयोग के माध्यम से तकनीकी सेवाओं से जुड़ी नौकरियों पर काम होता है। पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग में दो सदस्य नियुक्त किए जाने हैं। बिहार लोक सेवा आयोग में भी एक सदस्य का पद रिक्त है। नए वित्तीय वर्ष में इस पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होनी है। अनुसूचित जाति आयोग में भी एक सदस्य की नियुक्ति होनी है। बिहार लोकायुक्त संस्थान में एक अध्यक्ष व दो सदस्यों की नियुक्ति भी की जानी है। आयोगों में रिक्त पदों पर नियुक्ति के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर भी कई जगहों पर नियुक्ति होनी है। 33 वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर बिहार असैनिक न्यायाधीश (कनीय कोटि) के 173 पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई चल रही। बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 31924 पदों पर नियुक्ति को ले परीक्षा होनी है। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न श्रेणी के 18112 पदों पर नियुक्ति को ले परीक्षा होनी है। बिहार तकनीकी सेवा (शेष पृष्ठ 11 पर)

### संक्षिप्त समाचार

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** सरसी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसे ने एक पूरे परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। रघुनाथपुर नहर के पास एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों की पहचान धमदाहा थाना क्षेत्र के कुवांरी गांव निवासी मोती ऋषि की पत्नी कंचन देवी, जागो ऋषि (50 वर्ष) और उनके पुत्र किशन कुमार (18 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं घायल में जगन ऋषि, टोटो चालक गुटुर कुमार सिंह और एक महिला शामिल हैं। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से जीएमसीएच पूर्णिया में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## मैट्रिक परीक्षा में 16 लाख से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

### बनाये गये 1600 से अधिक परीक्षा केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति यानी बीएसईबी द्वारा आयोजित मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का आयोजन 17 फरवरी से शुरू हो रहा है, जो 24 फरवरी तक चलेगा। परीक्षा को लेकर राज्य भर में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के सहयोग से सुरक्षा, पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बोर्ड का स्पष्ट लक्ष्य है कि इस बार भी परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाए। बिहार बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में करीब 16 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इनमें नियमित और स्वतंत्र दोनों श्रेणियों के परीक्षार्थी सम्मिलित हैं। राज्य भर में कुल 1600 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है, जहां प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा होगी। बोर्ड के अनुसार इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों को देखते हुए सभी केंद्रों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। पहले दिन यानी 17 फरवरी को मैट्रिक परीक्षा का आगाज भाषा विषय यानी हिंदी/उर्दू की परीक्षा से होगा। परीक्षा की तैयारियों को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कई अहम कदम उठाए हैं। प्रश्नपत्रों को स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा गया है। प्रत्येक जिले में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में की जा रही है।

## बिहार में 19 केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 2135 करोड़ मंजूर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने बिहार में 19 नये केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की घोषणा की थी। उस घोषणा पर अमल करते हुए केंद्र ने नये वित्तीय वर्ष 2026-27 में केंद्रीय विद्यालयों को खोलने के लिए 2135.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। बिहार में खोलने जाने वाले केंद्रीय विद्यालयों से राज्य के 30 हजार छात्र-छात्राओं को इसका फायदा मिलेगा। मधुबनी जिले में केंद्र सरकार द्वारा दो केंद्रीय विद्यालयों को खोलने की योजना मंजूरी की गई है। पहली बार इन विद्यालयों को बालवाटिका के साथ ही तैयार किया जाएगा। राज्य के जिन जिलों में केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना होनी है, उसके नये भवनों का निर्माण और खेल मैदान बनाने समेत अन्य बुनियादी आधारभूत संरचना को विकसित करने हेतु बिहार सरकार ने भूमि चयन का काम पूरा कर लिया है। सूबे के गया, पटना, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, अरवल, मधुबनी, कैमूर, मधेपुरा, शेखपुरा, भोजपुर, भागलपुर, नालंदा, मुंगेर और दरभंगा जिले में नये केंद्रीय विद्यालय के लिए 4-5 एकड़ जमीन को जिलाधिकारियों के स्तर से चिहिन्त कर प्रतिवेदन सरकार को उपलब्ध करा दिया गया है। शिक्षा विभाग के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि एक नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए आमतौर पर शहरी क्षेत्र में ढाई से 4 एकड़ और ग्रामीण क्षेत्र में 5 एकड़ या उससे अधिक जमीन की आवश्यकता होती है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्र के लिए 5 एकड़ जमीन की आवश्यकता अनिवार्य है। यह जमीन केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को मुफ्त में हस्तांतरित की जाती है। इस जमीन पर बुनियादी ढांचा के रूप में भवन, खेल मैदान, कक्षाएं और अन्य सुविधाओं के लिए आधारभूत संरचना को विकसित करने हेतु केंद्र सरकार राशि देती है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2026-27 से केंद्र सरकार उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में देश में 1288 केंद्रीय विद्यालय है, इनमें 14 लाख से अधिक छात्र मौजूदा समय में बेहतर शिक्षा हासिल कर कर रहे है। यह विद्यालय मूलतः केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों के लिए और उनकी मांग को देखते हुए देश के अलग-अलग हिस्सों में खोले जाते है। वर्तमान में राज्य में 16 केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं। नये केंद्रीय विद्यालयों को खोलने से राज्य में कुल केंद्रीय विद्यालयों की संख्या 35 हो जाएगी। नए विद्यालयों में केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों के अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को भी शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत नामांकन होगा। प्रत्येक केंद्रीय विद्यालय में नामांकन के लिए 1520 सीटें होंगी। केंद्रीय विद्यालय के भवन बनने तक सरकारी बिल्डिंग में नये केंद्रीय विद्यालय (शेष पृष्ठ 11 पर)

## महाशिवरात्रि पर बिहार में हाई अलर्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** महाशिवरात्रि को लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय ने राज्यभर में हाई अलर्ट जारी किया है। पटना सहित सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने को कहा गया है। मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ मंदिर समेत सभी बड़े शिव मंदिरों और पूजा स्थलों को संवेदनशील सूची में रखा गया है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर परिसरों में सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी रखने का आदेश दिया गया है। स्थानीय पुलिस प्रशासन को भीड़ प्रबंधन की ठोस योजना बनाने को कहा गया है। प्रवेश और निकास द्वारों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिया है कि जरूरत के अनुसार पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हो। सिविल ड्रेस में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया जाएगा।




## सीएम नीतीश कुमार ने दी महाशिवरात्रि की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा है कि महाशिवरात्रि पर्व में लोग पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भगवान शिव की उपासना करते हैं। इस पर्व की अपनी अलग महत्ता एवं विशिष्टता है। यह पर्व हमारी संस्कृति को और मजबूत बनाता है। सीएम ने लोगों से आह्वान किया कि वे आपसी प्रेम, पारस्परिक सौहार्द्र एवं सामाजिक सद्भाव के साथ पर्व मनायें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पर्व प्रदेशवासियों के लिए सुख, शान्ति और समृद्धि लेकर आयेगा।

## इसी साल मोतिहारी एवं चकिया में शुरू होगा चीनी मिल का काम : सम्राट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मोतिहारी में कहा कि बिहार में व्यापार को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने सिक्सलेन गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे का जिक्र किया और कहा कि इसके बनने से माल की आवाजाही आसान होगी और नए उद्योग लगेंगे। चंपारण के लोगों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी यह है कि इसी साल मोतिहारी और चकिया में नई चीनी मिलों के निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएग। इससे गन्ना किसानों और स्थानीय युवाओं को बड़ा फायदा मिलेगा। डिप्टी सीएम ने बताया कि रक्सौल में एक बड़े एयरपोर्ट के निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। इसका फायदा सीधे तौर पर मोतिहारी शहर के लोगों को मिलेगा। इस प्रोजेक्ट पर शुरुआती काम भी शुरू कर दिया गया है।

## पनोरमा ग्रुप के ठिकानों से नकदी और गहने बरामद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सीमांचल क्षेत्र में चर्चित पनोरमा ग्रुप पर आयकर विभाग की 66 घंटे तक चली महाछापेमारी अब समाप्त हो गई है। इस मैराथन कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने भारी मात्रा में नकदी, आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। छापेमारी पूरी होने के बाद पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने आधिकारिक बयान जारी कर जांच में पूर्ण सहयोग की बात कही है। ग्रुप के अनुसार पूर्णिया, सुपौल और अररिया सहित कुल 18 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। करीब 200 अधिकारियों की टीम ने विभिन्न परिसरों की गहन जांच की। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में नकद राशि और कीमती आभूषण बरामद किए गए। बरामद नकदी को पनोरमा ग्रुप के खाते में जमा कराया गया है। हालांकि, नकदी की सटीक गणना और जब्त आभूषणों के मूल्यांकन की आधिकारिक रिपोर्ट अभी प्रतीक्षित है। इसकी पुष्टि स्वयं सीएमडी संजीव मिश्रा ने की है।







C M Y K

# फार्मर आईडी निर्माण में बिहार ने किया 50 प्रतिशत लक्ष्य हासिल : राम कृपाल यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने शनिवार को राज्य में किसानों के फार्मर आईडी निर्माण में 50 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बिहार के कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, कृषि विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आपसी समन्वय और किसानों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। इस महाअभियान से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, कृषि समन्वयकों, राजस्व कर्मियों और जागरूक किसानों को उन्होंने बधाई दी। कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य में फार्मर आईडी निर्माण का कार्य तेजी से जारी है और अब तक 51 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज की जा चुकी है जो प्रशासनिक तत्परता और किसानों की सहभागिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विशेष केंद्रीय सहायता के प्रावधान के तहत लक्ष्य उन किसानों के आधार पर निर्धारित किया गया है जिन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत कम से कम एक किस्त प्राप्त की है। बिहार में ऐसे लाभार्थियों की संख्या 86 लाख 36 हजार 562 है और इसी के अनुरूप चरणबद्ध लक्ष्य तय कर कार्य किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि निर्धारित लक्ष्य के 25 प्रतिशत की उपलब्धि पर प्रथम माइलस्टोन के अंतर्गत राज्य को 107 करोड़ 96 लाख रुपये की विशेष केंद्रीय सहायता स्वीकृत हुई। इसके बाद 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त होने पर द्वितीय माइलस्टोन के तहत 161 करोड़ 93 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता मिलेगी। इस प्रकार कुल 269 करोड़ 89 लाख रुपये की विशेष केंद्रीय सहायता राज्य को प्रदान की जाएगी जिससे कृषि अवसंरचना को मजबूत करने और डिजिटल कृषि प्रणाली को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। राम कृपाल यादव ने कहा कि किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरी प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जा रहा है। यह पहल किसानों को एकीकृत डिजिटल मंच से जोड़कर उन्हें पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में अहम कदम है। कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त प्रयासों से चलाए जा रहे विशेष अभियानों के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी पंजीकरण से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इसके जरिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी रूप से मिलेगा। साथ ही फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, विभिन्न सहायता अनुदान योजनाएं और फसल क्षति के वास्तविक आकलन पर आधारित क्षतिपूर्ति का लाभ भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। अंत में उन्होंने शेष किसानों से अपील की कि वे शीघ्र फार्मर आईडी पंजीकरण कराकर डिजिटल कृषि प्रणाली से जुड़ें और सभी सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त करें।

# एमनेस्टी पॉलिसी-2025 और एग्जिट पॉलिसी-2025 से औद्योगिक मामलों के समाधान को मिली गति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार द्वारा लागू एमनेस्टी पॉलिसी-2025 और एग्जिट पॉलिसी-2025 के माध्यम से राज्य में बंद और विवादित औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने तथा निष्क्रिय औद्योगिक भूमि को दोबारा निवेश योग्य बनाने की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण प्रगति सामने आई। इन नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से अब तक लगभग 100 औद्योगिक इकाइयों और मामलों का निष्पादन किया गया है जिससे औद्योगिक परिसंपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और निवेश प्रवाह को नई दिशा मिलने की संभावना है। उद्योग विभाग के सचिव सह अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में दोनों नीतियों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के बाद कई अहम निर्णय लिए गए। इन नीतियों के जरिए लगभग 100 एकड़ औद्योगिक भूमि को पुनः निवेश योग्य बनाकर नए निवेशकों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है, वहीं निष्क्रिय परिसंपत्तियों को सुव्यवस्थित प्रबंधन के तहत पुनर्बहाल किया जाएगा। इससे राज्य में 600 से 800 करोड़ रुपये तक के संभावित निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है जिससे औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को गति मिलने की उम्मीद है। कुंदन कुमार ने कहा कि एमनेस्टी पॉलिसी-2025 और एग्जिट पॉलिसी-2025 राज्य में औद्योगिक परिसंपत्तियों के प्रभावी प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। एमनेस्टी पॉलिसी उन उद्यमियों को समयबद्ध अवसर प्रदान करती है जिनके औद्योगिक भूखंड बकाया राशि या अनुपालन से जुड़ी वजहों से निष्क्रिय हो गए थे। सरल, पारदर्शी और सुव्यवस्थित प्रक्रिया के जरिए वे बंद पड़ी इकाइयों को पुनर्जीवित कर सकते हैं, मौजूदा निवेश की सुरक्षा कर सकते हैं और रोजगार के अवसर दोबारा सृजित कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह समारोह का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2026 समारोह का दूसरा कार्यक्रम बिहार राज्य उत्पादकता परिषद द्वारा राजेंद्र नगर रोड नंबर 6 स्थित भार्गव हाउस में आयोजित किया गया। विकास के इंजन के रूप में क्लस्टर - एमएसएमई में उत्पादकता को अधिकतम करना विषय पर एक सम्मेलन के रूप में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में एमएसएमई और हितधारक उपस्थित रहे। स्वागत भाषण बीएसपीसी के उपाध्यक्ष एम. के दास ने दिया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह का 68वां वर्ष है। उन्होंने हालिया बजट को कॉर्पोरेट मित्र, चैंपियन एमएसएमई नगर आर्थिक क्षेत्र और अन्य प्रावधानों के साथ ऐतिहासिक बताया। बीएसपीसी के महासचिव एडवोकेट बी के सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि क्लस्टर एमएसएमई क्षेत्र में उत्पादकता आधारित विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरे हैं और केवल उत्पादकता विकास ही एमएसएमई को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में मदद कर सकता है। उन्होंने बिहार में फलते-फूलते क्लस्टरों जैसे खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा डेयरी, आईटी, ऑटोमोटिव और ऑटो कंपोनेंट्स आदि पर प्रकाश डाला। एसबीआई के पूर्व महाप्रबंधक के सी रंगनाथ ने आधुनिक क्लस्टरों की सफलता के प्रमुख कारकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नवाचार और विकास को प्रोत्साहन देना, सार्वजनिक नीतियों का समन्वय करना, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और स्टार्टअप के माध्यम से वित्तपोषण तथा विपणन सहायता प्रदान करना आवश्यक है।

# सासामुसा चीनी मिल फिर चलेगी, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने तेज की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सासामुसा चीनी मिल के फिर से संचालन के लिए सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल को जल्द चालू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। मंत्री श्री कुमार ने यह बातें शनिवार को बामेती में आयोजित गन्ना किसान संगोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए कहीं। इसके पूर्व उन्होंने अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार, ईख आयुक्त अनिल कुमार झा, संयुक्त इखायुक्त, जय प्रकाश नारायण सिंह, वैज्ञानिक डॉ. बक्शी राम, डॉ. एके मल्ल के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। गन्ना उद्योग मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सरकार ने बंद चीनी मिलों को खोलने के साथ ही नई चीनी मिलों की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनी हुई है जो लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से गन्ना की खेती को बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि पहले बिहार में 12 लाख हेक्टेयर में गन्ने की खेती होती थी, लेकिन जल जमाव के कारण धीरे-धीरे यह काफी कम हो गई है। इसमें 66 हजार एकड़ खेत जल जमाव से बेकार पड़े हैं। इसके लिए भी सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग किसानों के उन्नति के लिए दिन रात कार्य कर रहा है। गन्ना किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसान लाभान्वित होंगे तभी चीनी मिलें चलेंगी। नई चीनी मिलों को लगाने के लिए 25 जिलों से रिपोर्ट मांगी गई है। आप सभी लोग मिलकर इसमें सहयोग करें।

अपर मुख्य सचिव के सेंथिल कुमार ने कहा कि पहले देश में सबसे अधिक चीनी का उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन धीरे-धीरे कम हो गया। बिहार के उस गौरव को वापस लाने के लिए सबका सहयोग आवश्यक है। बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट आदेश है कि बंद मिलों को खोलना है और नई मिले लगानी है। इसमें सभी को मिलकर टीम भावना से कार्य करना होगा तभी हम लोग लक्ष्य हासिल करेंगे। इसलिए गन्ना की खेती को विस्तार करना है, ताकि चीनी मिलों को भरपूर गन्ना मिल सके। किसानों की समस्याओं को सुनने के बाद अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जो किसान पात्र होंगे उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा। वहीं, ईख आयुक्त अनिल कुमार झा ने कहा कि किसान अपनी क्षमता को पहचाने और नई ऊर्जा के साथ बेहतर कार्य करें, ताकि राज्य सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य हो सके। चीनी उत्पादन के क्षेत्र में बिहार को देश के अग्रणी राज्यों में ले जाना है। इसके लिए सभी को प्रयास करना पड़ेगा। उन्होंने राज्य सरकार के सभी योजनाओं को घरातल पर उतारने की अपील की। वहीं वैज्ञानिक डॉ. बक्शी राम ने कहा कि जल जमाव वाले क्षेत्रों में उत्तम किस्म के बीज लगाएं और उर्वरक का प्रयोग जरूरत के हिसाब से करें। वैज्ञानिक डॉ एके मल्ल ने गन्ने की खेती को उद्यमिता से जोड़ने की बात कही। इस मौके पर बड़ी संख्या में राज्य के विभिन्न जिलों से आये किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन सहायक ईखायुक्त वेदव्रत ने किया।

# बैकुंठधाम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, ग्रामीण एसपी ने की शांति व्यवस्था को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के बाबाधाम कहे जाने वाले प्रसिद्ध बैकुंठधाम गौरी शंकर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लाखों शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इसी को देखते हुए खुशरूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बैकटपुर में शनिवार को पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, पटना कुंदन कुमार द्वारा आम जनता के साथ शांति व्यवस्था और विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर बैठक की गई। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं। पटना पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने में प्रशासन का सहयोग करें। दूसरी ओर प्रेम यूथ फाउंडेशन के निदेशक देवानंद कुमार ने बताया कि यह मंदिर एशिया का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां शिव भक्तों के लिए फाउंडेशन परिसर में ठहरने और भोजन की मुफ्त व्यवस्था की गई है तथा श्रद्धालुओं की सेवा में स्वयंसेवक लगातार जुटे रहेंगे। वहीं खुशरूपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी और पुलिस शिव भक्तों के सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है।

# राहुल गांधी की पूरी राजनीति अराजक व नकारात्मक : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बजट सत्र के दौरान संसद में घटे घटनाक्रम की स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा है कि श्री गांधी की पूरी राजनीति अराजक व नकारात्मक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से आहत होकर अनर्गल प्रलाप नेता प्रतिपक्ष हो करते हैं। श्री पाण्डेय ने कहा है कि राहुल की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं का संसद में जो उत्तेजना भरा आचरण रहा है उससे स्पष्ट होता है कि राहुल गांधी स्वयं लोकतांत्रिक प्रक्रिया, शुचिता, संवैधानिक मर्यादा और संसद की नियमावली को नहीं मानते हैं। देश में अविश्वास व अराजकता पैदा करना उनका मकसद है। नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का इस तरह का अपमानजनक और शर्मनाक व्यवहार आज तक नहीं देखा गया है। राहुल गांधी का संसदीय आचरण अराजकता का प्रतीक है। बजट सत्र के पहले चरण में राहुल गांधी जार्ज सोरेस के टूलकिट का हिस्सा बन कर देश की संवैधानिक संस्थाओं व लोकसभा अध्यक्ष पर अनर्गल हमला कर देश की छवि को आघात पहुंचाते रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का रवैया मानो यह हो कि जो उनके मन में आएगा, वही करेंगे।

# कांग्रेस सेवादल ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की, संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की उपस्थिति में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरुआत की। परंपरा के अनुसार ध्वज बंधन कार्यक्रम के उपरांत यह अभियान प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी अफरोज खान एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सेवादल की सराहना करते हुए कहा कि सेवादल संगठन जितना मजबूत होगा, कांग्रेस पार्टी भी उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ेगी और जनसेवा के कार्यों में नई ऊर्जा आएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को सेवादल से जोड़कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। कार्यक्रम में प्रदेश महिला सेवादल अध्यक्ष रुचि सिंह, अहमद राजा खान, आशुतोष रंजन, राजकुमार पूर्वे, विपिन झा, राजीव पांडे, अली बल्खि, पिंकी पासवान, गुप्तेश्वर चौबे, गुलशन कुमार, सुरेश कुमार सहित दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ऋषिकुलम विद्याबोधि के वार्षिकोत्सव में दिखा प्रतिभा, परंपरा और प्रेरणा का संगम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कंकड़बाग स्थित ऋषिकुलम विद्याबोधि स्कूल का वार्षिक समारोह 'सरगम' प्रेमचंद रंगशाला में उल्लास के साथ मनाया गया। इसमें शिक्षा और संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पियानो वादक निर्मल अगस्त्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2014 में स्थापित विद्यालय ने बहुत कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

# युवाओं को राजनीति में आने से बदलेगा माहौल : विजय कुमार चौधरी

## बीडी कॉलेज का द्वितीय भुवनेश्वरी दयाल स्मृति व्याख्यान संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि जनसेवा, धैर्य, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का मार्ग है। युवाओं से आह्वान किया कि वे राजनीति को सकारात्मक दृष्टि से देखें और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। शिक्षित युवाओं के राजनीति में आने से माहौल बदलेगा। युवाओं में धैर्य जरूरी है। कॅरियर चुनते समय युवाओं को अपनी रुचि के साथ-साथ आजीविका के पहलू पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। मतदाताओं की जागरूकता को लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। सजग नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करते हैं। यह बातें जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जनसंपर्क तथा भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बी.डी. कॉलेज की ओर से अधिवेशन भवन सभागार में द्वितीय भुवनेश्वरी दयाल स्मृति व्याख्यान में 'भारतीय लोकतंत्र में करियर के रूप में राजनीति' विषय पर बोलते हुए कही। सेमिनार में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति उपेंद्र प्रसाद सिंह तथा मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि राजनीति राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का सशक्त माध्यम है तथा युवाओं को ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को अपने सार्वजनिक जीवन का आधार बनाना चाहिए। मगध विवि के कुलपति प्रो एसपी शाही ने कहा कि युवाओं को राजनीति में आना चाहिए। पर राजनीति में धैर्य के साथ संपर्ण भाव के साथ काम करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान महाविद्यालय में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 110 किलोवाट सौर संयंत्र की स्थापना, ई-कचरा प्रबंधन के लिए भारत सरकार की संस्था एमएसटीसी के साथ समझौता ज्ञापन, वर्मीकम्पोस्ट इकाई की स्थापना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर की उल्लेखनीय उपलब्धियां महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं।

# युवाओं के भविष्य पर आनंद रंजन झा ने जारी किया सशक्त संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली/पटना।** लगभग दो दशकों से युवाओं के प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय आनंद रंजन झा ने युवाओं के नाम एक प्रेरणादायी संदेश जारी किया है। अपने संदेश में उन्होंने युवाओं से डिग्री के साथ-साथ कौशल पर विशेष ध्यान देने और करियर-ओरिएंटेड स्किल डेवलपमेंट को अपनाने का आह्वान किया। आनंद रंजन झा ने कहा कि उन्होंने पिछले 20 वर्षों में हजारों युवाओं को शून्य से आगे बढ़ते देखा है और यह अनुभव उन्हें यह विश्वास दिलाता है कि यदि युवा को सही दिशा और सही मार्गदर्शन मिल जाए तो कोई भी बाधा उसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी नहीं, बल्कि युवाओं की तैयारी और कौशल की कमी है। उन्होंने कहा कि डिग्री युवाओं को पहचान देती है, लेकिन कौशल उन्हें रोजगार, आत्मनिर्भरता और सम्मान दिलाता है। बदलते समय में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और प्रोफेशनल सोच से लैस होना होगा।

# वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने प्रस्तुत किये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पटना कॉन्वेंट में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि डॉ. गीता जैन, एम.पी. जैन तथा विद्यालय के निदेशक अरुण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास और अनुशासन की सराहना की। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक, समूह गान सहित विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया और उन्हें भरपूर तालियां मिलीं। विद्यालय के निदेशक अरुण कुमार एवं सुनीता कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या खुशबू कुमारी एवं प्रधानाचार्य समर कुमार ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इवेंट इंचार्ज पूजा सिन्हा, बबिता कुमारी, स्वेता शर्मा सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। सहायक शिक्षकों–निकिता कुमारी, आरती मित्रा, आयुषी एवं अन्य ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान में 50 फीसदी लक्ष्य पार करना राज्य के लिए गर्व की बात : उपमुख्यमंत्री सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पीएम किसान लक्ष्य के सापेक्ष 50 फीसदी नामांकन का आंकड़ा पार कर लिया। मिशन मोड-3 के तहत 14 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन विभाग ने निर्धारित समय-सीमा से पहले ही शनिवार की सुबह 10 बजे यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया। ताजा आंकड़ों के अनुसार, राज्य में कुल 85,53,570 पीएम किसान लाभार्थियों के विरुद्ध 43,04,548 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री नामांकन पूरा हो चुका है, जो 50.3 प्रतिशत उपलब्धि दर्शाता है। इस उपलब्धि के साथ ही राज्य को केंद्र सरकार से दूसरी किस्त के रूप में 450 करोड़ रुपये प्राप्त होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व व भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आज शनिवार को फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत 50 प्रतिशत लक्ष्य सुबह 10 बजे ही प्राप्त कर लेना पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। मिशन मोड-3 के अंतर्गत तय समय-सीमा से पहले यह उपलब्धि हमारी टीम भावना और किसानों के सहयोग का परिणाम है। इस उपलब्धि से केंद्र सरकार से 450 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त इंसेंटिव के रूप में प्राप्त होगी जिससे किसानों के हित में योजनाओं को और गति मिलेगी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने मनाया 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने पटना में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं शिव ध्वजारोहण से हुई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी एसके भारद्वाज ने समाज में सकारात्मक योगदान के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था की सराहना की। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी उदय कुमार सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति के सभी पर्व त्योहारों को ब्रह्माकुमारी ने जीवित रखा है। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी पटना सब जोन की प्रभारी बीके संगीता ने कहा कि साल के तीन सौ पैंसठ दिन कोई न कोई उत्सव होता है। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार में एक फर्क होता है। त्योहार का सम्बंध उत्सव से है, लेकिन पर्व विधि विधान के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कर्म महत्वपूर्ण है और उसी के हिसाब से इंसान को सबकुछ प्राप्त होता है।

# महाशिवरात्रि आज, श्रद्धालुओं को गुप्ता धाम मंदिर में नहीं होगी परेशानी

## जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का किया पुख्ता इंतजाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था के केंद्र गुप्ता धाम में महाशिवरात्रि मेला 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन, सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रास्तों में वनकर्मियों एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह कर्मी श्रद्धालुओं को मार्ग की जानकारी देने, भीड़ प्रबंधन में सहयोग करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए तैनात है। वन क्षेत्र में सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 14 एवं 15 फरवरी 2026 को आकस्मिक सेवाओं को



छोड़कर सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का बादलगढ़ गेट से आगे प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा वन क्षेत्र में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए दो पहिया वाहनों से आवागमन की अनुमति दी गई है जो प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जारी रहेगी। निर्धारित समयावधि के बाहर किसी भी प्रकार के वाहन प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम द्वारा बताया गया कि महाशिवरात्रि पर्व-2026 को लेकर गुप्ताधाम मंदिर (चेनारी), में सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था संधारणार्थ 05 दण्डाधिकारी एवं 150 पुलिस बल सहित पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। नगर पंचायत, चेनारी द्वारा साफ-सफाई करवाई गयी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चेनारी द्वारा मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पीएचईडी, सासाराम द्वारा मार्गो में जरूरत के अनुसार विभिन्न स्थानों पर चलंत शौचालय का निर्माण किया गया है। वन विभाग द्वारा दस 10 जगहों पर वायरलेस दूरभाष अधिष्ठापित किया गया है। मंदिर संचालित समिति द्वारा स्वयं सेवकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है तथा वन विभाग के तरफ से हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। मंदिर समिति के द्वारा गुफा में विग्रह के पास ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। आवश्यकतानुसार मंदिर के अन्दर एग्जॉस्ट फैन की व्यवस्था भी है। नगर पंचायत, चेनारी के द्वारा विडियोग्राफी करवाने की व्यवस्था की गई है। चेनारी के अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष सतर्कता बनाये रखने हेतु निदेशित किया गया है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# 143 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक टेम्पो से 143 लीटर शराब बरामद करते हुए पुलिस ने एक महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर होली पर्व को लेकर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक टेम्पो पर भारी मात्रा में शराब तस्करी कर शहर में लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने पाली रोड स्थित बजाज एजेंसी के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक संदिग्ध टेम्पू को रोका गया। वाहन रुकते ही चालक भागने लगा जिसे पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। टेम्पो की तलाशी लेने पर बोरे में छिपाकर रखी गई 111.6 लीटर देशी शराब एवं 31.875 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। कुल 143 लीटर शराब जब्त की गई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान औरंगाबाद जिले के बारुन थाना क्षेत्र के कोचाढ़ गांव निवासी सोनी देवी (22 वर्ष) तथा कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र निवासी इबरार हाशमी (23 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है और होली को देखते हुए चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# हुरका मुखिया ने पंचायत सचिव के खिलाफ डीएम से की शिकायत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हुरका की मुखिया संजू देवी ने पंचायत सचिव मुकेश कुमार के विरुद्ध रोहतास के जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर उन्हें पंचायत के प्रभार से हटाने की मांग की है। मुखिया द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत सचिव का व्यवहार पंचायत के आम लोगों तथा कर्मियों के प्रति संतोषजनक नहीं है जिसके कारण पंचायत की योजनाओं का संचालन समय पर नहीं हो पा रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पंचायत सचिव कभी-कभी बिना सूचना के अनुपस्थित रहते हैं जिससे पंचायत कार्यों एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मुखिया ने प्रशासन से मांग की है कि मुकेश कुमार को ग्राम पंचायत हुरका के प्रभार से हटाकर ग्राम पंचायत सरैया के पंचायत सचिव संतोष कुमार को अतिरिक्त प्रभार दिया जाए। ताकि पंचायत का कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। फिलहाल इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

# शिव शक्ति महायज्ञ में बह रहा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के देवढी धाम में चल रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ अनुष्ठान में श्रद्धालुओं के बीच आस्था का सैलाब नजर आया। एक ओर जहां यज्ञ मंडप के चारों ओर परिक्रमा कर रहे पुरुष और स्त्री श्रद्धालु के रूप में आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर अयोध्या से पधारे संत श्री देवनारायण दास जी के कुटिया में लोग उनकी मुखारविंद से भक्ति मार्ग की बातें सुनते देखे जा रहे हैं। वही यज्ञ स्थल से कुछ कदम दूरी पर दिन में रामलीला के माध्यम से रामायण की कथा पर आधारित कलाकारों की प्रस्तुतियां भी दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है। विश्वामित्र जी के आदेश पर गुरु पूजन के लिए पुष्प लाने हेतु राम, लक्ष्मण के रूप में बालकों के द्वारा प्रतिपादित अभिनय अत्यंत सुंदर दिख रहा था तो वही रंगमंच पर विभिन्न प्रकार के भजन-कीर्तन भी इसकी सुंदरता बढ़ा रही थी। संत श्री देवनारायण दास जी महाराज ने संतों के रहन-सहन एवं सांसारिक तालमेल के संबंध में बतलाते हुए कहा कि जिन्होंने महल या छत का त्याग कर दिया, उन्हें अब महल और छत की क्या आवश्यकता है? उनके अनुसार संतों का निवास कुटिया ही होता है। उन्हें आधुनिक चकाचौंध और भौतिकतावाद से दूर रहना चाहिए। शुक्रवार को स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह भी यहां पहुंचे। समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार पांडे ने यहां के ऐतिहासिक तालाब के बारे में दिनारा के स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह के हाथों इसके घाट निर्माण की बातें कहीं, जहां विधायक आलोक कुमार सिंह ने यह आश्वासन दिया कि आने वाले भविष्य के छठ पर्व से पहले इस तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा सकेगा।

# भू-अर्जन मुआवजा और परियोजना निर्माण में तेजी लाएं : डीएम

## भू-अर्जन मुआवजा भुगतान में लगातार प्रगति पिछले एक माह में लगभग 31 करोड़ मुआवजा का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिलाधिकारी ने भू-अर्जन एवं एनएच, एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा की। मुआवजा भुगतान एवं परियोजना निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित मां मुण्डेश्वरी सभागार में भू-अर्जन, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में चल रही विभिन्न सड़क परियोजनाओं और उनके लिए किए जा रहे भू-अर्जन कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारतमाला परियोजना के 2549 पंचाटी रैयतों



में से 1731 रैयतों ने आवेदन जमा किया गया है जिसमें से 910 रैयतों के खातें में लगभग 135 करोड़ रूपये हस्तांतरित करने की कार्रवाई की जा चुकी है। पिछले माह में आयोजित समीक्षात्मक बैठक तक 790 रैयतों के खाते में 104 करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की गयी थी। इस प्रकार पिछले माह की बैठक से अब तक 120 रैयतों के खाते में 31 करोड़ की राशि भेजने की कार्रवाई जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा की गयी है। साथ ही पिछले समीक्षा बैठक से अबतक कुल 225 नये आवेदन प्राप्त हुए है। जिलाधिकारी ने भू-अर्जन कार्यालय के द्वारा रैयतों से आवेदन प्राप्त करने तथा दस्तावेजों में कमी के कारण भुगतान में आने वाली दिक्कतों को दूर करने में जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा रैयतों की सहायता करने तथा भुगतान की तीव्र कार्रवाई करने के कारण सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों के प्रयासों की सराहना की तथा यह भी निदेश दिया की जिन रैयतों को मुआवजा लंबित है उनके आवेदनों का भी तीव्र गति से निष्पादन करते हुए भुगतान की कार्रवाई की जाय। जिला पदाधिकारी ने परियोजना निदेशकों/कार्यपालक अभियंताओं और संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर परियोजनाओं को पूर्ण करने और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्षों को अवगत कराने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने अधियाची विभाग, निर्माण एजेंसी और जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी परियोजनाओं को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने तथा रैयतों को यथाशीघ्र भुगतान करने तथा उनकी अन्य समस्याओं का निराकरण करने के लिए साथ मिल कर कार्य करने को कहा।

# मुफ्त सोलर पैनल हेतु 28 फरवरी तक कर सकेंगे आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** जिले में कुटीर ज्योति योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं से सहमति मांगी जा रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। विद्युत अधीक्षण अभियंता इंद्रदेव कुमार ने बताया कि सरकार गरीब परिवारों को बिजली बिल से राहत देने और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए यह योजना चला रही है। इसके तहत 1.1 केवीए का सोलर पैनल मुफ्त में लगाया जाएगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता के पास पक्की छत होनी चाहिए और वह बीपीएल कार्ड धारक होना चाहिए। सोलर पैनल लगने के बाद उसकी साफ-सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी उपभोक्ता की होगी। सोलर यूनिट लगाने के लिए उपभोक्ता के पास करीब 64 वर्ग फीट पक्की छत होनी चाहिए व जगह छायामुक्त भी होनी चाहिए। 1.1 केवीए क्षमता के सोलर पैनल के लिए दो सोलर प्लेट लगेंगे। सोलर पैनल और इंस्टॉलेशन का पूरा खर्च विद्युत विभाग उठाएगी। कुटीर ज्योति योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य गरीब परिवारों को घरेलू बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराना है। पहले बहुत से गांवों में लोग मिट्टी के दीये, लालटेन या केरोसिन लैंप का इस्तेमाल करते थे। इससे न केवल खर्च बढ़ता था बल्कि स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी खतरा रहता था। आवेदन करने के लिए सुविधा एप डाउनलोड करें और रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतू सहमित (कुटीर ज्योति) लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद अपना कंज्यूमर नंबर (सीए नंबर) डालें और रजिस्ट्रड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा।

# श्री अरविंद एकेडमी में फूड फिएस्टा व प्रदर्शनी का आयोजन, बच्चों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय लाल कॉलोनी स्थित श्री अरविंद एकेडमी में शनिवार को फूड फिएस्टा एवं वार्षिक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक कृष्ण प्रसाद ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की। विद्यालय परिसर में पूरे वर्ष छात्रों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट, हस्तकला और चित्रकला की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी में बच्चों ने राम मंदिर, गोल्डेन टेंपल, अंगकोर मंदिर, बृहदेश्वर मंदिर तथा कोटा रेलवे जंक्शन के सुंदर मॉडल प्रस्तुत किए जिन्हें देखने के लिए अभिभावकों



की भीड़ उमड़ पड़ी। आगंतुकों ने बच्चों की मेहनत और कल्पनाशक्ति की खुलकर प्रशंसा की। फूड फिएस्टा में भी बच्चों ने अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। स्टॉलों पर छोले-भटूरे, टिक्की चाट, पाव भाजी, पानी पूरी सहित कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए गए। अभिभावकों एवं शिक्षकों ने व्यंजनों का स्वाद लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पूरे दिन विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है और उनमें आत्मविश्वास व परिपक्वता का विकास होता है। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद भारती ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए बच्चों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।

# विद्यालय से दो लाख की सम्पति चोरी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के गंगोली स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य गेट व कार्यालय का ताला तोड़ लगभग दो लाख रुपए की सामग्री और आवश्यक अभिलेख की अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार रात चोरी कर ली। प्रधानाध्यापक सुगंध कुमार तिवारी के अनुसार उन्हें आज सुबह विद्यालय कर्मी द्वारा चोरी की सूचना दी गई। वह उस वक्त जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में सीएस के रूप में कार्यरत थे। सूचना मिलते ही विद्यालय पहुंचे तो देखा कि चोरों ने कटर मशीन से ताला को काटकर एवं चैनल गेट को तोड़कर विद्यालय भवन में अज्ञात अपराधी प्रवेश किया। अलमीरा तोड़ आवश्यक अभिलेख व दस्तावेज, दीवाल घड़ी, दो सीसीटीवी कैमरा, एक बड़ा इनवर्टर बैट्री, एलइडी बल्ब, हेडफोन टैबलेट का चार्जर, एयर फोन, वायरलेस माउस आदि की चोरी कर ली। साथ ही कई दस्तावेज को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

# जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल में शनिवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में बड़े ही श्रद्धा और संस्कारपूर्ण माहौल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन कर सच्चे प्रेम, सम्मान और पारिवारिक मूल्यों का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलवामा हमला में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। विद्यालय के डायरेक्टर मिथिलेश विश्वकर्मा ने बताया कि परम पूज्य संत आसाराम बापू द्वारा प्रेरित मातृ-पितृ पूजन दिवस पिछले 13 वर्षों से विद्यालय परिसर में लगातार मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और संस्कारों से जुड़े कार्यक्रम जैसे तुलसी



पूजन, रक्षाबंधन तथा अमर शहीदों की जयंती आदि समय-समय पर आयोजित करता रहता है। प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और संस्कारों से भी जोड़ना है। कार्यक्रम में शिक्षक मुकेश कुमार, मृत्युंजय पांडे, राहुल पांडे, जाफर, मो. सफदर अली, अभय पाल, सूरज शर्मा तथा शिक्षिकाएं आशिया, खुशनुमा, स्नेहा, अर्पिता, सबीना, तैहरिन, निभा और महिमा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया और शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंत में जगलेश प्रसाद चौरसिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रेम को स्वच्छ और पवित्र माना गया है तथा अभिभावकों को बच्चों में अच्छे संस्कारों के विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एसडीम ने जनता दरबार में लोगों की सुनीं समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित 15, राशन कार्ड से संबंधित 49 एवं अन्य 07 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन संबंधित कार्यालयों / पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सभी विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता की शिकायतों के निष्पादन में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के पीताम्बर गांव में न्यायालय के आदेश पर अंचलाधिकारी अविनाश कुमार के देख रेख में कुर्की जब्ती की कार्रवाई शनिवार को किया गया। थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने बताया कि अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी प्रवीण कुमार के न्यायालय से जीआर संख्या 1233/19 इन्द्रपुरी थाना कांड संख्या 779/19 में प्राप्त कुर्की अधिपत्र के आलोक में पीतांबरपुर गांव के संजीव कुमार उर्फ पिंटू उर्फ राजीव सिंह, विशाल कुमार दोनों पिता पुत्र के विरुद्ध निर्गत कुर्की वारंट के अनुपालन में इनके बंद आवास का विधिवत कुर्की की कार्रवाई की गई। दोनों 6 वर्षों से फरार थे।

# महाशिवरात्रि पर कैमूर प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## जिले के कुल 116 से अधिक स्थानों पर दण्डाधिकारियों और पुलिस बलों की तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था, शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन कैमूर ने व्यापक तैयारी की है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, कैमूर द्वारा एक संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर कुल 116 से अधिक स्थानों पर दण्डाधिकारियों और पुलिस बलों की तैनाती की गई है। पूजा पंडालों, मंदिरों और जुलूसों में डीजे साउंड सिस्टम के उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी रविवार को प्रातः 05:00 बजे से



अपने निर्धारित स्थलों पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। प्रशासन सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखेगा ताकि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट या ट्वीट से सांप्रदायिक सौहार्द न बिगड़े। सिविल सर्जन को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जीवन रक्षक दवाओं और एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा दल को तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। मंदिरों के आसपास और मुख्य मार्गों पर रात्रि पाली में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। किसी भी आपात स्थिति के लिए भभुआ और मोहनियां में अग्निशमन वाहनों को तैयार रखा गया है और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला नियंत्रण कक्ष महाशिवरात्रि के दौरान पल-पल की जानकारी और त्वरित सहायता के लिए जिला आपदा शाखा, कैमूर में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष संख्या 06189-222080 है।

## शपथ-पत्र

मैं धानो कुंवर पति-स्व. इन्द्रदेव रविदास ग्राम-बसंत टोले पिर बिगहा पो.-सिमला थाना-सलैया जिला औरगाबाद (बिहार) की निवासी हूं मैं सत्य एवं निष्ठा पूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं मेरा आधार कार्ड सं.-8095 2979 9615 है। आधार कार्ड में मेरा नाम धानो कुंवर एवं बैंक खाता में मेरा नाम शांती देवी अंकित हो गया है। धानो कुंवर एवं शांती देवी दोनों नामों से जानी पहचानी जाती हूं मेरे गांव में मेरे अलावे इस नाम का कोई अन्य महिला नहीं है।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 326 दिनांक 11.2.26

शपथकर्ता
धानो कुंवर

# 33 परीक्षा केंद्र चिह्नित, चार बने आदर्श केंद्र, कंट्रोल रूम स्थापित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा–2026 के सफल, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में दिखाई दिया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बुधवार को डायट, नवादा परिसर में सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की। बताया गया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 17 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में आयोजित होगी। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों का प्रवेश मुख्य द्वार पर सघन फ्रिस्किंग के बाद ही सुनिश्चित किया जाएगा। परीक्षार्थी केवल एडमिट कार्ड और पेन के साथ ही केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या किसी भी प्रकार के अवांछित कागजात पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम पाली के लिए सुबह 9:00 बजे एवं द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई परीक्षार्थी चारदीवारी फांदकर या किसी अन्य अनधिकृत मार्ग से प्रवेश करने का प्रयास करता है, तो यह गंभीर दंडनीय अपराध होगा और संबंधित परीक्षार्थी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिससे उसका भविष्य भी प्रभावित हो सकता है। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की कि वे घबराएं नहीं और किसी भी अनुचित गतिविधि से दूर रहें। किसी कारणवश परीक्षा छूटने की स्थिति में अप्रैल माह में आयोजित होने वाली कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल होकर वे पुनः अवसर प्राप्त कर सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा कक्ष में वीक्षकों द्वारा भी परीक्षार्थियों की पुनः सघन तलाशी ली जाएगी। यदि परीक्षा कक्ष में किसी परीक्षार्थी के पास प्रतिबंधित सामग्री पाई जाती है, तो संबंधित वीक्षक पर भी कार्रवाई की जाएगी। सभी केंद्रों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम से समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा सीट प्लान स्पष्ट रूप से प्रदर्शित रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रश्न-पत्रों एवं उत्तर-पुस्तिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। प्रश्न-पत्रों की निकासी, वितरण एवं उत्तर-पुस्तिकाओं की सीलिंग की प्रक्रिया वीडियोग्राफी के साथ होगी। परीक्षा के बाद उत्तर-पुस्तिकाओं को विधिवत सीलबंद कर वज्रगृह में सुरक्षित रखा जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि समय पर प्रवेश को लेकर लगातार उद्घोषणा कराई जाए। परीक्षा अवधि के अलावा किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई होगी। सभी परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी तथा फोटोस्टेट और साइबर कैफे की दुकानें बंद रहेंगी। अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को समय पर अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए पेयजल, विद्युत आपूर्ति, जनरेटर, लाउडस्पीकर, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था की गई है। मुख्य प्रवेश द्वार, फ्रिस्किंग प्वाइंट और परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी होगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जहां मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति रहेगी। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06324-212261 जारी किया गया है। जिले में कुल 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें नवादा शहर में 20, वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय में 4, हिसुआ प्रखंड मुख्यालय में 2 तथा रजौली अनुमंडल मुख्यालय में 7 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। इनमें प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, कन्या इंटर विद्यालय एवं गांधी इंटर विद्यालय, नवादा को आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर व रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, स्थापना उपसमाहर्ता, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केंद्राधीक्षक उपस्थित रहे।

# कलश शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखंड की बेलखुंडा पंचायत के जसत स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। कलश शोभायात्रा में 251 कलश लेकर महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं। इसके साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शोभायात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने लगभग पांच किलोमीटर की पैदल यात्रा तय कर बड़ी गुलनी मोड़ स्थित बाबा सुंदर दास की कुटिया के पास तालाब से जल भरा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से जल भरने के बाद सभी श्रद्धालु पुनः मंदिर परिसर पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा के दौरान रास्ते भर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर भक्ति गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं युवाओं ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। मंदिर परिसर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन से जुड़े समाजसेवी जयराम यादव, रणवीर केवट, रंजन केवट और योगेश्वर यादव ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से हर वर्ष महाशिवरात्रि पर यह अनुष्ठान आयोजित किया जाता है।

## एक नजर

### गिरजा सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन



**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। प्रखण्ड के गिरजा सरस्वती शिशु मंदिर कौआकोल में शनिवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव सह मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के माता-पिता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता-पिता को तिलक लगाकर व माला पहनाकर सम्मान किया।

उन्होंने माता-पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार ने लोगों के संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से समाज भटक रहा है। उन्होंने जोर दिया कि सनातन संस्कृति ही मानवता को सही मार्ग दिखा सकती है। उन्होंने लोगों से 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के बजाय मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में संस्कार और पारिवारिक मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने आगे कहा कि माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में नैतिक मूल्यों की स्थापना में सहायक होते हैं। मौके पर बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक अभिमन्यु कुमार, आरएसएस के जिला संघ चालक मन्नू जी राय, कौआकोल मुखिया नीभा कुमारी, विहिप के जिला मंत्री सुबोध लाल, कैलाश विश्वकर्मा, जितेंद्र प्रताप जीतू, युगल किशोर लाल, अवधेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### प्री-प्राइमरी स्तर पर बाल मेला का सफल आयोजन



**नारदीगंज (नवादा)/नबिटा संवाददाता**। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पसई में बिहार परियोजना एफएलएन के अंतर्गत शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र वार्षिक मेला, स्पोर्ट्स मीट व शिक्षक-अभिभावक संघ के अंतर्गत प्री-प्राइमरी स्तर पर बाल मेला का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर नवीन सिंह, कृष्ण कुमार, जनार्दन सिंह, जगदीश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर के किया गया। मेला अंतर्गत बच्चों के लिए विभिन्न रोचक एवं शिक्षाप्रद खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें बोरा रेस, पेंसिल-बोतल गेम, स्पून एंड बॉल रेस, दो विपरीत दिशा संतुलन खेल, हेड बैलेंस बाल गेम, लेग जाइन रेस, हैंगिंग स्वीट बैलेंसिंग गेम आदि शामिल रहे। बच्चों ने अत्यंत उत्साह और आनंद के साथ इन सभी गतिविधियों में भाग लिया। उसके बाद विजेता को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका बसंती देवी और सहायका रेखा देवी पिरामल फाउंडेशन से गांधी फेलो दीक्षा कुमारी उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीकांत आनंद, शिक्षक विश्वनाथ प्रसाद, संजय कुमार निराला, हर्ष भारती, राजीव रंजन कुमार, प्रमिला कुमारी, स्नेहलता आरती, और गांव के अभिभावको ने कार्यक्रम को सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

### जीविका के बीपीएम का निधन

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। कौआकोल प्रखण्ड जीविका कार्यालय के बीपीएम हलधर दास का शुक्रवार की देर रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष के थे तथा बांका जिला के कटोरिया के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार जीविका के बीपीएम हलधर दास मधुमेह रोग से पीड़ित थे। शुक्रवार की शाम उनका सुगर लेवल अचानक बढ़ गया। आनन फानन में उनके कार्यालय कर्मियों व स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति चिंताजनक थी। जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाया जाने लगा। परन्तु रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं उनके निधन की खबर के बाद कौआकोल प्रखण्ड में शोक की लहर दौड़ गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार, आरओ अनीश कुमार,बीपीआरओ शमा बानो, पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल सहित अन्य अधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों, जीविका कार्यालय के कर्मियों एवं जीविका दीदियों ने भी बीपीएम हलधर दास के निधन पर गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। लोगों ने कहा कि हलधर दास एक नेक दिल इंसान थे।

### जनता दरबार में सीओ ने भूमि विवाद का किया निपटारा

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। अंचल कार्यालय कौआकोल में शनिवार को भूमि विवाद के निपटारा को लेकर सीओ मनीष कुमार एवं कौआकोल थाना के पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि जनता दरबार में दो आवेदन प्राप्त हुए। जिसका दोनों पक्षों की मौजूदगी में निष्पादन कर दिया गया। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, अंचल कर्मी नीतीश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# कार से भारी मात्रा में शराब बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शनिवार की सुबह उत्पाद बलों ने एडवोकेट लोगो लगे एक लग्जरी वाहन के तहखाने में रखे हुए शराब की बृहद मात्रा को बरामद किया है। साथ ही एक शराब धंधेबाज सह वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब की कुल मात्रा 167.3 लीटर है।

उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि आगामी त्यौहार को लेकर जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों द्वारा किया जा रहा है। जांच टीम का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं।

शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे एक लग्जरी वाहन रिनॉल्ट डस्टर संख्या डब्लूबी02एएफ8066 को जांच हेतु रोका गया। जांच किए जाने पर कार के डिक्की एवं सीट में बने तहखाने से होली स्पेशल रॉयल स्टेज के 750 एमएल के 135 बोतल,ऑफिसर चॉइस के 192 टेट्रा पैक एवं ब्लेंडर्स प्राइड नामक के 750 एमएल वाले 42 बोतल शराब बरामद किया गया है। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के तकिया कला मोहल्ला निवासी अवध केवट के पुत्र श्याम कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक द्वारा बताया गया कि वह बरही से शराब लेकर अपने घर जा रहा था।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त लग्जरी कार व शराब के साथ गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार युवक से जरूरी पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। इस मौके पर उत्पाद बल के साथ गृह रक्षक के जवान मौजूद रहे।

# प्रजातंत्र चौक से सब्जी मंडी तक चला महासफाई अभियान, विक्रेताओं को कचरा पृथक्करण का पढ़ाया पाठ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नगर परिषद नवादा द्वारा 14 फरवरी को शहर के व्यस्ततम इलाके प्रजातंत्र चौक और सब्जी मंडी मार्ग पर एक व्यापक सफाई और जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य केवल सड़कों की सफाई करना ही नहीं, बल्कि स्थायी स्वच्छता के लिए व्यवहार परिवर्तन लाना था।

नगर परिषद की टीम ने सब्जी मंडी के विक्रेताओं और दुकानदारों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। उन्हें प्रोत्साहित किया गया कि वे अपनी दुकानों का कचरा सीधे सड़क पर न फेंकें और कचरा पृथक्करण की आदत डालें। विक्रेताओं को समझाया गया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखना शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए कितना अनिवार्य है। इस समग्र अभियान में मुख्य पार्षद पिंकी देवी, कार्यपालक पदाधिकारी सतेंद्र प्रसाद वर्मा और पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव ने विक्रेताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें स्वच्छता सर्वेक्षण में सहयोग देने की अपील की। मौके पर उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कैलास विश्वकर्मा, स्वच्छता पदाधिकारी शबीना परवीन, नगर प्रबंधक शशि प्रकाश ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और आम नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

# हथियार के साथ सेल्फी लेना पड़ा भारी, रजौली पुलिस ने चार युवकों को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियामारण बरवा के जंगलों में पुलिस की सक्रियता ने आर्म्स एक्ट के उल्लंघन का एक बड़ा मामला उजागर किया है। अपर थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम जब जंगलों में तलाशी अभियान चला रही थी, तभी टीम की नजर एक सुनसान झोपड़ी पर पड़ी जहां चार युवक सो रहे थे। संदेह होने पर जब पुलिस ने उनसे पूछताछ शुरू की और तकनीकी पड़ताल के तहत उनके मोबाइल फोन खंगाले, तो एक चौंकाने वाला सुराग हाथ लगा। मोबाइल की गैलरी में युवकों की एक मजल लोडिंग बंदूक के साथ खिंचवाई गई तस्वीरें मिलीं, जिसने पुलिस के शक को पुख्ता कर दिया। कड़ाई से की गई पूछताछ में युवकों ने अपना अपराध स्वीकार किया और उनकी ही निशानदेही पर पुलिस ने मौके से अवैध चार पीस मजल लोडिंग बंदूक बरामद कर ली। गिरफ्तार अभियुक्तों में स्थानीय बारा गांव के बेला डीह टोला निवासी विनोद पासवान का पुत्र वीरचंद कुमार, अशोक पासवान का पुत्र पंकज कुमार और कृष्णा पासवान का पुत्र विकास कुमार शामिल हैं, जबकि चौथा युवक गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के धुरयामा गांव का रहने वाला नाबालिग बताया जा रहा है।

# मानसिक रोगियों के लिए अंधरवारी में किया गया विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को रजौली प्रखंड के अंधरवारी ग्राम पंचायत स्थित सामुदायिक भवन परिसर में मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाओं तथा मेडिएशन 2.0 को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पीएलवी रामानुज कुमार, अंधरवारी ग्राम पंचायत के मुखिया तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डिफेंस काउंसिल उमेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं न्याय, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, गैर-सरकारी संगठन और कानूनी सहायता संस्थाओं को मिलकर ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करनी चाहिए, जो सुलभ, संवेदनशील और प्रभावी हों। उन्होंने आगे कहा कि विधिक जागरूकता, शिक्षा और कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन ही इन वर्गों के अधिकारों एवं कल्याण की रक्षा का मजबूत आधार है। मानसिक रूप से बीमार एवं दिव्यांग व्यक्ति अपनी असहाय स्थिति के कारण न्याय तक पहुंचने और उचित देखभाल प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हैं। ऐसे में उनकी गरिमा, अधिकारों की सुरक्षा और पुनर्वास में कानूनी सेवाओं की भूमिका बेहद अहम है। कार्यक्रम के दौरान मेडिएशन 2.0 अभियान पर भी विशेष चर्चा की गई। डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 90 दिवसीय मेडिएशन 2.0 अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को मध्यस्थता के माध्यम से सरल, त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि यह पहल न्यायालय की जटिल प्रक्रियाओं के स्थान पर संवाद और आपसी सहमति आधारित समाधान को बढ़ावा देती है, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा संभव हो सके। बताया गया कि इस अभियान के अंतर्गत पारिवारिक वाद, क्लेम वाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, सुलहनीय आपराधिक मामले, बंटवारा वाद, मकान मालिक–किरायेदार विवाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले सहित अन्य समझौतायोग्य मामलों को शामिल किया गया है। मध्यस्थता योग्य मामलों की पहचान कर पक्षकारों को नोटिस जारी किए जाएंगे तथा मामलों को प्रशिक्षित मध्यस्थों के सुपुर्द किया जाएगा, जहां संवाद के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान कराया जाएगा।

# 36 परीक्षा केंद्र, 45 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। मैट्रिक परीक्षा 2026 को स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर भवन, बिहारशरीफ में केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा ने की। बताया गया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 17 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में होगी। नालंदा जिले में कुल 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें बिहारशरीफ में 18, राजगीर में 9 और हिलसा में 9 केंद्र शामिल हैं। इनमें 15 केंद्र छात्राओं तथा 21 केंद्र छात्रों के लिए निर्धारित हैं। परीक्षा में कुल 45,324 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 22,666 छात्र और 22,658 छात्राएं हैं। अपर समाहर्ता ने सभी केंद्राधीक्षकों को समिति के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को जूता-मौजा पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रथम पाली में सुबह 9 बजे और द्वितीय पाली में अपराह्न 1:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने के लिए दंडाधिकारियों, उड़नदस्तों और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# ई-रिक्शा पलटने से अधेड़ व्यक्ति की मौत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। कतरीसराय थाना क्षेत्र के मायापुर गांव के पास शनिवार को हुए सड़क हादसे में ई-रिक्शा पलटने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बरबीघा थाना क्षेत्र के कोलहाड़ा गांव निवासी 52 वर्षीय बबन पासवान के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वे अपने बेटे और बहू के साथ राजगीर से श्रमजीवी एक्सप्रेस पकड़ने जा रहे थे। सड़क ब्रेकर के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। गंभीर रूप से घायल बबन पासवान को बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच जारी है।

# शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत विद्यार्थियों ने किया अवलोकन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कौआकोल। प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल के विद्यार्थियों ने शनिवार को शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड के कई धरोहरों का अवलोकन किया। प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक सुमन, रूपा, मुकेश, उदल,पवन आदि के मौजूदगी में विद्यार्थियों को प्रखण्ड के ऐतिहासिक सोखोदेवरा जेपी आश्रम के कृषि विज्ञान केंद्र, आईटीआई कौआकोल,बोलता पहाड़ आदि स्थानों का भ्रमण कराकर उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# बीईओ ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की दी सलाह




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार परियोजना एफएलएन के अंतर्गतउर्दू प्राथमिक विद्यालय इजहारचक शनिवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आंगनबाड़ी केंद्र वार्षिक मेला, स्पोर्ट्स मीट व शिक्षक-अभिभावक संघ के तत्वावधान में प्री-प्राइमरी स्तर पर 'बाल मेला' का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निशांत प्रियदर्शी व प्रधान शिक्षक राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर की। अभिभावक और छात्रों के बीच केक काट कर कार्यक्रम को शुरूवात किया। छात्रों को संबोधित करते हुए बीइओ निशांत प्रियदर्शी अभिभावकों और बच्चों को विशेष संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाइल स्क्रीन से दूर रखें और हर हाल में उनकी पढ़ाई सुनिश्चित करें। बीईओ ने आश्वासन दिया कि बच्चों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही, उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए नवोदय विद्यालय की प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर सीडीपीओ ज्योति सिन्हा प्रधान शिक्षक राजेश कुमार समीक्षा पाठक अशोक कुमार हिमांशु, जैद अहमद, नवीन कुमार निराला, ताबिश अहमद, ओंकार शर्मा, इमामुल इस्लामम, शैलेन्द्र कुमार, तूनेश्वर रविदास, छात्रा कासिफा एलिजा फरजान सहित अन्य शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित मामलों का निबटारा शीघ्र करने का डीएम ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में समाहरणालय प्रकोष्ठ में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बच्चों के छात्रवृत्ति को लंबित रखने से बच्चों की पठन-पाठन में कठिनाई होती है। डीएम ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि आपके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की मामला जहां भी 100 से अधिक पेंडिंग है, उन संबंधित विद्यालय एवं



महाविद्यालय के प्रधान अध्यापक/प्रिंसिपल से स्पष्टीकरण पूछें साथ ही संतोषजनक प्रगति नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध करवायें। किसी भी हाल में बच्चों की छात्रवृत्ति लंबित नहीं रखी जानी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि जिस समय बच्चे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते हैं, इस दौरान सेम टाइम में उन आवेदनों को निपटारा किया जाना है। विद्यालय एवं महाविद्यालय के स्तर से उन आवेदनों को कमेटी लेवल अर्थात प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से सत्यापित होते हुए जिला शिक्षा कार्यालय को भिजवाएं जिसके पश्चात उप विकास आयुक्त के अध्यक्षता में उन सभी छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा होती है इसके पश्चात बच्चों को छात्रवृत्ति दी जानी होती है। वैसे कॉलेज विद्यालय जहां पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से संबंधित 100 से अधिक आवेदन लंबित है उन विद्यालय का नाम निम्न है- गया कॉलेज गया, एसएमएसजी कॉलेज शेरघाटी, मगध विश्वविद्यालय, गया कॉलेज गया, केपीएस कॉलेज, एमएसवाई कॉलेज, एसएसवाई कॉलेज, संजय गांधी महिला कॉलेज, केदारनाथ हाई स्कूल तरवा, जग्गू लाल हाई स्कूल कुजापी, चंद्रशेखर हाई स्कूल, प्रोजेक्ट कन्या हाई स्कूल कोच, जगजीवन कॉलेज, एसएनएस कॉलेज टिकारी शामिल है। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि इन संबंधित विद्यालय महाविद्यालयों से स्पष्टीकरण पूछते हुए लंबित छात्रवृत्ति के आवेदनों को तेजी से समाधान करवाये। इसके पश्चात गया जिले में डिग्री कॉलेज निर्माण की समीक्षा में जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध करवाये ताकि डिग्री कॉलेज चालू कराया जा सके।

# सात निश्चय पार्ट 3 में सरकार का पहला लक्ष्य युवाओं को दोगुना रोजगार : डॉ. प्रेम कुमार

## नियोजन के लिए 1283 युवाओं का प्रथम स्तर पर चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए हरसंभव कार्य कर रही है ताकि आनेवाले समय में बिहार के युवाओं को राज्य के बाहर न जाना पड़े। ये बातें शनिवार को बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राजकीय पॉलिटेक्निक मैदान, केन्दुई में आयोजित युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय नियोजन मेला में कहीं। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास की नई दिशा में 'सात निश्चय- पार्ट 3' की परिकल्पना की गई है। यह योजना वर्ष 2025 से 2030 तक राज्य को आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक रूप से सशक्त बनाने का व्यापक खाका प्रस्तुत करती है। इसका पहला लक्ष्य है दोगुना रोजगार और दोगुनी आय। इस दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है युवा, रोजगार एवं कौशल



विकास विभाग का गठन। युवा कुशल और आत्मनिर्भर बनेंगे तो राज्य की प्रगति निश्चित है। ऐसे में रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के नियोजन मेला, जॉब कैम्प, टूल किट, स्टडी किट आदि से युवा भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने नियोजन मेला में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। इसके पहले नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस नियोजन मेला का विस अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, संयुक्त निदेशक (नियोजन) मगध प्रमंडल, सहायक निदेशक (नियोजन), नियोजन अधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। सहायक निदेशक (नियोजन) रजिया इदरीसी ने स्वागत भाषण दिया। संयुक्त निदेशक (नियोजन) व सहायक निदेशक (नियोजन) ने योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एनसीएस पोर्टल पर निबंधन की प्रक्रिया दिव्यांगजनों के लिए रोजगार आदि के बारे में बताया गया जबकि उपश्रमायुक्त विनोद प्रसाद, प्रबंधक डीआरसीसी सत्येन्द्र कुमार, निदेशक जन शिक्षण संस्थान बलिराम कुमार आदि थे। मेले में अलग-अलग क्षेत्र के 30 नियोजकों ने भाग लिया जिन्हें 2493 बायोडॉटा मिले। इनमें 1283 युवाओं का प्रथम स्तर पर चयन किया गया। 3 को विस अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र दिए।

# निशांत कुमार ने विष्णुपद मंदिर में की विशेष पूजा, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार शनिवार को गया पहुंचे जहां जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-बाजे के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान निशांत कुमार शहर के प्रसिद्ध सीताकुंड पिंडवेदी और विष्णुपद मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने धार्मिक विधि-विधान के अनुसार मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना की। स्थानीय पंडा द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-पाठ कराया गया। मंदिर से बाहर आने के बाद



निशांत कुमार ने कहा कि वे पहली बार विष्णुपद मंदिर आए हैं और यहां आकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि यह मंदिर पौराणिक कथाओं से जुड़ा हुआ है, इसका ऐतिहासिक महत्व है और यह तीर्थ से जुड़ा हुआ स्थल है जहां आकर उन्हें विशेष अनुभूति हुई।

# पियक्कड़ गिरफ्तार

**कोंच (गया) (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम मीठापुर में शराब के नशे में हल्ला-हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नरेश यादव (पिता स्व. कृष्णा यादव), निवासी ग्राम अंग्रेला, थाना-चंदौती, जिला-गया के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी मीठापुर गांव में शराब पीकर उत्पात मचा रहा था जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर आंती थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। इस संबंध में आंती थाना कांड संख्या 17/26 दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

# कार्य निरीक्षण के दौरान मुखिया पर हमला, चार नामजद, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड क्षेत्र की श्रीगांव पंचायत की मुखिया कलावती कुमारी ने कोंच थाना में आवेदन देकर कार्य निरीक्षण के दौरान मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार 11 फरवरी 2026 को वह गांव में चल रहे गली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रही थीं। इसी दौरान गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और कार्य रुकवाने का प्रयास करते हुए मुआवजे की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके पति के साथ मारपीट की तथा गला दबाने की कोशिश की। बीच-बचाव करने पर मुखिया के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। मुखिया ने शनिवार को कहा कि जब जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो विकास कार्य कैसे संभव होंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि कांड संख्या 33/26 दर्ज कर अवधेश प्रसाद, मालती देवी, नितुन कुमार एवं नीतीश कुमार को नामजद किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने दी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को समस्त प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व शिवभक्तों के लिए असीम श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है तथा आत्मा की शुद्धि और ऊर्जा के जागरण का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जीवन में शिवत्व अर्थात धैर्य, सत्य और संतुलन को आत्मसात करने की प्रेरणा देती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान शिव और मां



पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि शिवपुराण में इस दिन शिवलिंग के अभिषेक और पूजा का विशेष महत्व बताया गया है जो श्रद्धालुओं को आस्था और साधना के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# यूजीसी नेट (समाजशास्त्र) में राष्ट्रीय एथलीट गौतम शर्मा सफल

## 98.89 परसेंटाइल से बढ़ाया क्षेत्र का मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के ददरेजी निवासी किसान रामदुलार शर्मा के पुत्र एवं राष्ट्रीय एथलीट गौतम कुमार शर्मा ने यूजीसी नेट परीक्षा (समाजशास्त्र) में 98.89 परसेंटाइल के साथ सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। उन्होंने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और इससे पूर्व शारीरिक शिक्षा विषय से भी यूजीसी नेट उत्तीर्ण कर चुके हैं। गया कॉलेज के पी.टी.आई. अंजनी कुमार ने बताया कि गौतम बचपन से ही अनुशासित और परिश्रमी रहे हैं। उन्होंने सीडीएस एवं एएफकैट की लिखित



परीक्षाएं भी उत्तीर्ण की हैं। वर्तमान में वे बीपीएससी द्वारा चयनित शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। एथलेटिक्स कोच कुणाल किशोर ने बताया कि गौतम को पद्मश्री मिल्खा सिंह जैसे महान धावक से प्रशिक्षण का अवसर मिला है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

# शिक्षा का आधारभूत ढांचा मजबूत करना पहली प्राथमिकता : एमएलसी जीवन कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और छात्रों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए शनिवार को बिहार विधान परिषद के सदस्य (शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र) जीवन कुमार ने वजीरगंज प्रखंड स्थित श्री रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जीवन कुमार ने कहा कि विद्यालय केवल ईंट-गारे की इमारत नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का केंद्र होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावान छात्रों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें तराशने के लिए अनुकूल माहौल और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की है। नवनिर्मित भवन से



छात्रों को अध्ययन का बेहतर वातावरण मिलेगा जो उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायक बनेगा। उन्होंने विद्यालय परिवार को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में सहयोग निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत पुरोहित धर्मदेव पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ हुई, इसके बाद शिलापट्ट का अनावरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नेता रवीन्द्र शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमर शंकर उर्फ काका तथा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरनाथ सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों को शनिवार को श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय जनता पार्टी नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि उस कायराना हमले में हमारे देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। यह हमला पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किया गया था जिसने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया। इस अमानवीय कृत्य में शहीद हुए जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूरा राष्ट्र उनके साथ है और उनके बलिदान को कभी व्यर्थ नहीं जाने देगा।



इस मौके पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि भारत की सेना का मनोबल अटूट है और आतंकवादियों को उनके कुकर्मों का करारा जवाब मिलता रहेगा। इस मौके पर संतोष ठाकुर राणा, रंजीत सिंह, विजय प्रसाद गुप्ता उर्फ काला नाग, मिराज अहमद, वेद व्यास पांडे, गोपाल प्रसाद यादव, राजू मिश्रा, डॉ अशोक, संतोष कुमार, श्याम किशोर मिश्रा, धीरज कुमार, आकाश कुमार, मंटू कुमार, महेश यादव, बबलू गुप्ता आदि ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

# जनवितरण विक्रेता को जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** शनिवार को गुरारू पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वर्षों से वांछित तीन फरार इश्तेहार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा गुरारू थाना क्षेत्र के बरोरह गांव निवासी सह बरोरह पंचायत के जन वितरण विक्रेता परमानंद प्रसाद (पीडीएस दुकानदार)को जेल भेज दिया। गौरतलब है कि न्यायालय से परमानंद प्रसाद सहित कोंची गांव निवासी नन्हक मांझी के पुत्र पुटन मांझी, रतन मांझी के पुत्र नन्हक मांझी के विरूद्ध इश्तेहार वारंट जारी किया गया था जिस पर कार्रवाई करते हुए गुरारू थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार द्वारा तीनों वांछितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायालय द्वारा दो व्यक्तियों पुटन मांझी एवं नन्हक मांझी को जमानत देकर जनवितरण दुकानदार परमानंद प्रसाद को जेल भेज दिया। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष द्वारा दिया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं. एस.जी.–डी.एस.ई.–ओ.टी.–04–26. वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : प्रोविजन ऑफ आरडीएसओ अप्रूवड मेक फायर अलार्म सिस्टम फॉर 30 स्टेशन्स ऑफ डीडीयू डीविजन। 2. कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹3,39,31,790.34/– (तीन करोड़ उन्चालीस लाख एकतीस हजार सात सौ नब्बे रूपये एवं चौंतीस पैसे मात्र)। 3. धरोहर राशि : ₹3,19,700/– (तीन लाख उन्नीस हजार सात सौ रूपये मात्र)। 4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2026 को 12:30 तक। 5. वेबसाइट का पता जहां से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in

म.सं. एवं दू.सं. अभि./
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1782/डीडीयू/सि./टी/25–26/28


# शेरघाटी में गूंजा 'अमर रहे' का स्वर, पुलवामा शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शुक्रवार को शहर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला जब 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों एवं थानाध्यक्ष ने दीप और कैंडिल जलाकर वीर सपूतों को नमन किया।



ज्ञात हो कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले ने पूरे देश को शोक और आक्रोश से भर दिया था। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी वीरगाथाओं को याद किया। शिक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि सैनिक कभी मरते नहीं, बल्कि शहीद होते हैं और उनका बलिदान राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर सदैव जीवित रहता है। वहीं शेरघाटी के थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के प्रति पूरा राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सैनिक अमित कुमार, संतोष कुमार, गुड्डु कुमार, बबन पासवान, अनिल कुमार, अभिषेक कुमार, रविरंजन कुमार, गोलू कुमार, प्रिंस कुमार और राहुल विकास कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने और राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# नाला निर्माण में अनियमितता बरते जाने का स्थानीय लोगों ने लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सड़क निर्माण में अनियमितता इस कदर बरती जा रही है कि संवेदक द्वारा पीसीसी सड़क के ऊपर घटिया गुणवत्ता वाली जीएसबी बिछा ढलाई कर दी जा रही है। उक्त निर्माण शहर के बस स्टैंड से विवेकानंद कॉलोनी जाने वाली सड़क का है। बुडको से निर्मित होने वाली सड़क व नाला में संवेदक द्वारा अनियमितता बरते जाने का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना के तहत नाला निर्माण किया गया जिसका ढक्कन निर्माण के दौरान ही महज एक वाहन के आने से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं अब सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पूर्व में पीसीसी सड़क बनी थी। बस स्टैंड के समीप सड़क को तोड़कर जीएसबी से लेबल कर सड़क की ढलाई की गई, लेकिन उसके बाद की सड़क पर संवेदक द्वारा ऐसे ही जीएसबी मजदूरों द्वारा बिछवा कर ढलाई कराई जा रही है। निर्माण कार्य के इस तरीके का विरोध करने पर संवेदक द्वारा इसी तरह निर्माण करने की बात कही गई। जानकारों का कहना है कि सड़क बिना तोड़े जीएसबी बिछा कर ढलाई करने से सड़क ज्यादा दिन तक टिकाऊ नहीं रहेगा। इस संबंध में रणजीत कुमार के नाम के व्यक्ति ने अपने आप को संवेदक बताते हुए कहा कि सड़क निर्माण का इस्टीमेट इसी प्रकार से है। इस्टीमेट की मांग करने पर दिखाने से इंकार कर दिया गया। वहीं इस सम्बंध में बुडको के जेई धर्मेंद्र वर्मा से कई बार दूरभाष से सम्पर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कॉल नहीं रिसीव किया गया। बुडको के सिविल एसडीओ ने दूरभाष पर बताया कि इस्टीमेट का ऑब्जर्वेशन किया जाएगा। उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट की जाएगी। स्थानीय लोगों द्वारा मामले की शिकायत जिलाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी से भी की गई है। सड़क तोड़कर पुनः सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करने की मांग की गई है।

# शेरघाटी में पशु तस्करी की आशंका, पिकअप वैन जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के नई बाजार इलाके में शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में पशुओं से भरी एक पिकअप वैन पकड़े जाने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया। मामले में चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय युवाओं ने एक संदिग्ध वाहन की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप वैन की तलाशी ली। वाहन में बड़ी संख्या में पशु भरे हुए पाए गए। शिकायतकर्ता पंकज कुमार ने आरोप लगाया कि पशुओं को अवैध तरीके से दूसरे स्थान पर ले जाया जा



रहा था। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चालक मोहम्मद कुरैशी, निवासी इमामगंज विश्रामपुर से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि पशुओं को कहां से लाया गया और किस स्थान पर ले जाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि पशु परिवहन से संबंधित सभी कागजातों की जांच की जा रही है। यदि दस्तावेजों में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जब्त पिकअप वैन को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है जबकि पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए बोधगया स्थित गौशाला भेज दिया गया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./टेली/2026/1 दानापुर, दिनांक 11.02.2026. भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :–

1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर मंडल के अंतर्गत आने वाले बीएक्सआर, डीएनआर, जेएजे और जेडएनए (अतिरिक्त पीएफ पर सीआईबी) तथा पीपीटीए, बीटीए, कू, डयूरे, एचटीजेड और ब्राय स्टेशन पर सीजीएस, टीआईबी, पीए सिस्टम आदि जैसी एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का प्रावधान के संबंध में कार्य। 2. अनुमानित लागत : ₹87497792.15, 3. बयाना राशि : ₹587500.00, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2026 को 15.00 बजे तक। 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2026 को 15.30 बजे। 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in. 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि./
पूमरे/दानापुर

पीआर/1784/डीएनआर/सि./टी/25–26/36

संपादकीय

# स्पीकर के प्रति अविश्वास !

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के 118 सांसदों द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव के पारित होने की कोई संभावना नहीं है, परंतु यह आसंदी के प्रति विपक्ष के अविश्वास और सत्ता तथा प्रतिपक्ष के बिगड़ते रिश्तों का परिचायक जरूर है। अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा होनी है। तब तक स्पीकर ओम बिरला ने आसंदी पर न बैठने का निर्णय किया है, जो उचित ही है। 118 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर से युक्त यह नोटिस विगत मंगलवार को लोकसभा के महासचिव को सौंपा गया। सरकार के लिए राहत की बात इतनी है कि अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर भी विपक्ष एकजुट नहीं है। उधर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के अनुसार स्पीकर को हटाने के लिए यह नोटिस संविधान के अनुच्छेद 94-सी के तहत लोकसभा सचिवालय को दिया गया है। जिसमें स्पीकर पर खुलेआम पक्षपात का आरोप है। नोटिस के मुताबिक स्पीकर ने विपक्ष के आठ सांसदों को मनमाने ढंग से निलंबित कर दिया है। उन्हें केवल लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए दंडित किया जा रहा है। कई मौकों पर विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने की अनुमति ही नहीं दी गई, जबकि यह उनका मौलिक अधिकार है। विपक्ष का यह भी आरोप है कि स्पीकर लोकसभा के नियमों के संरक्षक हैं, जिन पर संसदीय गरिमा को बनाए रखने की जिम्मेदारी है, लेकिन उन्होंने ही सदन में ऐसा बयान दिया, जो एक तरह से सांवैधानिक पद का अपमान है। इस नोटिस पर हस्ताक्षर करने वाले सांसदों में कांग्रेस, डीएमके, सपा के सांसद शामिल हैं। लेकिन नेता प्रतिपक्ष के नाते राहुल गांधी के हस्ताक्षर नोटिस पर नहीं हैं। इस बीच स्पीकर बिरला ने विपक्ष के नोटिस पर लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया है कि वे नोटिस की जांच करें और उस पर आगे उचित कार्यवाही करें। नियमों के तहत इस नोटिस की जांच की जाएगी। लोकसभा में विवाद की शुरूआत राहुल गांधी को स्पीकर द्वारा बोलने के अनुमति नहीं दिए जाने से हुई थी। स्पीकर का कहना था कि राहुल विषय पर बोलें। जहां तक स्पीकर को हटाने की बात है तो इसकी लंबी संवैधानिक प्रक्रिया है। भारतीय संविधान में लोकसभा स्पीकर (अध्यक्ष) को अनुच्छेद 94(सी) के तहत अविश्वास प्रस्ताव के जरिए हटाया जा सकता है। इसके लिए 14 दिन पूर्व लिखित नोटिस देना जरूरी है। ऐसे किसी भी प्रस्ताव के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी है। जब सदन में इस पर चर्चा हो तब स्पीकर सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते। लेकिन सदन में स्पीकर को हटाने के लिए सदन में कम से कम 272 वोटों की जरूरत होगी। चाहे सदन में कितने ही सांसद मौजूद अथवा गैरमौजूद हों। अगर लोकसभा में यह प्रस्ताव बहुमत से पारित हो जाता है, तो स्पीकर को तत्काल प्रभाव से पद छोड़ना पड़ता है। इसके साथ ही सदन को नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करनी होती है। हालांकि विपक्ष का यह अविश्वास प्रस्ताव पारित होने की कोई संभावना इसलिए नहीं है, क्योंकि उसके पास सांसदों की जरूरी संख्या नहीं है। देश में पहले भी तीन बार इसी तरह स्पीकर को हटाने की कोशिश हो चुकी है, लेकिन नाकाम रही। बावजूद इसके स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को वास्तव में सरकार के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि सरकार दूसरे रास्ते से कोशिश कर रही है कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव वापस ले ले और सदन में इस पर चर्चा की नौबत ही न आए। और सरकार की साख भी बची रहे। लेकिन ऐसा होगा या नहीं, यह देखने की बात है। क्योंकि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच लगभग संवादहीनता की स्थिति है।

# तेल की राजनीति और भारत की स्वायत्तता

**वैश्विक राजनीति के बदलते परिदृश्य में भारत की ऊर्जा नीति केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वायत्तता की परीक्षा बन गई है। रूस से तेल आयात और अमेरिका के दबाव के बीच भारत जिस संतुलन की राह चुन रहा है, वह उसकी विदेश नीति, आर्थिक भविष्य और वैश्विक पहचान को नई दिशा देता है। यहां प्रश्न यह है कि भारत को पश्चिमी देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप अपनी नीति बदलनी चाहिए या अपनी स्वतंत्र ऊर्जा रणनीति पर दृढ़ रहना चाहिए, केवल आर्थिक निर्णय का मामला नहीं है, बल्कि यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, आर्थिक प्राथमिकताओं और बदलती वैश्विक व्यवस्था में उसकी भूमिका से जुड़ा हुआ गहन मुद्दा है। यह बहस केवल तेल तक सीमित नहीं है, यह भारत की विदेश नीति, राष्ट्रीय हित और वैश्विक शक्ति संतुलन में उसकी स्थिति का प्रतीक बन चुकी है।**

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



अगर हम ध्यान दें तो कुछ वर्षों में रूस भारत के प्रमुख कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं में से एक बन गया है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस ने अपने तेल को भारी छूट पर बेचना शुरू किया, जिससे भारत जैसे देशों को सस्ता तेल उपलब्ध हुआ। भारत, जो अपनी कुल तेल आवश्यकता का 80 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, के लिए ऊर्जा सुरक्षा और किफायती कीमतें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। रूस से सस्ते तेल की खरीद ने भारत को घरेलू ईंधन कीमतों को नियंत्रित करने, मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने और आर्थिक विकास को स्थिर बनाए रखने में सहायता की है। नई दिल्ली के दृष्टिकोण से ऊर्जा खरीद कोई राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित से प्रेरित एक व्यावहारिक आर्थिक निर्णय है।

किन्तु भारत की यह व्यावहारिक नीति अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को स्वीकार्य नहीं है। अमेरिका रूस को आर्थिक और कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने की नीति पर कार्य कर रहा है और चाहता है कि भारत भी रूसी तेल पर अपनी निर्भरता कम करे। वाशिंगटन की यह अपेक्षा व्यापक पश्चिमी रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य रूस के विरुद्ध एकजुट वैश्विक मोर्चा बनाना है। लेकिन भारत की स्थिति नाटो देशों से मूलतः भिन्न है। यूरोप के विपरीत भारत ने ऐतिहासिक रूप से विविध विदेश नीति अपनाई है और किसी भी कठोर भू-राजनीतिक गुट का हिस्सा बनने से परहेज किया है। भारत की विदेश नीति की आधारशिला रणनीतिक स्वायत्तता रही है, जो उसे विभिन्न शक्ति केंद्रों के साथ संबंध बनाए रखने की स्वतंत्रता देती है।

भारत पर दबाव केवल नैतिक या राजनीतिक तर्कों तक सीमित नहीं है, इसके आर्थिक और रणनीतिक पहलू भी हैं। अमेरिका ने संकेत दिया है कि यदि भारत रूसी तेल पर अत्यधिक निर्भरता बनाए रखता है तो व्यापारिक परिणाम सामने आ सकते हैं। साथ ही, अमेरिका भारत को मध्य पूर्व, अमेरिका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों से तेल आयात बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। यद्यपि स्रोतों का विविधीकरण दीर्घकालिक दृष्टि से उचित रणनीति है, परंतु यह न तो सरल है और न ही कम खर्चीला। वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं से तेल अक्सर महंगा होता है, और परिवहन लागत तथा रिफाइनरी अनुकूलता जैसी तकनीकी चुनौतियाँ भी इस प्रक्रिया को जटिल बना देती हैं। विकासशील अर्थव्यवस्था वाले भारत के लिए अचानक महंगे ऊर्जा स्रोतों की ओर झुकाव आर्थिक विकास, वित्तीय स्थिरता और सामाजिक कल्याण पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

कुछ वर्षों की बात करें तो भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दशकों में उल्लेखनीय रूप से मजबूत हुए हैं। रक्षा सहयोग, प्रौद्योगिकी साझेदारी, व्यापार, निवेश और चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर साझा चिंताएँ, ये सभी भारत-अमेरिका संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। अमेरिका भारत को इंडो-पैसिफिक रणनीति में एक प्रमुख साझेदार के रूप में देखता है, जबकि भारत को अमेरिका से उन्नत तकनीक, निवेश और रणनीतिक समर्थन प्राप्त होता है। यह पारस्परिक निर्भरता भारत के लिए एक जटिल संतुलन की स्थिति पैदा करती है, जहाँ उसे अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत भी करना है और अपनी स्वतंत्र नीति क्षमता को भी बनाए रखना है, साथ ही रूस जैसे पुराने सहयोगियों से दूरी भी नहीं बनानी है। भारत की विदेश नीति में रूस का स्थान ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। रक्षा, परमाणु ऊर्जा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समर्थन के क्षेत्र में रूस भारत का विश्वसनीय सहयोगी रहा है। आज भी भारत की सैन्य तकनीक और हथियार प्रणालियों का बड़ा हिस्सा रूसी मूल का है, जिससे रूस से अचानक दूरी बनाना न केवल कठिन बल्कि रणनीतिक रूप से जोखिमपूर्ण भी है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक अनिश्चितताओं के समय रूस द्वारा सस्ते तेल की आपूर्ति ने भारत और रूस के आर्थिक संबंधों को और मजबूत किया है। भारत के लिए रूस के साथ संबंध बनाए रखना भावनात्मक कारणों से नहीं, बल्कि ठोस रणनीतिक गणनाओं से जुड़ा हुआ है।

वैश्विक परिदृश्य भी इस मुद्दे को और जटिल बना देता है। दुनिया धीरे-धीरे एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, जहाँ कोई एक शक्ति अकेले नियम तय नहीं कर सकती। भारत, ब्राज़ील और इंडोनेशिया जैसे उभरते देश अपनी नीतियों को वैचारिक दबाव के बजाय राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय करने का अधिकार तेजी से स्थापित कर रहे हैं। ऐसे माहौल में भारत द्वारा पश्चिमी निर्देशों का अंधानुकरण न करना उसकी संप्रभु शक्ति बनने की आकांक्षा का प्रतीक माना जा सकता है। यह भारत के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें वह किसी भी महाशक्ति का अधीन सहयोगी बनने के बजाय स्वतंत्र वैश्विक अभिनेता बनना चाहता है।

फिर भी भारत वैश्विक शक्ति राजनीति की वास्तविकताओं से आंखें नहीं मूंद सकता। पश्चिमी अपेक्षाओं की अत्यधिक अवहेलना से आर्थिक या कूटनीतिक नुकसान हो सकता है, जबकि अत्यधिक अनुपालन भारत की स्वतंत्र पहचान को कमजोर कर सकता है। चुनौती यह है कि भारत ऐसी संतुलित रणनीति विकसित करे, जो ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करे, आर्थिक विकास को बनाए रखे और सभी प्रमुख शक्तियों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखे। इसके लिए केवल कूटनीतिक कौशल ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधार भी आवश्यक हैं, जैसे नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश, घरेलू ऊर्जा उत्पादन, और आधुनिक बुनियादी ढाँचे का विकास।

भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ती पहल इस दुविधा से निकलने का एक संभावित मार्ग प्रस्तुत करती है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश भारत की ऊर्जा संरचना को धीरे-धीरे बदल रहा है। आयातित जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करके भारत भविष्य में बाहरी दबावों से स्वयं को अधिक सुरक्षित बना सकता है। हालांकि, हरित अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जो तत्काल रूप से कच्चे तेल की आवश्यकता को समाप्त नहीं कर सकती। उद्योग, परिवहन और आर्थिक गतिविधियों में तेल की भूमिका अभी भी अपरिहार्य बनी हुई है। रूस से तेल आयात और अमेरिका के दबाव के बीच भारत की स्थिति एक व्यापक प्रश्न का प्रतीक है, एक उभरती हुई शक्ति को वैश्विक राजनीति की प्रतिस्पर्धी मांगों के बीच अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कैसे करनी चाहिए। इस चुनौती के प्रति भारत की प्रतिक्रिया न केवल उसकी ऊर्जा नीति को आकार देगी, बल्कि वैश्विक मंच पर उसकी पहचान को भी निर्धारित करेगी। व्यावहारिकता और सिद्धांत, स्वायत्तता और सहयोग के बीच संतुलन बनाकर भारत यह सिद्ध कर सकता है कि रणनीतिक स्वतंत्रता वैश्विक साझेदारी के लिए बाधा नहीं, बल्कि समानता और सम्मान पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संबंधों की आधारशिला है। रूसी तेल पर भारत का रुख वैचारिक हठधर्मिता नहीं, बल्कि आर्थिक आवश्यकताओं और भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का तार्किक मूल्यांकन है। अमेरिका भले ही भविष्य में दबाव बढ़ाता रहे, परंतु भारत की सर्वोच्च जिम्मेदारी अपने नागरिकों और अर्थव्यवस्था के प्रति है। आगे का मार्ग किसी एक पक्ष को चुनने में नहीं, बल्कि अपनी स्वतंत्र निर्णय क्षमता को मजबूत करने में निहित है। वैश्विक रूप से परस्पर जुड़े संसार में स्वतंत्र विकल्प चुनने की क्षमता ही किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होती है।

अध्यात्म

## चुनौतियों का सामना करो



रामू नाम का एक धोबी था। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। बहुत ही मुश्किल से उसके घर का गुजर-बसर हो रहा था। उसके परिवार में उसकी पत्नी तथा एक बच्चा रहते थे। बच्चे का नाम सुरेश था। सुरेश अपने घर की स्थिति को देख चिंतित रहता था। वह अपने घर के हालात को बदलना चाहता था। लेकिन उसे कुछ सुझाई नहीं दे रहा था कि वह अपने घर की स्थिति कैसे बदले। एक दिन सुरेश कुछ बच्चों को देखा जोकि स्कूल जा रहे थे। उन्हें देख वह भी अपने माता-पिता से स्कूल जाने की जिद करने लगा। उसके माता-पिता ने कहा, 'बेटा हमारी हैसियत इतनी नहीं हैं कि हम तुम्हें पढ़ा सके।' तुम्हें पढ़ने के लिए हमारे पास पैसे नहीं हैं। सुरेश स्कूल जाने के लिए कोई न कोई साधन निकलने की कोशिश करने लगा। उसने अपने रिस्तेदारों से मदद मांगी, लेकिन उन्होंने ज्यादा खर्च बता कर मना कर दिया। सुरेश ने फिर भी हार नहीं मानी उसने अपने गाँव के मुखिया से मदद मांगी। लेकिन मुखिया जी कहा, बेटा थोड़ा बहुत आपकी मदद कर सकता हूँ। लेकिन पूरे साल की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं कर सकता। सुरेश ने अपने पिता के काम में हाँथ बटाना शुरू कर दिया, जिससे उसके पिता की आमदनी थोड़ी बहुत बढ़ गई। उसकी लगन देख उसके पिता ने किसी तरह उसका दाखिला स्कूल में करवा दिया। अब सुरेश के सपनों को पंख मिल चुके थे। उसने पूरी मेहनत से पढ़ाई शुरू कर दी। देखते-देखते उसे कई और रास्ते मिलते गए, जोकि उसकी पढ़ाई में मदद करने लगे। इस तरह से सुरेश एक दिन अपनी पढ़ाई पूरी कर अध्यापक बना। उसने गरीब बच्चों को फ्री में शिक्षा देना शुरू कर दिया। जिससे उसके प्रति लोगों का सम्मान और अधिक बढ़ गया। क्योंकि वह बहुत संघर्ष के बाद ही सफलता प्राप्त की थी।

**सीखः** चुनौतियों से हमें पीछे नहीं भागना चाहिए बल्कि आगे उसका बढ़कर सामना करना चाहिए।

# ट्रंप के लिये दुश्वार नहीं 'ऑपरेशन - ग्रीनलैंड'

**ट्रंप के तल्ख तेवरों का पता इससे चलता है कि वह ग्रीनलैंड को बर्फ का छोटा, ठंडा और दुर्गम टुकड़ा बताते हुये कहते हैं कि डेन्मार्क अहसान फरामोश है। अमेरिका ने बीते दशकों में उसे जितना दिया है, उसके मुकाबले यह मांग तुच्छ है। उन्होंने कहा कि- 'मैं योरोप से प्रेम करता हूँ और उसका भला चाहता हूं, लेकिन वह सही दिशा में नहीं जा रहा है।' बहरहाल, अब सबकी निगाहें डेन्मार्क के विदेशमंत्री लार्स लोके रासमुसेन की अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेशमंत्री रूबियो से वाशिंगटन में प्रस्तावित वार्ता पर हैं, लेकिन ट्रंप की ज़िद और सनक के चलते कोई नतीजा निकलने की संभावना नगण्य है। इस बीच अलास्का की सीनेटर लिसा मुर्कोव्स्की ने न्यू हैंपशायर की डेमाक्रेट-साथी जीन शाहीन के साथ सीनेट में एक बिल पेश किया है, जिसका मकसद किसी दूसरे नाटो सदस्य के इलाके पर एकतरफा कब्जे पर रोक लगाना है।**

डॉ. सुधीर सक्सेना

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के निर्लज्ज और दुस्साहसिक अपहरण तथा अनापशनाप टैरिफ के जरिये अनेक मुल्कों की मुश्कें कसने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हौसले बुलंद हैं और वह किसी भी कीमत पर ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं। बुधवार को स्विट्जरलैंड में आल्प्स की सुरम्य पहाड़ियों में स्थित दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्लूईएफ) के सम्मेलन में उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि अमेरिका ग्रीनलैण्ड को लेकर रहेगा, क्योंकि सिर्फ अमेरिका ही उसकी हिफाजत कर सकता है। उन्हें ग्रीनलैंड पट्टे पर नहीं चाहिये, वरन उसका अधिकार, सनद और स्वामित्व भी चाहिये। यदि डेन्मार्क ने 'नहीं' कहा तो वह इसे याद रखेंगे। स्पष्ट है कि ट्रंप उत्तरी गोलार्द्ध में आर्कटिक क्षेत्र में स्थित इस हिमाच्छादित अल्प-स्वायत्त डेनिश भूखंड को बज़िद हासिल करना चाहते हैं और अपना मंसूबा पूरा करने के लिये वह कोई कोर कसर नहीं उठा रखेंगे।

पूरे योरोपीय यूनियन के आधे से अधिक साइज़ का ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा हिमानी द्वीप है। भारत उससे आकार में सिर्फ डेढ़ गुना बड़ा है, लेकिन ग्रीनलैंड की कुल आबादी 57 हजार है। देश का 80 फीसद इलाका 30 लाख वर्ष पूर्व निर्मित बर्फ की चादर से ढँका हुआ है। देश की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी पाँच नगरों में रहती है। राजधानी नुक की आबादी करीब 20 हजार है। सिसिमियुट में 5485, इलुलिसैट की 5087, कार्कोताक की 3069 और आसियात की 2992 है। जाहिर है कि भारत के छोटे-छोटे कस्बों की आबादी भी इनसे ज्यादा है। यहाँ ग्रीष्म में 24 घंटे सूर्य अस्त नहीं होता, वहीं शीत में चौबीसों घंटे सूर्योदय नहीं होता। आर्कटिक रेखा आठ देशों- कनाडा डेन्मार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नार्वे, रूस, स्वीडन और अमेरिका (अलास्का) के हिस्सों से होकर गुजरती है। इसका उत्तरी क्षेत्र आर्कटिक कहलाता है। इस सर्कल में बर्फ का पिघलना जलवायु-परिवर्तन के मान से मानीखेज है। ग्रीनलैंड में बर्फ की चादर लगातार 29वें साल सिकुड़ी है। ग्रीनलैंड की आइसशीट प्रतिवर्ष 140 बिलियन टन हिम गंवा रही है। अनुमान है कि इससे अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिये नार्थ-वेस्ट पैसेज बनेगा। अमेरिका की दिलचस्पी का यह एक बड़ा कारण है, दूसरे यहाँ 'रेअर अर्थ मिनेरल्स' का विपुल भंडार है। लौह अयस्क के अलावा यहां ग्रेफाइट, टंगस्टन, पैलेडियम, वैनेडियम, जिंक, सोना, यूरेनियम, तांबा और तेल आदि का अपार भंडार मौजूद है। यह भंडार महाशक्तियों के आकर्षण का केन्द्र है। इसी दुर्लभ खजाने के लाभ में चीन ने खुद को 'निकट आर्कटिक राज्य' घोषित कर दिया है, जो अमेरिका के लिये चिंता का सबब है।

जर्मनी से लगभग छह छह गुने बड़े ग्रीनलैंड की रक्षा का दायित्व डेन्मार्क का है, जिसने उसे काफी स्वायत्तता दे रखी है। अमेरिका इसे अपने सामरिक





हितों के लिये महत्वपूर्ण मानता है। करीब डेढ़ सौ साल पहले सन् 1867 में अमेरिकी विदेशमंत्री विलियम सेवर्ड ने ग्रीनलैंड के अमेरिका में विलय का मुद्दा उठाया था। दूसरे विश्व युद्ध में इसे जर्मनी के आधिपत्य से बचाने के लिये अमेरिका ने इसके सामरिक भागों पर कब्जा कर लिया था। अमेरिका फिलवक्त पश्चिमोत्तर में स्थित पिटूफिक स्पेस बेस का संचालन करता है, जो सन 1951 में अमेरिका-डेन्मार्क की संधि से अस्तित्व में आया था। ग्रीनलैंड पर अमेरिकी धमकी की योरोप में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। फ्रांस के राष्टपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि न तो कोई धमकी और न ही कोई दबाव हमें प्रभावित करेगा। न उक्राइना में और न ग्रीनलैंड में और न ही कहीं और। यूरोपियन यूनियन (ईयू)-प्रमुख उर्सुला फॉन डेर लोयेन ने भी कहा कि योरोप अमेरिका की धमकियों के आगे नहीं झुकेगा। डब्ल्यूईएफ की बैठक में जब कनाडा के पीएम कार्नी, जिन्होंने कनाडा को 51वाँ अमेरिकी राज्य बनाने की ट्रंप की दंभोक्ति का विरोध किया था, बोलने को खड़े हुये तो सभी उपस्थित गणमान्यों ने खड़े होकर करतलध्वनि से उनका स्वागत किया। इस गणमान्यों में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शारा, कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स ट्शीसेकेडी, चीन के उपप्रधानमंत्री ही लीफेंग और उक्राइना के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलिंस्की शामिल थे। ट्रंप के अड़ियल रवैये से नाटो में दरार का खतरा उत्पन्न हो गया है। डेन्मार्क के नाटो का सदस्य होने से यदि अमेरिका ग्रीनलैंड में सैन्य कार्रवाई करता है तो नाटो- देशों के सम्मुख सांप-छछुंदर की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। नाटों के सदस्य आठ योरोपीय देशों ने ग्रीनलैंड में गिनेचुने सैनिक तो भेजे हैं, लेकिन आसार यहीं है कि उनकी मौजूदगी वहाँ झड़प का रूप लेगी। बहरहाल, इस घटनाक्रम से रूस और चीन की बांछे खिली हुई हैं, क्योंकि एक तो इससे नाटो की बिरादरी में आशंकाओं और भय को बढ़ावा मिलेगा, दूसरे उक्राइना पर रूस और ताइवान पर चीन के आधिपत्य के दावों को वैधता और ताकत मिलेगी।

ट्रंप के तल्ख तेवरों का पता इससे चलता है कि वह ग्रीनलैंड को बर्फ का छोटा, ठंडा और दुर्गम टुकड़ा बताते हुये कहते हैं कि डेन्मार्क अहसान फरामोश है। अमेरिका ने बीते दशकों में उसे जितना दिया है, उसके मुकाबले यह मांग तुच्छ है। उन्होंने कहा कि- 'मैं योरोप से प्रेम करता हूँ और उसका भला चाहता हूं, लेकिन वह सही दिशा में नहीं जा रहा है।' बहरहाल, अब सबकी निगाहें डेन्मार्क के विदेशमंत्री लार्स लोके रासमुसेन की अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेशमंत्री रूबियो से वाशिंगटन में प्रस्तावित वार्ता पर हैं, लेकिन ट्रंप की ज़िद और सनक के चलते कोई नतीजा निकलने की संभावना नगण्य है। इस बीच अलास्का की सीनेटर लिसा मुर्कोव्स्की ने न्यू हैंपशायर की डेमाक्रेट-साथी जीन शाहीन के साथ सीनेट में एक बिल पेश किया है, जिसका मकसद किसी दूसरे नाटो सदस्य के इलाके पर एकतरफा कब्जे पर रोक लगाना है।

## आज का कार्टून

राज ठाकरे के बयान पर नीतीश राणे ने कहा: सलमान खान उद्धव ठाकरे से ज्यादा हिंदू, उनमें RSS के कार्यक्रम में जाने का साहस था




## राशिफल

**मेष**
आज आप धर्म-कर्म में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। किन्तु कई बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शान्त रखें तथा अच्छी संगत में रहें।

**वृषभ**
आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी।

**मिथुन**
आज बच्चों के ऊपर आप क्रोधित हो सकते हैं। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत अधिक अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन सन्तुष्ट रहेगा। परिजनों के लिये कुछ उपहार खरीद सकते हैं।

**सिंह**
मन में कुछ नया और प्रयोगवादी करने की इच्छा होगी। रुके हुये बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**कन्या**
आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

**तुला**
मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कार्य समय पर हो जायेंगे। परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक**
अपनी जीवनशैली में परिवर्तन न करें। दिन का शुरुआती भाग आपके लिये अत्यन्त सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें।

**धनु**
कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे उसका परिणाम आपको तुरन्त प्राप्त होगा।

**मकर**
आपको अपने आत्मसम्मान की चिन्ता रहेगी। सन्तान के व्यवहार से आप सन्तुष्ट रहेंगे। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में कुछ अनियमितता हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिये।

**मीन**
आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 बोतल शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व को लेकर इन दोनों मसौढी शहर में विदेशी शराब की डिमांड एंड डिलीवरी बढ़ते ही जा रही हैं। जिसको लेकर स्थानीय थाना की पुलिस और एक्साइज पुलिस की कार्रवाई चल रही है, इसी दरमियान गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए एक्साइज पुलिस ने तारेगना रेलवे स्टेशन के समीप बैग में लेकर जा रहे 15 बोतल विदेशी शराब के साथ दो शराब सप्लायर को रंगे हाथ शराब के साथ दबोचा है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि ट्रेनों के जरिए झारखंड से मसौढी में विदेशी शराब लाने की लगातार सूचनाएं मिल रही थी, ऐसे में शनिवार को सूचना मिली थी जहां पर टीम गठित करते हुए कार्रवाई करते हुए दो शराब सप्लायर जिसमें बिट्टू कुमार (22 वर्ष) पिता संजय कुमार एवं विपिन कुमार 25 वर्ष पिता रामाशीष राम श्रीनगर को गिरफ्तार किया गया हैः होली पर्व को लेकर सभी पुलिस पदाधिकारी को अलर्ट रखते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है।



### आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों की सेवा का अनुबंध समाप्त, पनपा आक्रोश

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढी कार्यालय। में दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत SMMs, CMMs, COs एवं अन्य संविदा कर्मियों की सेवाएं अचानक समाप्त कर दी गई हैं। इस निर्णय से सैकड़ों कर्मियों और उनके परिवारों के समक्ष आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।उल्लेखनीय है कि उक्त कर्मी वर्षों से शहरी गरीबों, स्वयं सहायता समूहों, स्वरोजगार योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा आजीविका संवर्धन कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इनके प्रयासों से मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति संभव हो सकी है। ऐसे में सभी कर्मियों ने सरकार के इस फैसले पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है की सेवा समाप्ति का निर्णय बिना पर्याप्त पूर्व सूचना, वैकल्पिक व्यवस्था अथवा पुनर्नियोजन के किया गया है, जिससे प्रभावित कर्मियों में गहरी निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। यह निर्णय न केवल कर्मियों के हितों के प्रतिकूल है, बल्कि मिशन के सुचारू संचालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। सभी कर्मियों ने मांग किया है की सेवा समाप्ति के निर्णय पर पुनर्विचार करे,प्रभावित कर्मियों को पुनर्नियोजित/समायोजित किया जाए, योजना में पुनर्गठन हुआ है तो कर्मियों को नई संरचना में प्राथमिकता दी जाए।सेवा समाप्ति से पूर्व नियमानुसार नोटिस अवधि एवं देय लाभ प्रदान किए जाएं।

### 48 घंटे के अखंड कीर्तन समारोह के पहले निकली भव्य कलशयात्रा

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सरथुआ गांव में रविवार से महाशिवरात्रि पर्व पर 48 घंटे के अखंड-कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया है।इसके पूर्व फतुहा त्रिवेणी संगम गंगाघाट से भव्य कलश जल यात्रा निकाली गई जो फतुहा-दनियावां सड़क मार्ग से होते सरथुआ शिवपुरी मंदिर प्रांगण पहुंची। कलश में गंगाजल भरकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तिपूर्ण माहौल में करीब 15 किलोमीटर पैदल यात्रा की। इस धार्मिक आयोजन से जुड़े अभय कुमार,संतोष रंजन,बमशंकर,रवि रंजन,संजीव कुमार,शिवम कुमार, शिशुपाल कुमार,टीपु,अम्बर पटेल,चंदन ठाकुर व अन्य ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रविवार की सुबह इस आयोजन का शुभारंभ होगा।कार्यक्रम से जुड़े उमेश पांडेय ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में मैत्री, भाईचारे और समरसता की भावना मजबूत होती है।भारतीय संस्कृति में भगवान शिव भोलेनाथ की आराधना का विशेष महत्व है।भगवान शिव देवाधिदेव महादेव और विश्व कल्याण के प्रणेता हैं।



### पीजी रेलखंड में छोटकी मसौढी हॉल्ट के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेल खंड के छोटकी मसौढी हॉल्ट के पास पोल संख्या 32/ 2 के पास एक अज्ञात ट्रेन से एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है, मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए तारेगना स्टेशन लाया गया,शव की शिनाख्त में पुलिस जुटी हुई है। रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार यादव ने बताया की पटना गया रेल खंड के डाउन लाइन में शनिवार की सुबह में अज्ञात ट्रेन से किसी ब्यक्ति की कट जाने की सूचना मिली थी। तत्पश्चात मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को थाने ले आई है अभी तक पहचान नहीं हो पाई है,शव की पहचान की जा रही है।



### अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के टोलापर स्थित पेवन मठ में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्त्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे विधि के साथ पूजा की शुरूआत की गई। वही मुख्य अतिथि विधायक भाई वीरेंद्र अखण्ड हरिकर्तन में पहुँचकर पूजा अर्चना किया। साथ ही मौजदू लोगो को संबोधित किया। इस दौरान भजन मंडली के लोगों द्वारा हरे राम हरे राम राम-राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायम होता रहा। वही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजक पूर्व पार्षद अशोक राय ने बताया कि हरिकीर्तन के आयोजन से पूरा गांव शांति, सुख-समृद्धि तथा भक्तों के मन को शांति मिलती है। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद, उपाध्यक्ष शंकर यादव, पार्षद अखिलेश यादव, मोनू माया, प्रदीप कुमार, नीतीश कुमार, अनीश, संदीप सहित कई लोग थे।




### महाशिवरात्रि पूजा को लेकर अनुमंडल की 40 जगहों पर 54 मजिस्ट्रेट, 140 पुलिस बल तैनात होंगे

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में उमडने वाली भीड को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन के द्वारा सभी शिवमंदिरों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किये गये है। पुरे मसौढी अनुमंडल मे तकरीबन 40 जगहों पर 54 दंडाधिकारी के साथ 140 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।खास कर धनरूआ के विर ओरियरा स्थित बुढवा महादेव स्थान एवं मेला को लेकर तकरीबन 28 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति की गई है।इसके अलावा मंदिर के अंदर सादेवर्दी में पुलिस कर्मियों की भी तैनाती रहेगी। सीसीटीवी कैमरे से मंदिरों के अंदर व बाहर निगरानी की जाएगी।धनरूआ वीर मंदिर मे महाशिवरात्रि पर भारी भीड़ उमड़ती है। भीड़ को देखते हुए यहां एसडीएम ने खास तौर पर मजिस्ट्रेट पुलिस की तैनाती की गई है।जहाँ मंदिर के अंदर से लेकर बाहर तक पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी और सीसी कैमरे से निगरानी की जाएगी। हर गतिविधि पर पुलिस के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भी नजर रहेगी। इसके अलावा मसौढी शहर में सात शिव मंदिर में पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जिसमें श्रीरामजानकी ठाकुरवाडी मंदिर, मसौढ़ी मणीचक, मंडप, भीमपुरा अन्य शिव मंदिर में पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है इसके अलावा पुनपुन में पांच जगहों पर और भगवानगंज,पिपरा और कादिरगंज में धाना मे सुरक्षित मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# पुलवामा हमले की छठी बरसी पर शहीद संजय सिन्हा को किया नमन

**सात वर्षों के बाद भी सरकारी स्तर पर नहीं बना स्मारक और तोरणद्वार**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलवामा हमले की छठी बरसी को लेकर शनिवार को पुरे देश भर उन सभी शहीद सीआरपीएफ के जवानों को याद कर नमन किया गया, जिन 40 जवानों ने हमले में अपनी शहादत दी थी, ऐसें में शनिवार को मसौढ़ी के लाल शहीद संजय सिन्हा के आवास मठिया पर पर बने प्रतिमा पर एसडीएम अभिषेक कुमार थानाध्यक्ष विवेक भारती ने पुष्पांजलि अर्पित किया, वहीं मौके पर शहीद की पत्नी बेबी देवी, बड़ी बेटी रूबी कुमारी,एवं वंदना कुमारी और पुत्र सोनू कुमार उपस्थित रहे,मौके पर स्कूली छात्र-छात्र एवं कई सामाजिक संगठन के लोग पहुंचकर भारत माता के नारों के साथ नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं सीआरपीएफ बटालियन की टीम की ओर से शहीद परिजनों को शॉल देकर सम्मानित किया गया है।गौरतलब है कि 14 जनवरी 2019 को सीआरपीएफ के काफिले पर विस्फोटकों से भरे स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी थी, जहां सीआरपीएफ का पूरा काफिला उसमें शहीद हो गया था। उसी काफिले में मसौढ़ी के लाल संजय सिन्हा भी शामिल थे, जिनके याद में पूरे बिहार में ही नहीं बल्कि पूरे देशभर में आज पुलवामा अटैक की बरसी मनाई जा रही है। शहीद संजय सिन्हा के नाम पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मसौढ़ी में सड़क भी बनवाया है,इसके साथ ही शहीद संजय के नाम पर मसौढी प्रखंड कार्यालय में सभागार भी बनाया गया है, हालांकि सरकारी स्तर पर वहां अभी तक शहीद संजय सिन्हा की प्रतिमा और तोरण द्वार नहीं बन पाए हैं,इसको लेकर मसौढी वासियों के दिलों मे कशक और मलाल है। शाहिद की पत्नी बेबी देवी उनकी बेटी एवं कई समाजसेवीयों ने भी कहा की 7 साल बीत गए अभी तक सरकारी स्तर पर तोरणद्वार और नहीं स्मारक बनाया गया है। मौके पर समाजसेवियों में विश्वरंजन आचार्य, डॉ मंगल, लालमोहन सिंह, पलटन सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव, मनोज यादव, रंजू यादव, नेहा पटेल, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, अभिमन्यु पटेल, शिक्षक हरि किशोर प्रसाद सिंह, समेत कई समाजसेवी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि : जहां कभी एक भक्त ने शिवलिंग को शक्ति दिखाने का किया था चैलेंज





शशि तुलस्यान

**जीभ काट कर चढ़ाने का दिया था चैलेंज शिवलिंग का मुख पूर्व से हो गया पश्चिम में**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के वीर ओरियारा पंचायत का गौरीशंकर मंदिर जिसे बुढ़वा महादेव मंदिर भी कहा जाता है. यह मंदिर महाशिवरात्रि पर कुछ ज्यादा ही प्रासंगिक हो जाता है. यहां बिहार के बाहर से भी लोग पूजा करने शिवरात्रि के मौके पर पहुंचते हैं. इस मंदिर का मुख्य आकर्षण का केंद्र मंदिर में स्थापित 5 फीट का शिवलिंग है. इसकी पूजा और दर्शन के लिए महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होती है. वैसे यहां आम दिन भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन शिवरात्रि और सावन में भीड़ कुछ ज्यादा होती है. इस मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि संतान सुख की कामना और शादी विवाह में जिसे बाधा हो रही होती है. उनकी यहां पूजा करने से मनोकामना पूरी होती है और उनकी सारी बाधा दूर हो जाती है. यहां मुराद पूरी करने के लिए एक गाय के बच्चे का कान काटकर छोड़ने की पुरानी प्रथा भी है. इस मंदिर के बारे में लोगों का कहना है कि यह हजारों साल पुराना मंदिर है. इसका इतिहास काफी पुराना है. कहा जाता है कि खुदाई के दौरान यह 5 फीट का शिवलिंग प्राप्त हुआ था. इसमें माता गौरी और भगवान शिव की आकृति थी:इस मंदिर के पुजारी दयाशंकर पांडे की माने तो इस मंदिर का पुराना इतिहास रहा है. इसकी खासियत यही है कि महादेव यहां खुद से निकले हैं. इसे जब मंदिर में स्थापित किया गया तो शिवलिंग का मुख पहले पूरब दिशा में था. कहा जाता है कि यहां एक श्रद्धालु आया और कहा कि आप अपनी शक्ति दिखाएं. आप पूरब से पश्चिम हो जाईये तो मैं अपनी जीभ काटकर चढ़ा दूंगा. तब से शिवलिंग का मुख पश्चिम दिशा में हो गया. इस चमत्कार को देख दूर-दूर से लोग पूजा अर्चना करने के लिए आने लगे और शिवरात्रि के मौके पर यहां पर मेला लगता है.

# जानलेवा हमले के मामले में पांच फरार अभियुक्तों के घर पर साटा गया इश्तेहार, सरेंडर करने दी चेतावनी



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव में बीते 15 जनवरी की देर शाम को गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे पांच अपराधियों के घर पर मासौढी पुलिस ने मीरापुर और तुलसीचक गांव में विधवत तौर पर इश्तेहार साट कर फरार अपराधियों को सरेंडर करने की चेतावनी दी है। मसौढी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि बीते 15 जनवरी की देर शाम को रितिक रोशन पिता संतोष कुमार एवं उसके दोस्त बिट्टू कुमार पर जानलेवा हमला कर गोली चलाकर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया था, इस मामले में सात नाम जद चार अज्ञात पर जख्मी रितिक रोशन के पिता संतोष कुमार पिता स्वर्गीय राजेश्वर सिंह शाहाबाद के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इस आलोक में फरार 5 अपराधियों के घर पर विद्यिवत पर जाकर इश्तैहार साटा गया है। ससमय में सरेंडर नहीं होने पर घर की कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को साटे गये इश्तिहार में नंद कुमार पिता पहलवान राय,गुड्डू यादव पिता चंदर यादव,पप्पू कुमार पिता राम लखन राय,शिव कुमार पिता अर्जुन राय सभी सा0 मीरापुर वहीं पिंटू सिंह पिता जमुना सिंह, तुलसीचक आदी है।

# बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद को भावभीनी विदाई




**कुलपति ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने मूल संस्थान आईवीआरआई, बरेली में भी इसी समर्पण और उत्कृष्टता के साथ नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे।**

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता (डीन) डॉ. जे.के. प्रसाद ने अपने सात वर्षों के सफल एवं उल्लेखनीय कार्यकाल को पूर्ण करते हुए अपने मूल संस्थान भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आई.वी.आर.आई.) में प्रधान वैज्ञानिक के पद पर वापसी की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न इकाइयों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। डॉ. प्रसाद का कार्यकाल संस्थान के विकास और शैक्षणिक सुधारों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ी, लंबित करियर एडवांसमेंट को पूरा कराया गया तथा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। उन्होंने छात्रों के कल्याण, आधुनिक शिक्षा प्रणाली के क्रियान्वयन और नवीनतम तकनीकों के समावेश पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि डॉ. जे.के. प्रसाद का कार्यकाल विश्वविद्यालय के लिए परिवर्तनकारी रहा है। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता और छात्रों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए संस्थान को नई दिशा दी। कुलपति ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने मूल संस्थान आईवीआरआई, बरेली में भी इसी समर्पण और उत्कृष्टता के साथ नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे। समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने डॉ. प्रसाद के मार्गदर्शन, सादगी और नेतृत्व क्षमता को याद किया तथा उनके स्वस्थ, सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मैट्रिक परीक्षा को लेकर सभी केंद्राधीक्षकों दंडाधिकारियों के साथ एसडीएम ने की ब्रीफिंग

**मसौढी अनुमंडल में बने छह परीक्षा केंद्र, 2398 परीक्षार्थी होंगे शामिल**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कदाचार मुक्त दावे के साथ आगामी 17 फरवरी से 25 फरवरी तक बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा शुरू होने जा रही है। जिसको लेकर मसौढी अनुमंडल में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां 2398 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। ऐसे में शनिवार को सभी परीक्षा केंद्रों के सेंटर सुपरिंटेंडेंट ,स्टैटिक दंडाधिकारी,एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों के साथ एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में ब्रीफिंग की गई, जहां एसडीएम ने स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के प्रवेश का समय अनुपालन किया जाए और लगातार परीक्षा केंद्रों पर हर 15 20 मिनट पर माईकिंग करवाते रहें, की समय का अनुपालन हो ,इसके अलावा परीक्षा केंद्रों में कोई भी वीक्षक मोबाइल लेकर नहीं जाएंगे, परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कमरे में 25 परीक्षार्थियों में एक वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन कमरों में कदाचार की सूचना मिलेगी उस कमरे के न केवल परीक्षार्थी बल्कि वीक्षक भी दोषी होंगे,, परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकान नहीं रहेगी। बहरहाल मसौढ़ी अनुमंडल में सिर्फ लड़कियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार को हुए ब्रीफिंग के दौरान एसडीएम के अलावा ,अनुमंडल दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, विधि विशेषज्ञ शिव सत्यानंद ,सीडीपीओ, बीडीओ एवं सभी परीक्षा केंद्रों के स्टैटिक दंडाधिकारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। छह परीक्षा केंद्रों में श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल बने परीक्षा केंद्र में 690 परीक्षार्थी, प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका हाई स्कूल में 273, उच्च माध्यमिक विद्यालय बरनी परीक्षा केंद्र पर 297, हाई स्कूल साई धनरूआ में 297 , श्री वीरचंद्र पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीपालपुर में 302 परीक्षार्थी, रफ्फर+2 उच्च विद्यालय में 539 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस पूरे परीक्षा केंद्र पर 27 स्टैटिक दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं, 3 गस्ती दंडाधिकारी और दो जोनल से उडनदस्ता पदाधिकारी बनाए गए हैं।

### धनरूआ के खोरमपुर में महिला पर गोली चलाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के खोरमपुर गांव में बीते शुक्रवार की देर रात को एक महिला पर गोली चलाकर जख्मी कर देने के मामले में घायल महिला के कुसुम देवी के पति शंकर मांझी पिता स्वर्गीय नाथन मांझी के बयान पर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें छोटू सिंह पिता फेकन सिंह खोरमपुर को नामजद आरोपी किया है। शराब के नशे मे छोटू सिंह घर का दरवाजा पीट कर अंदर आया किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई और गोली चला दिया,जो महीला के कान से छूकर गोली निकली है।

# पालीगंज में सघन वाहन जांच अभियान, नियम तोड़ने वाले चालकों पर कार्रवाई



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पालीगंज एसडीपीओ राजीवचंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अरवल-पाली मुख्य पथ स्थित अस्पताल चौमुहानी के समीप वाहनों की गहन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस तथा ट्रिपल लोडिंग के साथ चल रहे मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कई चालान काटे। वहीं आर्मी सहित विभिन्न प्रकार के स्टीकर लगाकर चल रही स्कॉर्पियो गाड़ियों की कागजात जांच की गई। संदिग्ध स्टीकर पाए जाने पर चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए मौके पर ही स्टीकर हटवाए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार थाने में मुंशी एवं ओडी पदाधिकारी को छोड़कर सभी पुलिस पदाधिकारियों को सड़क पर तैनात रहकर गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच करने को कहा गया था। पालीगंज एसडीपीओ राजीवचंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस प्रकार का अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि अपराध और यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# अथमलगोला में पुलवामा शहीदों की याद में कैंडल मार्च

**शहादत दिवस की संध्या पर युवाओं ने दी श्रद्धांजलि**






**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शनिवार को देशभर में शोक और श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं कैंडल मार्च आयोजित किए गए। इस आत्मघाती हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हुए थे। बरसी के अवसर पर केंद्र और राज्य सरकारों ने शहीदों को नमन किया। इस पुण्यतिथि पर पटना जिले के अथमलगोला में भी पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की याद में कैंडल मार्च निकाला गया। यह आयोजन 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी हमले की सातवीं बरसी की पूर्व संध्या पर किया गया। कैंडल मार्च में अथमलगोला फिजीकल एकैडमी,बहादुरपुर में युवाओं ने हिस्सा लिया और वीर शहीदों को नमन किया। यात्रा में शामिल युवाओं ने हाथों में कैंडल और तिरंगा लेकर "वीर शहीद अमर रहें" के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यह यात्रा बहादुरपुर बागीचे से शुरू होकर अथमलगोला स्टेशन बाजार में समाप्त हुई। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य एडमिन रौशन कुमार ने कहा कि वीर जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। कैंडल मार्च की अगुवानी फिटनेस कल्ब के एडमिन रौशन कुमार ने किया उन्होंने बताया कि जवानों के शहादत दिवस पर हर साल जवानों की शहादत को याद किया जाता है। एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में अथमलगोला प्रखंड के विभिन्न गावों से आये युवाओं ने हिस्सा लिया जिसमें मुख्य रूप से राजीव कुमार, रौशन कुमार,रोहन,यश, गुलशन, दिलीप, राजा, शिवम, कुंदन, कैरव, गोलू, मनीष, सौरभ, नीलेश, जीत, अखिलेश आदी सहित कई युवाओं सम्मलित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चे की मौत पर प्राथमिकी दर्ज



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के लाला छपरा में में ढाई वर्षीय बच्चा संदेश कुमार का मौत बीते दिन नाला सोखता में गिरने से हो गया था, स्थानीय थाना प्रभारी पप्पु पासवान ने बताया कि लाला छपरा गांव निवासी सुरज यादव की पत्नी प्रतिमा देवी ने मकान मालिक नथुनी मियां पर आरोप लगाया है कि सोखता नाले पर स्लैब नहीं लगाया गया था जिसके कारण बच्चे का मौत हुई,इस बाबत थाने में धारा 106/1/बी एन एस दर्ज हुई है।

### महाशिवरात्रि पर अखंड अष्टयाम और भंडारे की धूम



**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में अखंड अष्टयाम और भंडारे से धार्मिकमय वातावरण शनिवार को स्थापित हो गया है।बाबा मोहब्बतनाथ मठिया ,असहनी योगियां ब्रह्म बाबा परिसर में अखंड अष्टयाम सहित बाबा दूधनाथ शिवालय नवादा,बाबा दुर्गेश्वरनाथ रसूलपुर,प्राचीन गणेश शिव विष्णु मंदिर रसूलपुर मठिया में धार्मिक अनुष्ठान शनिवार से शुरू हुआ।जिप प्रतिनिधि भीम सिंह और राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर - तनुजा सिंह व उनकी टीम द्वारा अलग भंडारे का भक्तों के लिए किया जहां भारी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।भंडारे का उद्घाटन पर भारी संख्या में संत भी उपस्थित रहे जिन्हें आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। पगला बाबा ने करते हुए कहा कि शिव महादेव हैं क्यों कि वो ही सत्य हैं और सुंदर है।सच्चे मन से अराधना करने वालों की मनोकामना पूर्ण होती है।

### दहेज की खातिर विवाहिता के साथ मारपीट

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज में एक बाइक और नगद दो लाख रूपए की मांग पूरी नहीं हुई तो ससुराल वालों ने मारपीट कर विवाहीता को घर से निकाल दिया। जिसको लेकर महिला ने मैनाटांड थाना में केस दर्ज कराया है। मामला मैनाटांड थाना के सुखलही गांव का है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि पूजा कुमारी ने आवेदन में उल्लेख करते हुए अपने पति साजन पटेल सास निर्मला देवी ससूर भोला पटेल सहित छ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दहेज के खातिर महिला को घर से निकाला, प्राथमिकी दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज में बाइक की मांग पूरी नहीं हुई तो महिला के साथ मारपीट कर घर से निकाल देने के मामलें में महिला के पिता ने मैनाटांड थाने में केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि शिकारपूर थाना के सखुअनीया गांव के महिला के पिता मनान मियां ने आवेदन में उल्लेख करते हुए कहा है कि उसकी लड़की रूना खातून की शादी मैनाटांड थाना के रामनगरी गांव के हदीश मियां का पुत्र बद्री मियां के साथ हुई है। दहेज में बाइक की मांग पूरी नहीं हुई तो उसकी लड़की के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिए है। थानाध्यक्ष ने बताया कि लड़की के पिता के आवेदन पर पति बद्री मियां और उसके ससूर हदीश मियां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### महाशिवरात्रि पर सजेगा फर्नीचर मेला

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अहवर कुड़िया स्थित कुंडेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर में लगने वाला चम्पारण प्रसिद्ध फर्नीचर मेला आज 15 फरवरी से शुरू होगा। युवा समाजसेवी विकास कुमार तिवारी ने बताया कि इस मेले की शुरूआत उनके पूर्वजों ने वर्षों पहले की थी, जो आज भी परंपरा और सामाजिक उत्साह के साथ निरंतर जारी है। मेले के लिए दूर-दूर से फर्नीचर आना शुरू हो गया है और बाजार सजने लगा है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।मेला शुरू होने से पहले मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड आध्यात्मिक उत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, वहीं दो दिवसीय सार्वजनिक पूजनोत्सव का समापन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। महाशिवरात्रि पर महादेव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।समाजसेवी बिनोद तिवारी ने बताया कि यह मेला खासकर विवाह की तैयारी करने वाले परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां पलंग, आलमारी, ड्रेसिंग टेबल और सोफा जैसे फर्नीचर की जमकर खरीदारी होती है। करीब एक माह तक चलने वाला यह मेला स्थानीय कारीगरों, दुकानदारों और मजदूरों की आमदनी बढ़ाने के साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी बन चुका है।

### नेपाल सीमा से 54 किलो गांजा बरामद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर कांगली थाना पुलिस ने धुतहा नदी के रास्ते भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक व्यक्ति को 54.290 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की तड़के पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति नेपाल से धुतहा नदी के रास्ते गांजा लेकर भारतीय क्षेत्र में आने वाले हैं। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष कंगली के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और एक व्यक्ति को भारी मात्रा में गांजा के साथ धर दबोचा।गिरफ्तार आरोपी की पहचान पूर्वी चंपारण के दरपा थाना के सुखलहिया निवासी राजेश महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 54.290 किलोग्राम गांजा तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है।इस संबंध में कंगली थाना कांड संख्या 15/26 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### माध्यमिक परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 का आयोजन 17 फरवरी से 25 फरवरी तक होगा। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिला पदाधिकारी तरणजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में परीक्षा के सुचारू एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर समय पर प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। प्रथम पाली में 9.00 बजे तक और द्वितीय पाली में 01.30 बजे तक ही परीक्षार्थियों को प्रवेश मिलेगा। विलंब से आए विद्यार्थियों को किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कदाचार की रोकथाम के लिए परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा और वीडियोग्राफी की व्यवस्था करने के साथ ही परीक्षार्थियों की तलाशी की व्यवस्था सख्ती से लागू करने का आदेश दिया।इसके अलावा, केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा के दौरान परिसर की सफाई सुनिश्चित की जाए और परीक्षा कक्षों में किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल, ब्लूटूथ, पेजर आदि की अनुमति नहीं होगी।उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला पुलिस कर्मियों द्वारा की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को भी परीक्षा केन्द्र के आसपास विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया गया।इस बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रविन्द्र कुमार, सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### वीवीपी 2 के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में आज वीवीपी 2 के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के पांच सीमावर्ती प्रखंडों सिकटा, मैनाटॉड, बगहा-2, रामनगर और गौनाहा के 31 रणनीतिक गाँवों के विकास पर चर्चा की गई।जिला पदाधिकारी ने इन गाँवों के समग्र विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़कों, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, कृषि, पर्यटन, लघु उद्योग, बैंकिंग और दूरसंचार से संबंधित परियोजनाओं की आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।साथ ही, उन्होंने संबंधित विभागों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों और सशस्त्र सीमा बल के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे चयनित गांवों में जीएपी एनलाइसिस कर तीन दिनों के भीतर कार्य योजना और अनुमानित राशि उपलब्ध कराएं।जिला योजना पदाधिकारी प्रदीप कुमार गोंड ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार की योजनाओं का संतृप्तिकरण करेगा, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े और पलायन रोका जा सके।बैठक में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, समादेष्टा एसएसबी, सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वच्छ वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न कराई जाएगी मैट्रिक की परीक्षा : डीएम



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अध्यक्ष,बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 दिनांक 17.02.2026 प्रारंभ हो रही है जो दिनांक 25.02.2026 को समाप्त होगी परीक्षा। परीक्षा को शांति पूर्ण वातावरण में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर आज जिलाधिकारी के द्वारा मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान बताया गया कि जिला में मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा कुल 67 परीक्षा केंद्रों पर संचालित की जाएगी जिसमें 72654 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। परीक्षा संचालन को लेकर सदर मोतिहारी अनुमंडल में कुल 30 परीक्षा केंद्र, अरेराज अनुमंडल में 06, सिकरहना अनुमंडल में 09, पकड़ीदयाल अनुमंडल में 05, रक्सौल अनुमंडल में 05 एवं चकिया अनुमंडल में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो सीटिंग में ली जाएगी। पहली सीटिंग 9:30 बजे से 12:45 बजे तक तथा दूसरी सीटिंग 2:00 से 5:15 बजे तक चलेगी। संयुक्त ब्रीफिंग में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रथम सीटिंग के लिए परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश 9:00 बजे तक ही निर्धारित किया गया है जबकि द्वितीय सीटिंग के लिए परीक्षार्थी 1:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश कर सकेंगे।इससे विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को केंद्र के अंदर प्रवेश वर्जित किया गया है। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालन को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों पर चार-चार स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है जो स्वच्छ वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करायेंगे तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास भीड़ न लगे इसे सुनिश्चित करायेगें। इसके अतिरिक्त दो से चार परीक्षा केंद्र के लिए गश्ती दल दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है जो विधि व्यवस्था सहित परीक्षा केंद्र के आसपास के फोटो स्टेट की दुकान पर विशेष नजर रखेंगे तथा परीक्षा केन्द्र के निकट के फोटो स्टेट के दुकानों को बंद करा देगें। सदर अनुमंडल मोतिहारी के परीक्षा केंद्रों के लिए 08 गश्तीदल दंडाधिकारी, चकिया में 03,अरेराज में 02, पकरीदयाल 02, रक्सौल में02 एवं सिकरहना अनुमंडल के लिए 03 गश्तीदल दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा केंद्रों का लगातार भ्रमण कर जायज लेते रहेंगे। उप विकास आयुक्त, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्ता विभागीय जांच,जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं निदेशक डीआरडीए को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है ताकि परीक्षा संचालन पर लगातार नजर रखी जा सके।

## बेतिया को सोलर टाउन बनाने का संकल्प

### पीएम सूर्य घर योजना पर कार्यशाला



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम बेतिया के सभागार में शनिवार को पीएम सूर्य घर योजना के सफल क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने किया। इस अवसर पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया, नगर आयुक्त शिवाक्षी दिक्षित, सभी पार्षदगण, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, उप नगर आयुक्त सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम में योजना के उद्देश्यों, लाभों तथा आम नागरिकों के बीच सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने वार्ड पार्षदों से योजना को अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि स्वयं योजना का लाभ लेकर नागरिकों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करें।महापौर ने नगर निगम सभागार से कार्यशाला की शुरूआत किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम बेतिया योजना के व्यापक क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अधिकाधिक प्रचार-प्रसार और जमीनी स्तर पर प्रयासों के माध्यम से प्रत्येक वार्ड में योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।नगर आयुक्त ने बेतिया को सोलर टाउन के रूप में विकसित करने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक वार्ड में इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक नागरिक योजना से जुड़ सकें। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## शिवभक्तों के लिए वर्षभर का सबसे पुनीत पर्व है महाशिवरात्रि : सुशील कुमार पांडे



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परम पवित्र एवं सर्वश्रेष्ठ महाशिवरात्रि व्रत का मान 15 फरवरी रविवार को होगा। व्रत का पारण दूसरे दिन अर्थात सोमवार को प्रातःकाल किया जाएगा। देवाधिदेव महादेव का निराकार से साकार के रूप में प्रकटीकरण का यह महान पर्व जगह- जगह अपनी श्रद्धा एवं परम्परा के अनुसार शिवभक्तों के लिए यह वर्षभर का सबसे पुनीत पर्व होता है इस दिन जगह-जगह मंदिरों से निकली शिव बारात श्रद्धा एवं आकर्षण का केंद्र बनती है। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान- वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि यद्यपि प्रत्येक मास की कृष्ण चतुर्दशी शिवरात्रि होती है और शिवभक्त प्रत्येक कृष्ण चतुर्दशी व्रत करते ही हैं, किन्तु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी के अर्धरात्रि में ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ था, इस कारण यह महाशिवरात्रि मानी जाती है। जिस तिथि का जो स्वामी हो उसका उस तिथि में पूजन करना अतिशय उत्तम होता है। चूंकि चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिव हैं अथवा शिव की तिथि चतुर्दशी है,अतः उनकी रात्रि में व्रत और पूजन किया जाने से इस व्रत का नाम शिवरात्रि होना सार्थक हो जाता है। इस दिन उनका पूजन एवं व्रत करना अत्यन्त कल्याणकारी होता है।

## 17 फरवरी को रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन

**बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार,16 कंपनियां होगी शामिल**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के नुनियावा टोला स्थित सिंहेश्वर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में आगामी 17 फरवरी को रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य जीविकोपार्जन योजना के तहत किया जाएगा। इस रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों में 2100 रिक्तियों पर शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलेगी। जानकारी देते हुए जीविका के बीपीएम रितेश किशोर सहाय ने बताया कि रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में बड़े स्तर पर बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने की संभावना है। आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है।

## प्रधानमंत्री ने भारत को एक खाद्य अधिशेष राष्ट्र के रूप में मजबूत किया : राधा मोहन सिंह



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा कोठी कृषि विश्वविद्यालय के प्रांगण में शनिवार को कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कृषकों की एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि एवं कल्याण मंत्री सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को एक खाद्य अधिशेष राष्ट्र के रूप में मजबूत किया । किसानों को भारत की विकास यात्रा के केंद्र में रखते हुए पिछले एक दशक में कृषि क्षेत्र में आय सुरक्षा और स्थिरता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए गए। सुनिश्चित खरीद के साथ बढ़ा हुआ न्यूनतम समर्थन मूल्य, पीएम-किसान के अंतर्गत प्रत्यक्ष आय सहायता और पीएम फसल बीमा योजना के माध्यम से व्यापक जोखिम कवरेज ने कृषि परिवारों की आर्थिक अनिश्चितता को कम किया है।आय सहायता से आगे बढ़ते हुए उत्पादकता, बाजार और आत्मनिर्भरता पर विशेष बल दिया गया है। ई-नाम का एकीकरण, दलहन उत्पादन के लिए लक्षित कार्यक्रम, उर्वरकों की बेहतर उपलब्धता तथा कृषि निर्यात को प्रोत्साहन देने जैसी पहलों ने अवसरों का विस्तार किया है, आयात पर निर्भरता घटाई है।

## राष्ट्रीय महिला दिवस पर केजीबीवी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

### सीएचसी की आरबीएसके टीम द्वारा आवासीय छात्रावास की छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आरबीएसके टीम द्वारा आवासीय छात्रावास की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेडिकल कैंप में टीम का नेतृत्व डॉ. अमरजीत सिंह व डॉ. पिंकी ने किया। उनके साथ एलटी सुनील गुप्ता, आरबीएसके टीम एकमा तथा स्कूल के संचालक उपेंद्र कुमार यादव, वार्डेन रागिनी कुमारी मौजूद रहे। चिकित्सकों ने छात्राओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच, हीमोग्लोबिन, दांत, आंख एवं त्वचा संबंधी परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉक्टरों ने बालिकाओं को स्वच्छता, संतुलित आहार व नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के मेडिकल कैंप से छात्राओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधा मिलती है। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना व उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

## हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग व टीकाकरण 16 को

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले जिले के कुल 44 आजमीन का मेडिकल स्क्रीनिंग एवं टीकाकरण 16 फरवरी को सदर अस्पताल परिसर में किया जाएगा। इसके लिए सिविल सर्जन के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम गठित कर विशेष कैम्प लगाया जाएगा। यह जानकारी जिला हज ट्रेनर सह मदरसा मदीनतुल उलूम के नाजिम-ए-आला जावेद आलम ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को आवेदन दिया गया है। साथ ही, बिहार राज्य हज कमेटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से पूर्व में ही आवश्यक निर्देश प्राप्त हैं। हज पर जाने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए चिकित्सा विभाग से मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र और अनिवार्य टीकाकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करना जरूरी है।

## बाढ़-सूखे को लेकर डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

### तटबंधों की निगरानी व राहत व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में संभावित बाढ़, कटाव एवं सुखाड़ की स्थिति से पूर्व और बाद की सुरक्षा व पुनर्निर्माण तैयारियों की समीक्षा जिला पदाधिकारी तरणजोत सिंह ने समाहरणालय सभागार में की। बैठक में तिरहुत नहर प्रमंडल, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, जल निस्सरण प्रमंडल, त्रिवेणी नहर निर्माण प्रमंडल तथा दोन नहर प्रमंडल के अभियंताओं से पूर्व एवं संभावित कटाव स्थलों की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी संभावित कटाव स्थलों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित कटाव निरोधी कार्य मानक के अनुरूप शीघ्र पूर्ण हों। विशेष रूप से बैरिया प्रखंड के सिंघी बांध एवं जमींदारी बांध पर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने को कहा गया। उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन शाखा को संसाधनों की अग्रिम अधियाचना करने तथा सभी एसडीएम को बाढ़ आश्रय स्थल, राहत केंद्र, सामुदायिक रसोई, नल-जल, चापाकल, विद्युत, नाव-नाविक, मोटरबोट व पॉलीथिन शीट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन को पीएचसी में दवाएं, एंबुलेंस, मेडिकल टीम व एंटी स्नेक वेनम, राज्य खाद्य निगम को खाद्यान्न तथा जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशुचारा व दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। आरडब्ल्यूडी व आरसीडी को सड़क मरम्मति समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।सम्पूर्ति पोर्टल पर प्रभावित परिवारों के नाम अद्यतन करने और डुप्लीकेट प्रविष्टि रोकने पर भी बल दिया गया। त्वरित कार्रवाई हेतु व्हाट्सएप ग्रुप गठन का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विकास कुमार, प्रभारी पदाधिकारी नगमा तबस्सुम, वरीय उप समाहर्ता ज्योति रानी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि अनुमंडल पदाधिकारी बगहा व नरकटियागंज वीसी से जुड़े रहे।

## काउंटर केस में 15 नामजद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानिय थाना क्षेत्र के बेलबनीया गांव में आपसी विवाद को लेकर काउंटर केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि गीता देवी के आवेदन पर सजीद एकबाल शेख मसीहा सहीद अख्तार सहित नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जबकि दूसरे पक्ष के नेसार अहमद के आवेदन पर निरंजन कुमार अजय प्रसाद नीतीश कुमार सहित 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बिहार भारोत्तोलन टीम सेकेंड फेज ट्रायल में भाग लेने के लिए गाजियाबाद के मोदीनगर के लिए हुई रवाना



**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार द्वारा पहली बार अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए विशेष खेल आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न खेलों को शामिल किया गया है। भारोत्तोलन प्रतियोगिता के पहले फेज का ट्रायल बेगूसराय में संपन्न हुआ था, जहां से 7 बालिकाएं और 6 बालक चयनित हुए थे। चयनित 13 खिलाड़ियों का 23 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सुगौली के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हिंदी लेन में आयोजित किया गया। कड़े अभ्यास और अनुशासन के साथ खिलाड़ियों ने अपनी तैयारी पूरी की। 13 फरवरी 2026 को टीम को समाजसेवियों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक मोदीनगर के लिए रवाना किया। खिलाड़ियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन का जज्बा साफ दिखाई दे रहा था।

## जनता दरबार मे आधा दर्जन मामलों का हुआ निष्पादन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय में शनिवार को अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल क्षेत्र के कई गाव से भूमि विवाद से संबंधित फरियादी पहुचे और अपनी समस्या को प्रशासन के समक्ष रखा। जनता दरबार मे केसरिया के नंद किशोर प्रसाद व सुजीत प्रसाद के बीच बंटवारा को लेकर पहुचे हुए थे। इसी तरह साठी थाना क्षेत्र के सचिन्द्र साह व जनक प्रसाद के बीच भूमि विवाद में सीमांकन कराने का निर्देश दिया गया।

## डिजिटल ऋण से सशक्त होंगी जीविका दीदियां

### जीविका निधि पर उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीविका पश्चिम चंपारण द्वारा बेतिया स्थित जिला कार्यालय में जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी 18 प्रखंडों के जीविका परियोजना कर्मियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महिला जीविका कर्मी एवं मुख्य अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जीविका कर्मियों के बीच जीविका निधि की संरचना, कार्य प्रणाली और उपयोगिता को लेकर व्यापक समझ विकसित करना था, ताकि इस पहल को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।मुख्य अतिथि एवं प्रोजेक्ट मैनेजर (कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट) सतीश कुमार ने बताया कि जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का पंजीकरण कोऑपरेटिव एक्ट 1996 के अंतर्गत हुआ है। उन्होंने कहा कि यह संस्था महिला संकुल संघों के यूनियन के रूप में कार्य करेगी तथा प्रत्येक संकुल संघ द्वारा 25 लाख रुपये की अंश पूंजी जमा की जाएगी। निधि के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार होगा, जबकि जीविका के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इसके मैनेजिंग डायरेक्टर होंगे।जिला परियोजना प्रबंधक आर. के. निखिल ने जानकारी दी कि जीविका निधि का विधिवत शुभारंभ गत वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया था। उन्होंने बताया कि जीविका दीदियों को 15 हजार से 2 लाख रुपये तक का ऋण डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कम ब्याज दर पर त्वरित उपलब्ध कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय महिला दिवस पर केजीबीवी की छात्राओं का एनीमिया जांच शिविर

### दो हजार से अधिक किशोरियों की हुई स्वास्थ्य जांच



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हमारा उद्देश्य जिले की हर बेटी को स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाना है। यह बातें जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र सारण की जिला मिशन समन्वयक निभा कुमारी ने गड़खा प्रखंड अंतर्गत भैंसमारा गांव स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आयोजित विशेष एनीमिया जांच एवं स्वास्थ्य शिविर के दौरान कही। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण होता है। इस दौरान शरीर में खून की कमी, पोषण की आवश्यकता और संतुलित खान-पान पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। समय रहते स्वास्थ्य जांच और जागरूकता से एनीमिया जैसी समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

**दो हजार से अधिक किशोरियों की जांच**

राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर आयोजित इस विशेष शिविर में लगभग 2000 से अधिक छात्राओं एवं महिलाओं की एनीमिया जांच की गई। गड़खा स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम ने छात्राओं की रक्त जांच के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। शिविर के दौरान आयरन, फोलिक एसिड एवं अन्य आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। विद्यालय की वार्डन करिश्मा कुमारी ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, ताकि प्रत्येक किशोरी की समय-समय पर जांच हो सके और किसी भी बीमारी का प्रारंभिक अवस्था में ही पता चल सके।

**स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों में व्यापक रूप से फैले एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच सुनिश्चित करना तथा आवश्यक उपचार एवं पोषण संबंधी परामर्श उपलब्ध कराना रहा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में शिक्षा विभाग की ओर से डीजीसी डॉ. कुमारी मेनका, डीएचईडब्ल्यू के वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ सत्येंद्र कुमार, लैंगिक विशेषज्ञ सुजाता श्री, चिकित्सक डॉ. विकास कुमार, डॉ. सुजीत कुमार, एएनएम तथा विद्यालय की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित यह पहल बालिकाओं के स्वास्थ्य सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# दहेज कुप्रथा भारतीय समाज के लिए भयंकर अभिशाप : प्रमोद सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। नावाडीह चरण महादेवा में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो टीम के द्वारा नारी को करो सम्मान दहेज मुक्त कन्यादान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिह, नवीननगर प्रखंड प्रमुख चित्रा सिह, जदयू नेता सुरेंद्र सिह, अधिवक्ता संघ के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, कथक वाटिका एकेडमिक के निर्देशक बब्लू कुमार, सामाजिक कार्यकता वरुण सिह उर्फ जबर सिह, भाजपा नेता मुन्ना सिह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिह, धर्म रक्षक के प्रदेश प्रमुख विनोद सिह शामिल हुए। सभी लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के शुरुआत की। विधायक प्रमोद सिह ने कहा



कि यूं तो मानव समाज एवं सभ्यता के समक्ष कई सारी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, परंतु इनमें से एक चुनौती ऐसी है, जिसका कोई भी तोड़ अभी तक समर्थ होता नहीं दिख रहा है। कहना नहीं होगा कि विवाह संस्कार से जुड़ी हुई यह सामाजिक विकृति दहेज प्रथा ही है। दहेज कुप्रथा भारतीय समाज के लिए एक भयंकर अभिशाप की तरह है। हमारी सभ्यता एवं संस्कृति का यह एक बड़ा कलंक है। इस अभिशाप को खत्म करने के लिए हम सबको जागरूक होने की जरूरत है, ऐसे कार्यक्रम के आयोजनों से समाज में एक नहीं जागृति आएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि समाज में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप बन गया है जो महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों, चाहे वे शारीरिक हों या फिर मानसिक को बढ़ावा देता है। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि कुछ इस तरह अपना कर समाज से इस बुराई को मिटाया जा सकता है। अपनी बेटियों को शिक्षित करें। उन्हें अपने कैरियर के लिए प्रोत्साहित करें । उन्हें स्वतंत्र और जिम्मेदार होना सिखाएं।अपनी बेटी के साथ बिना किसी भेदभाव के समानता का व्यवहार करें। दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें रिया पाठक, हेमा पाठक, बाबुल का यह घर बहना कुछ दिन का ठिकाना है यह प्रस्तुति से सभी लोगों को भावुक कर दिया, धर्मेंद्र यादव, सुजीत पाल, मुकेश चौबे, राम श्लोक, राम श्याम जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति जनती में जरल जयबू आग के दहेज में जैसे प्रस्तुति ने लोगों के आंखों को नम कर दिए। सुनिधि कुमारी, रिया कुमारी, मोहित पाठक, खुशी कुमारी, सृष्टि कुमारी सहित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों की खूब तालियां बटोरी, विभिन्न क्षेत्र से उत्कृष्ट कार्य कर के समाज का गौरव बढ़ाने वाली बेटियों को प्रतिभा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी ओमप्रकाश, जिला सचिव सुमित कुमार, जिला जांच प्रभारी रणवीर सिह, जिला एक्शन प्रभारी निखिल सिह, कविता विद्यार्थी, श्वेता सिह, राजू सिह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# औरंगाबाद की सभी पंचायतों में शुरू होगी पतंजलि योग कक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद के सभी गांवों में योग के बारे में जागरूक कराने एवं सभी पंचायतों में मार्च तक योग कक्षा शुरू करने को लेकर बैठक आयोजित की गई। मुखिया संजय कुमार के आवास पर पतंजलि योग के राज्य प्रभारी सुनील स्वाभिमानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत की गई।राज्य प्रभारी ने बताया कि रोग मुक्त जीवन की परिकल्पना योग के बिना संभव नहीं है।इस भाग दौड़ की जीवनचर्या में लोग काफी तनाव में रह रहे हैं।जिससे अनेकानेक बीमारियों से ग्रसित भी हो रहे हैं। हमारा उद्देश्य, लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए जागरूक करना है।इसके लिए हमारे देश में पूर्व से ही



आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति है। जिसे लोग धीरे धीरे भूलते जा रहे हैं।अपने व्यस्ततम समय में से थोड़ा समय अपने स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। उस समय का उपयोग योग करके अपने आप को रोग मुक्त रखा जा सकता है।इसके लिए भगवान भास्कर की धरती औरंगाबाद के सभी गांवों में योग के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यही नहीं मार्च तक जिला के सभी पंचायतों में योग के लिए कक्षा स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर बीएसटी प्रभारी विनोद आर्य, दीनानाथ विश्वकर्मा, सुजीत कुमार, ब्रजेश कुमार, रविशंकर कुमार, राजेन्द्र यादव, रामाशीष कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सामाजिक समरसता का संगम बना संत शिरोमणि रैदास जयंती समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा हाईस्कूल के बड़े मैदान में संत गुरु शिरोमणि रैदास की 649वीं जयंती समारोह सामाजिक समरसता और एकता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। समारोह की शुरुआत संत शिरोमणि रैदास के आदमकद चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित करने एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर पूरा वातावरण संत रैदास के विचारों और आदर्शों में रंगा नजर आया। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक नागेश्वर राम ने की, जबकि संचालन जितेंद्र भारती ने किया। रविदास चेतना मंच के अध्यक्ष चितरंजन कुमार सहित मंच से जुड़े सदस्यों ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य ई. पुष्पलता कुमारी



ने किया। मुख्य अतिथि गोह विधायक अमरेन्द्र कुमार ने संत शिरोमणि रैदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सामाजिक समरसता और समानता के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने समाज को बराबरी का अधिकार देने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि भीम आर्मी की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता बौद्ध ने कहा कि संत रैदास ने समाज में परिवर्तन की मजबूत नींव रखी और सभी के लिए समान अधिकार की कल्पना की।

समारोह में गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। लोक गायक उमाकांत मिश्रा एवं सुजीत हलचल ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया।

# 1699 केंद्रों पर दो पालियों में होगी मैट्रिक परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का आयोजन 17 फरवरी से 24 फरवरी तक किया जाएगा। परीक्षा को लेकर राज्य भर में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं और परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। बोर्ड के अनुसार, इस वर्ष करीब 15.12 लाख परीक्षार्थी दो पालियों में 1699 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। इनमें 7,85,722 छात्राएं और 7,26,961 छात्र शामिल हैं। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाली सरकारी योजनाओं का सकारात्मक असर छात्राओं की बढ़ती भागीदारी के रूप में सामने आया है।

# रफीगंज में निकला कैंडल मार्च, गूंजा 'भारत माता की जय'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के कासमा रोड स्थित आरबीआर खेल मैदान में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई के नगर मंत्री राहुल गुप्ता के नेतृत्व में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों का काफिला श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहा था, तभी पुलवामा में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार जवानों



की बस से टकरा दी। इस भीषण हमले में 40 से अधिक जवान शहीद हो गए थे।

उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को देश "ब्लैक डे" के रूप में मनाता है। यह दिन शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन करने का प्रतीक है। पुलवामा का दर्द आज भी हर भारतीय की आंखें नम कर देता है और दिल में देशभक्ति का जज़्बा भर देता है।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रांशु सिंह, नगर सह मंत्री रंजन कुमार, राजू कुमार, अमित कुमार, निर्मल कुमार, राहुल शर्मा, आलोक चौरसिया, विशाल सोनी, अतुल कुमार सहित कई युवा एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

# आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेंटर ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेंटर दोस्ताना अंबा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों ने मां भारती का मानचित्र बनाया और मोमबत्ती जलाकर संवेदना प्रकट की। वहीं शहीद वीर सपूतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने आतंकियों के कुकृत्य की भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में आत्मघाती हमलावरों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैनिकों के काफिले



को निशाना बनाया था। जिसमें सीआरपीएफ के चालीस जवान शहीद हो गए थे। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम होगी। पुरा देश जवानों के शहादत पर गर्व करता है। इस अवसर पर प्राचार्य विनय कुमार, सचिव दिनेश कुमार, वॉइस प्रिंसिपल रूपम कुमारी, विशिष्ट शिक्षक अरुण कुमार सिंह, त्रिपुरारी प्रसाद, धनंजय कुमार, शैलेश, मुकेश, पप्पू, उज्जवल, शिक्षिका रीमा, रिंपा, रेशमा, वर्षा, प्रीति, नीति, प्रियंका, निधि, मुस्कान और बच्चे उपस्थित थें।

# उमंगेश्वरी महोत्सव की तैयारियां पूरी आज से सजेगा सांस्कृतिक रंगमंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। उमंगेश्वरी महोत्सव 2026 को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार और सोमवार को आयोजित होने वाले इस महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कला और संस्कृति की जीवंत छटा देखने को मिलेगी। महोत्सव स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और सांस्कृतिक मंच पूरी तरह तैयार है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि महोत्सव को लेकर प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मंच को सुंदर रूप से



सजाया-संवारा गया है, ताकि कलाकारों की प्रस्तुतियां और भी प्रभावशाली बन सकें। महोत्सव में प्रख्यात कलाकार ऐश्वर्या पंडित अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। इसके अलावा कलाकार सुरंजन राजवीर सहित स्थानीय कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

# ब्रिटिश एकेडमी का वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के इमादपुर स्थित हयात होटल में ब्रिटिश आकदमी द्वारा वार्षिक महोत्सव सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ गुलाम शाहिद, पूर्व मुखिया शहजादा शाही, थाना के एस.आई. सुधांशु कुमार, सबनम प्रवीण, प्रोफेसर जोगिंद्र, योगेंद्र यादव, सुभम सिंह, संतोष कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भारत छोड़ो आंदोलन सहित विभिन्न एकांकी एवं नृत्य-गीत की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन



मोह लिया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर सभी अतिथि अत्यंत प्रसन्न एवं प्रभावित हुए।

विद्यालय प्रशासन की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। अंत में बारहवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह उत्साह, उमंग और भावनात्मक पलों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ ए आर खान, चेयरमैन जुलकर खान तथा डायरेक्ट्रेस सानिया सहित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों शामिल हुए।

# एनटीपीसी के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा को मिला बढ़ावा: चेतन आनंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एनटीपीसी नबीनगर द्वारा शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई, जिसके तहत 17 ग्रामीण विद्यालयों को कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर आयोजित वितरण समारोह में नबीनगर विधायक चेतन आनंद तथा एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेतन आनंद ने कहा कि एनटीपीसी नबीनगर द्वारा ग्रामीण विद्यालयों को कंप्यूटर उपलब्ध कराना डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की



दिशा में सराहनीय कदम है, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीक से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि एनटीपीसी आगे भी ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह कार्य करता रहे। वहीं एल. के. बेहेरा ने कहा कि एनटीपीसी ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को मजबूत करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और इस तरह की पहलें छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी अपनी नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर योगदान देता रहेगा। कार्यक्रम में लाभान्वित विद्यालयों के बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विद्युत उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी नबीनगर अपने नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पुनर्वास और पुनर्स्थापन विभाग के माध्यम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है और शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, कौशल विकास तथा आजीविका प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में सतत प्रयासों के जरिए स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को सशक्त बनाने की दिशा में जुटा हुआ है।

# महादलित टोला तक सड़क नहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर प्रखंड की बनियां पंचायत अंतर्गत स्थित महादलित रविदास टोला तक अब तक संपर्क सड़क नहीं बन सकी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल औरंगाबाद) तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है।

ग्रामीणों ने मोती बिगहा रोड से नयका आहर के पिंड होते हुए बनियां रविदास टोला तक संपर्क



सड़क निर्माण की आवश्यकता बताई है। पंचायत समिति सदस्य बबिता देवी ने भी इस संबंध में लिखित रूप से सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी पत्राचार किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। बताया गया कि रविदास टोला की आबादी 500 से अधिक है। सड़क का निर्माण हो जाने से महादलित परिवारों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच में काफी सहूलियत होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण की पहल करने की मांग की है।

# 'प्यार के रंग में रंगा शहर—वैलेंटाइन डे पर सादगी और मुस्कान के बीच जश्न'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर से लेकर प्रखंड़ों तक वैलेंटाइंस डे धूमधाम से मनाया गया। शहर के सत्येंद्र नारायण सिन्हा पार्क, तिताई बिगहा जैव विविधता पार्क सहित कई पार्कों में वैलेंटाइंस डे पर भीड़ देखी गई। बता दें कि वैलेंटाइंस डे का इतिहास काफी रोचक है। वैलेटाइंस डे 7 से 14 फरवरी यानी 7 दिनों तक वैलेंटाइंस वीक सेलिब्रेट करते हैं। बताया जाता है कि वैलेंटाइंस डे बलिदान का प्रतीक है। प्यार में डूबे लोगों के लिए फरवरी महीना काफी खास माना जाता है। फरवरी के दूसरे हफ्ते से वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो जाती है। यहां तक की कुछ शादी के लिए भी 14 फरवरी यानी वैलेंटाइंस डे का दिन ही चुनते हैं। वैलेंटाइन डे का इतिहास काफी रोचक है। अलग-अलग देशों में इसे मनाने के तरीके और वजहें भी अलग-अलह हैं। वैलेंटाइंस डे को पहले सिर्फ कपल्स



का दिन माना जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। 14 फरवरी को लोग अपने प्रियजनों के साथ भी सेलिब्रेट करते हैं। हमारे आसपास ऐसे बहुत से लोग होंगे जो वैलेंटाइंस डे तो मनाते हैं लेकिन इसका इतिहास और इससे जुड़ी कहानी के बारे में नहीं जानते होंगे।

**संत वैलेंटाइन से जुड़ी है कहानी**

वैलेंटाइन डे को मनाने की कहानी रोम के एक संत वैलेंटाइन से जुड़ी हुई है। दरअसल, ऐसा माना जाता है कि रोम के राजा क्लाउडियस प्यार के सख्त खिलाफ थे क्योंकि उनका मानना था कि अगर सैनिक प्यार करने लगेंगे तो उनका मन काम




से भटक जाएगा और इससे रोम की सेना कमजोर होगी। यही वजह थी कि उन्होंने सैनिकों के शादी करने पर भी रोक लगा रखी थी। वहीं दूसरी तरफ संत वैलेंटाइन प्यार का प्रचार करते थे। इतना ही नहीं उन्होंने राजा के खिलाफ जाकर कई लोगों की शादियां भी करवाई थी।

**मां-बाप वाला प्यार होता है सच्चा : सिंटू**

युवा सिंटू सिंह बताते हैं कि आजकल का प्यार दिखावा वाला है। वेलेंटाइंस वीक या वैलेंटाइन डे वाला प्यार झूठा होता है। सिर्फ टाइम पास होता है और वक्त के साथ ढल जाता है लेकिन जो प्यार मां-बाप के वक्त पर होता था कि वो दोनों आज तक शादी में एक-दूसरे से बंधे हुए हैं। छोटे-मोटे लड़ाई-झगड़े के बाद भी एक-दूसरे से अलग नहीं होते, वही प्यार सच्चा है। युवाओं को अपने माता-पिता के प्यार से कुछ सीखना चाहिए।

**मुश्किल वक्त में जो खड़ा रहता है वहीं प्यार सच्चा : बब्लू**

युवा बब्लू कुमार सोनी ने कहा कि वेलेंटाइंस वीक वाला प्यार सच्चा नहीं है। आपने किसी को चॉकलेट दे दी, गुलाब दे दिया, टेडी बेयर दे दिया और चाहें कि यही सच्चा प्यार है, तो यह दिखावा है। सच्चा प्यार वह होता है जिसमें एक-दूसरे की इज्जत की जाती है। एक-दूसरे को महसूस करना और एक-दूसरे की फिक्र करना और जरूरत पड़ने पर उनके साथ खड़ा रहना, यही सच्चा प्यार है।

# महाशिवरात्रि पर चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेगें दण्डाधिकारी व पुलिस बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई।

ब्रीफिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को मनाया जाना है। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा शिवालयों में जलाभिषेक, पूजा-अर्चना तथा हरि कीर्तन किया जाता है। उन्होंने बताया कि मदनपुर प्रखंड अंतर्गत "उमगा पहाड़" पर स्थित उमंगेश्वरी शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक हेतु एकत्रित होते हैं। उक्त क्षेत्र पूर्व से नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र रहा है, अतः वहां विशेष सतर्कता एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस क्रम में मदनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार एवं संबंधित थानाध्यक्ष राजेश कुमार को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत पुलिस पदाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति उमगा मेला क्षेत्र में सुनिश्चित करें तथा भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पर्व-त्योहार के अवसर पर प्रायः देखा जाता है कि दो भिन्न समुदायों के बीच छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर विवाद उत्पन्न हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने निर्देश दिया कि सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए पूर्व में घटित सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं के मद्देनजर उन क्षेत्रों में विशेष चौकसी बढ़ाई जाए तथा नियमित गश्ती एवं निगरानी को प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि सभी संप्रदाय के महत्वपूर्ण व्यक्तियों से सीधे संवाद स्थापित किया जाए तथा समय-समय पर शांति समिति की बैठक आयोजित की जाए। साथ ही क्षेत्र में ऐसे तत्वों की पहचान की जाए जिनका पूर्व में सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने का इतिहास रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से पूर्व ही आवश्यक कार्रवाई की जा सके। एसडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसे अवसरों पर असामाजिक तत्व मौके का फायदा उठाकर अफवाह फैलाते हैं, जिससे सामाजिक तनाव बढ़ता है। अतः अफवाहों की रोकथाम हेतु त्वरित एवं यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने में जनप्रतिनिधि करें सहयोग : डीएम

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत डीएम पहुंचे शाम्हो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शाम्हो अकहा कुरहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी प्रखंड कार्यालय पहुंचे और वहां की प्रशासनिक एवं भौतिक स्थिति का जायजा लिया। मौके पर अंचल अधिकारी ने अवगत कराया कि नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने कल्याण सिंह उच्च विद्यालय, शाम्हो परिसर में सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सात निश्चय पार्ट-3 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी तथा क्षेत्र के सभी किसानों का अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराने हेतु जनप्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपील की। जिला पदाधिकारी ने रक्सौल, हल्दिया एक्सप्रेसवे परियोजना की प्रगति एवं संभावित लाभों की जानकारी भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में सिंचाई हेतु बिजली की समस्या, शाम्हो में निर्मित पावर ग्रिड को ऊंचा कराने की आवश्यकता, बाढ़ से सुरक्षा के लिए सड़कों का उच्चीकरण तथा पशुपालन अस्पताल भवन निर्माण जैसी महत्वपूर्ण मांगें जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता ब्रजकिशोर चौधरी, सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पूजा प्रीतम, निदेशक डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारी शाम्हो, अंचल अधिकारी शाम्हो सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भूमि विवाद को लेकर जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें भूमि विवाद के दो नये मामले सुनवाई हेतु दर्ज किये गए। जनता दरबार में पूर्व से 12 लंबित मामले की सुनवाई उपरांत पांच मामलों का निष्पादन किया गया। निष्पादित मामले विष्णुपुर पंचायत चुनाव के नीरपुर के मसो गीता देवी व रामोतार राम द्वारा केस में अभिरुचि नहीं लेने से, हसनपुर बागर के मो अफरोज व मो कासिम को सक्षम न्यायालय में जाने, रजाकपुर पंचायत के चक्का के नीतू देवी व राम महतो के मामले में उभय पक्षों द्वारा वाद में अभिरुचि नहीं लेने, रजाकपुर के रामेश्वर तांती व प्रभात मोची में प्रथम पक्ष रामेश्वर तांती द्वारा मामले में अभिरुचि नहीं लेने तथा समसा के ज्योति देवी व अरविंद ठाकुर द्वारा दायर वाद में उभय पक्षों द्वारा दिलचस्पी नहीं लेने से मामले का निपटारा किया गया। वही दर्ज मामले गम्हरिया के सुमित्रा देवी व मंजू देवी के जबरन भूमि पर कब्जा करने, समसा के राजकिशोर महतो व सुशील महतो के बीच रास्ता विवाद की सुनवाई हेतु दर्ज किया गया। जनता दरबार में अब कुल 9 मामले लंबित है। सभी लंबित मामले के फरियादी को सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित की गयी। मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार, प्रधान लिपिक गोपाल कुमार, कार्यपालक सहायक अमरजीत कुमार, नरेंद्र कुमार, प्रोबेशनरी एस आई गुड़िया कुमारी, कार्यालय परिचारी मनोज पासवान सहित अन्य फरियादी मौजूद थे।

### जनता दरबार में एक मामला निष्पादित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए जमीनी विवाद को लेकर वीरपुर अंचल कार्यालय में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पूर्व का तीन और नए तीन मामलों के साथ कुल छह मामलों की सुनवाई की गई जिसमें से एक मामलों को आपसी समझौते के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए आवेदन को लेकर दोनों पक्षों को अगले तिथि को लेकर नोटिस जारी किया जाएगा।

## रंगदारी नहीं देने पर कई बिघे में लगा केला काटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर पंचायत के चक मुजफ्फर में रंगदारी मांगने की लिखित शिकायत पीड़ित ने थाना में दर्ज कराई है। बताया गया कि चकमुजफ्फर निवासी स्व ब्रजेश कुमार सिंह के पुत्र उत्पल कांत ने सिंह ने दिये गये आवेदन में कहा है कि उसने दो बीघे खेत में केला की फसल लगाई है। पिछले 10 फरवरी को केला बेचने के समय चकमुजफ्फर निवासी राम नरेश सिंह के पुत्र राम प्रकाश सिंह आया और कहा कि इस केला में तीन लाख की आमदनी होगी। मुझे पचास हजार रुपये रंगदारी टैक्स दो। अगर नहीं दोगे तो, केला बर्वाद कर देने की धमकी देते हुए चला गया। 13 फरवरी के दिन मे ग्रामीणों के द्वारा केला काटे जाने की खबर पर कुछ लोगों के साथ खेत पहुंचा तो राम प्रकाश सिंह व कुछ अज्ञात लोग केला को बोरा में भर रहे थे। हमलोगों को देखकर वह भाग गया और कहा कि रंगदारी नहीं दोगे तो यही हश्र होते रहेगा। खेतों में पांच हजार पीस केला कटा हुआ पाया। जिसकी कीमत अनुमानतः दस हजार रुपये होता है। उन्होंने थानाध्यक्ष से कानूनी कार्रवाई करने व सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से शनिवार को दो वारंटियों को वीरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 41/09 के वारंटी पर्रा गांव वार्ड संख्या 10 निवासी स्व बुटाई यादव के पुत्र राम निवास यादव एवं आर्म्स एक्ट के इश्तेहार वारंटी बभनगामा गांव निवासी रामअक्षेवट सिंह के पुत्र राजीव कुमार के खिलाफ बेगुसराय न्यायालय से वारंट जारी किया गया था।

## मां मैत्रायिणी योगिनी सेकेंडरी स्कूल गुंडी में हिन्दी साहित्य सह बाल मेला का आयोजन

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए आकर्षक मॉडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मां मैत्रायिणी योगिनी सेकेंडरी स्कूल गुंडी बड़हरा के प्रांगण में विशाल भव्य विज्ञान प्रदर्शनी एवं हिंदी साहित्य सह बाल मेला का आयोजन हुआ। उद्घाटन प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह व विज्ञान विभाग के शिक्षक संयुक्त रुप से किया। सर्वप्रथम परम पूज्य पीठाधीश्वर बाबा श्री सिद्धार्थ गौतम राम जी महाराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर, पूजन अर्चन कर, दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बहुत ही आकर्षक वर्किंग मॉडल तैयार किए गए थे। जिसमें वोमेन सेफ्टी डिवाइस, एलइडी स्टंप, टेस्ला क्वालिटी, एयर क्वालिटी डिटेक्टर, एंटी स्लीप अलार्म, फ्लोटिंग स्कूल, अवडिरानो ओबस्टेक्ल एभ्यॉडिंग कार समेत 80 मॉडल प्रदर्शनी में प्रस्तुत कर अपने टैलेंट का परिचय छात्र-छात्राओ ने दिया। इसमे श्यामली भारद्वाज, साक्षी पांडेय, सृष्टि सिंह, आदर्श सिंह, अमन सिंह, अनन्या सिंह, निखिल, जैद, मानस सिंह, अंकिता सिंह, दिब्यां गुप्ता, सौम्या तिवारी, भव्या कुमारी, खुशबू कुमारी, जानवी, प्रिया राय, रोहिणी समेत अन्य का अद्भुत सहयोग रहा। इन सभी वर्किंग मॉडलों को अपनी कुशल देखरेख में क्रियानवित करने वाले शिक्षकों में राधा मोहन सिंह, विशाल सिंह, शिवानी सिंह, रूपाली सिंह, नीलिमा चौधरी, वर्गीश एवं कुणाल पांडेय का विशेष योगदान रहा। इस दौरान हिंदी साहित्य का भी वर्किंग मॉडल की तैयारी एक अद्भुत छठा बिखेर रही थी। जिसमें पूरा हिंदी व्याकरण ही समाहित था। वही भारत के 22 भाषाओं का प्रोजेक्ट का भी स्वरूप दिखा एवं बच्चों द्वारा बाल प्रदर्शनी में नाना प्रकार के खिलौने रंगोली, मटकी आदि की भी झलक प्रोजेक्ट के रूप में दिखी। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा कुछ फूड स्टाल लगाया गया जिसका बच्चे एवं अभिभावक जमकर लुफ्त उठाएं। बाल मेला को आकर्षक बनाने में आभा सिंह, पूनम तेजस्विनी, पायल तेजस्विनी, प्रियंका शर्मा, प्रीति व अन्य शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हिंदी साहित्य मेला को आकर्षक बनाने में नीतू सिंह, प्रेमा सिंह, विजय कुमार पाठक, अमृता सिंह का संस्कृत साहित्य मेला में मीना कुमारी, पिंकी पाठक का एवं अंग्रेजी साहित्य मेला में मुख्य रूप से मीनाक्षी भारद्वाज का योगदान रहा। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अनंत सिंह, नितेश कुमार सिंह मंटू, भुवनेश्वर सिंह, जेपी पाठक, ओम प्रकाश ठाकुर, प्रफुल्ल सिंह आदि समस्त कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** परिहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परिहारा वार्ड संख्या-3 (परिहारा चौक) में एक शादी समारोह में युवकों द्वारा की गई हर्ष फायरिंग में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। ज्ञात हो कि शादी के दौरान अवैध हथियारों से खुलेआम युवकों ने हर्ष फायरिंग किया। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी। जानकारी के अनुसार, 6 फरवरी को परिहारा चौक निवासी सुशील सिंह की पुत्री की शादी थी। आरोप है कि शादी समारोह के दौरान दर्जनों लोग अवैध राइफल, बंदूक और कट्टा लहराते हुए गांव में घूमे और कई राउंड फायरिंग की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पूरे गांव में हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन किया गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।

गुरुवार को परिहारा थाना में पदस्थापित एसआई रविंद्र कुमार ने अपने स्व-बयान के आधार पर कार्रवाई की पहल की। थाना के सरकारी मोबाइल पर प्राप्त एक वायरल वीडियो में कुछ लोग शादी समारोह के दौरान हथियार से फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम सत्यापन के लिए वार्ड संख्या-03 स्थित सुशील सिंह के आवास पहुंची। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि 6 फरवरी को शादी के दौरान ही हर्ष फायरिंग की घटना हुई थी। वायरल वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान बखरी थाना क्षेत्र के निसहरा गांव निवासी रामाधार सिंह के पुत्र पवन कुमार सिंह, परिहारा थाना क्षेत्र के सांखू गांव निवासी संजीव साह के पुत्र प्रिंस कुमार, स्वर्गीय मनोज सिंह के पुत्र प्रीतम कुमार सिंह एवं सुशील सिंह सहित कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार, फायरिंग के दौरान सुशील सिंह के पुत्र सौरभ कुमार के पैर में गोली लगने की बात भी सामने आई है। हालांकि पुलिस सत्यापन के समय सौरभ कुमार घर पर मौजूद नहीं मिले। इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सूत्रों के अनुसार, सुशील सिंह और उनके पुत्र सौरभ सिंह पर पूर्व से हत्या (धारा 302), हत्या का प्रयास (307), आपराधिक षड्यंत्र (120उ), मारपीट (323), रास्ता रोकना (341) तथा आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं, जो न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस वायरल वीडियो के साथ-साथ आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। अवैध आग्नेयास्त्र से हर्ष फायरिंग को संज्ञेय अपराध मानते हुए नामजद एवं अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस्तेमाल किए गए हथियार लाइसेंसी थे या अवैध। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि शादी या अन्य समारोहों में हथियारों का प्रदर्शन या फायरिंग से बचें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पहले बंद हो जाएगा प्रवेश द्वार

### मैट्रिक परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मैट्रिक परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी कंकौल में सभी केंद्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, समयबद्ध प्रवेश, कदाचार-निरोधी उपाय, संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी, दंडाधिकारियों की भूमिका तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा प्रत्येक स्तर पर सतर्कता, पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे तथा इसकी निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से की जाएगी। सभी परीक्षार्थियों से समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुँचने की अपील की गई है। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (ट्रैफिक) को संभावित जाम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, अपर समाहर्ता (विभागीय जाँच), जिला भूअर्जन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गणेश सिंह की पुण्यतिथि मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** भाकपा के पूर्व जिला मंत्री, पूर्व जिप सदस्य गणेश सिंह की पुण्यतिथि पहसारा में शनिवार को मनाई गई। श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा की अध्यक्षता शिवजी सिंह तथा संचालन रामाश्रय सिंह ने किया। राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अंजान ने कहा कि दिवंगत गणेश सिंह की विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने आजीवन जमींदारों के जुल्म का मुखालफत करते रहे। वे बेजुबानों के जुबान, गरीब, मजलुमों की रहनुमाई करते हुए अपना जीवन कुर्बान किया। आज देश के अंदर कुछ और घटित हो रहा है तथा इसे दिखाया कुछ और ही जाता है। श्रमिक कोड में परिणत कर मजदूरों के श्रम का शोषण करने की साजिश चल रही है। भारत, अमेरिका डील में किसानों के खेतों पर कोरपोरेट घराने के कब्जे करने की साजिश चल रही है। इससे यहाँ के किसान आने वाले दिनों में कंगाल होने जा रहे हैं। दूध, मांस आदि के आयात में छूट देकर यहाँ के उत्पाद को उचित कीमत नहीं मिलेगी। इससे देश में आर्थिक मंदी होगी। व्यवसाय चौपट हो जाएगी। इनके साजिश को पर्दाफाश करने हेतु एकताबद्ध होकर चरणबद्ध आंदोलन करने की अपील की। सभा को रबीन्द्र सिंह, संजीव सिंह, घनश्याम कुमार, मुकेश कुमार, चूनचून सिंह, जीतेन्द्र कुमार ने भी संबंधित किया। मौके पर आनंद मोहन प्रसाद सिंह, महेन्द्र महतो, सत्य नारायण पोद्दार, राजदेव महतो, सीताराम पासवान, हरि नंदन महतो,अभिनव कुमार सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## अखंड रामधुन से भक्तिमय हुआ माहौल

### प्रखंड क्षेत्र में भक्ति भावना में डूबे श्रद्धालु

- कहीं नौ दिनों का नवाह अखंड संकीर्तन चल रहा तो कहीं 72 घंटे का
- 'सीताराम-सीताराम' के जयघोष से गूंज उठा इलाका
- पहसारा मुखियाजी चौक स्थित शिव मंदिर में नौ दिवसीय अखंड सीताराम संकीर्तन का आयोजन
- समसा स्थित ठाकुरबाड़ी में 24 घंटे का अखंड सीताराम संकीर्तन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र इन दिनों पूरी तरह भक्ति रस में डूबा हुआ है। गांव-गांव में सीताराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कहीं नौ दिनों का नवाह अखंड संकीर्तन चल रहा है तो कहीं 72 घंटे का तो कहीं 24 घंटे का अखंड रामधुन कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धालु भक्ति में लीन हैं। लगातार गूंज रहे सीताराम-सीताराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक हो गया है।

पहसारा मुखिया जी चौक स्थित शिव मंदिर में नौ दिवसीय अखंड सीताराम नाम संकीर्तन नवाह श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हो रहा है। यहां सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु भजन-कीर्तन में शामिल हो रहे हैं। वहीं समसा स्थित ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में 24 घंटे का अखंड सीताराम नाम संकीर्तन रामधुन जारी है।जहां स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। सैदपुर भगवती स्थान में भी नौ दिनों का अखंड संकीर्तन चल रहा है। जिससे पूरा इलाका भक्तिमय बना हुआ है। संकीर्तन स्थलों पर भजन मंडलियों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति की जा रही है। कई जगहों पर प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। आयोजन समितियों के सदस्य व्यवस्था में जुटे हुए हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि सीताराम नाम के संकीर्तन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भाव और शांति का संदेश फैलता है। लगातार हो रहे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है।

## बच्चों को दी गई कुपोषण से संबंधित जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय तेलन में विद्यालय परिवार और एकता शक्ति फाउंडेशन के द्वारा बच्चों के बीच फ्रूट जूस का वितरण किया गया। शनिवार को विद्यालय में उपस्थित 80 छात्रों, विद्यालय परिवार और शिक्षा समिति के सभी सदस्य भी उपस्थित थे। विदित हो कि सुरक्षित शनिवार का विषय भी कुपोषण ही था। फोकल शिक्षक पवन दास ने कुपोषण से होने वाली विभिन्न बीमारी और समस्याओं की चर्चा की और बचाव के उपाय भी बताया। एकता शक्ति फाउंडेशन के प्रबंधक विक्रमादित्य कुमार ने बताया कि कुपोषण से बचाव के लिए पर्याप्त पौष्टिक भोजन के साथ साथ जूस, सलाद आदि के सेवन से अनेक बीमारियों को दूर किया जा सकता है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक विकास मिश्रा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से विद्यालय का माहौल खुशनुमा होता है। जूस के बड़े पैकेट को प्राप्त कर दुर्गा, आशी, मीठी, निक्की, नंदनी, अंशु, शिवम, अंशिका, सुहानी समेत सभी बच्चे काफी प्रसन्न दिखाई दिए। अंत मे विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक विक्रमादित्य कुमार का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मौके पर एकता शक्ति के विद्यालय समन्वयक अमन कुमार, शिक्षक रामानन्द पासवान, अनिशा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नूतन, अनिता, चंदन सदा, सचिव रूपम देवी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। इसी के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का में सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक श्री शंभू महतो ने किया।मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षित शनिवार का आयोजन हर शनिवार को आयोजित किया जाता है। फरवरी माह के द्वितीय शनिवार को कुपोषण विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस कुमार वर्ग अष्टम एवं प्रियांशु कुमार वर्ग अष्टम द्वारा की गई फोकल शिक्षक शुभम कुमार द्वारा बताया गया कि कुपोषण से बचने के लिए संतुलित आहार लेना चाहिए एवं पौष्टिक आहार जिसमें हरी सब्जी, दूध, फल का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें तथा जंक फूड को इग्नोर करें। कुपोषण से बहुत सारी बीमारियां उत्पन्न होती हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। शरीर में जिससे बच्चे और महिलाओं को काफी समस्या होती है। इसी बीच वर्ग अष्टम की ईशा कुमारी द्वारा संगीत भी प्रस्तुत किया गया, जिसे बच्चों में काफी उत्सुकता देखी गई और काफी अच्छा मनोरंजन का भी माहौल बना रहा। मौके पर शिक्षक सिकंदर साहनी, शत्रुघ्न कुमार महतो, कुमारी, साधना, देवकांत राय, तालेश्वर, ताती, प्रियदर्शन कुमार, पंकज कुमार, संजीत कुमार कुमार कुमारी, लक्ष्मी, रविंदर कुमार, राजेश, रमन अन्य मौजूद थे।

## आज निकलेगी शिव की बारात

### आकर्षक लाइटों से सज गया शिवालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। पर्व के मद्देनजर सभी प्रमुख शिव मंदिरों में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसरों की साफ-सफाई के साथ रंग-रौगन कराया गया है तथा आकर्षक विद्युत सज्जा और फूल-मालाओं से मंदिरों को सजाया गया है। शाम होते ही मंदिरों की रंग-बिरंगी रोशनी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। पुजारियों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं रात्रि जागरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, फल एवं अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। बाजारों में पूजा सामग्री की दुकानों पर अच्छी-खासी चहल-पहल देखी जा रही है। इधर महाशिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली भव्य शिव बारात को लेकर भी उत्साह चरम पर है। आयोजन समितियों की ओर से बताया गया कि विभिन्न गांवों की आकर्षक झांकियां शिव बारात में शामिल होंगी। भगवान शिव, माता पार्वती एवं शिवगणों की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र बनेंगी। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में आस्था, उत्साह और उमंग का वातावरण व्याप्त है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसारा पश्चिम पंचायत स्थित ढूना सिंह इंटर कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता राज किशोर सिंह ने की तथा संचालन शिवेश रंजन ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर श्री श्री 108 संजय शास्त्री, प्रांत प्रचारक राकेश कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उत्तर बिहार प्रांत मंत्री पुरुषोत्तम कुमार तथा संघ संचालक सुशील कुमार सिंह सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए भाईचारा, सहयोग और सहिष्णुता आवश्यक है। पंच परिवर्तन के तहत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के पालन पर विशेष जोर दिया गया।

### संतुलित और पौष्टिक आहार की बच्चों को दी गई जानकारी

**वीरपुर।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रखंड के प्रारंभिक एवं उच्च विद्यालयों में चेतना सत्र के दौरान बच्चों को कुपोषण के कारण व इससे बचने के उपायों की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि पर्याप्त व संतुलित भोजन के अभाव एवं खान-पान के तौर तरीकों की सही जानकारी नहीं होने के कारण कुपोषण की स्थिति पैदा होती है। इसलिए भोजन में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन व खनिज लवण की निर्धारित मात्रा अवश्य होनी चाहिए। कुपोषण से बचने के लिए संतुलित व पौष्टिक भोजन, हरी सब्जियों, फल, दूध, दाल का सेवन और बच्चे का समय पर टीकाकरण आदि सुझाव दिये गये। साथ ही कहा गया कि कुपोषण से बचने के लिए साफ सफाई,खान पान, वजन वृद्धि की निगरानी अत्यावश्यक है। मौके पर एचएम रईस, अशोक, संजीव, प्रमोद, विश्वनाथ, शिक्षक सुमन, अनिल, अजनीश, नितेश, नुपूर सहित बच्चे मौजूद थे।

### करंट लगने से युवक की मौत

**चंदवारा (कोडरमा)।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के पिपराडीह पंचायत के गैड़ा गांव में शनिवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिकेन्द्र रविदास उम्र 20 वर्ष ग्राम गैड़ा थाना जयनगर जिला कोडरमा निवासी के रूप में की गई है। जानकारी अनुसार युवक अपने गांव के तालाब में बिजली की तार ले जाकर मोटर से गेहूं पटवन कर रहा था। इसी दौरान करंट लग गया। मौके पर ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के मृत्यु से उनके परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी व कर्मी बिहार दिवस पर होंगे सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान के अंतर्गत फार्मर आईडी कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह एवं जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज उपस्थित रहे। विदित हो कि उक्त अभियान के अंतर्गत 06 जनवरी से 14 फरवरी 2026 तक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया को मिशन मोड में संचालित करने हेतु पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में आयोजित इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का निष्पादन सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि अब मिशन मोड में अभियान का संचालन बंद किया जाता है तथा आगे से नियमित रूप से संबंधित स्थलों पर फार्मर आईडी निर्माण की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। मुख्य सचिव ने मिशन मोड में फार्मर आईडी कार्ड निर्माण हेतु सभी जिलाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए निर्देश दिया कि अपने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों को चिन्हित कर बिहार दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। जिले में अब तक 2,00,529 किसानों के लक्ष्य के विरुद्ध 1,17,531 किसानों की फार्मर आईडी का निर्माण किया जा चुका मुख्य सचिव द्वारा मिशन मोड में फार्मर आईडी कार्ड निर्माण करने हेतु सभी जिला पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की अपने जिले में फार्मर आईडी कार्ड निर्माण उत्कृष्ट कार्य करने वालों पदाधिकारी एवं कर्मियों को चिन्हित करते हुए बिहार दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। जिले में अब तक 2,00,529 किसानों के लक्ष्य के विरुद्ध 1,17,531 किसानों की फार्मर आईडी निर्माण किया जा चुका है।

## फार्मर रजिस्ट्री में औरंगाबाद की ऐतिहासिक उपलब्धि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले ने फार्मर रजिस्ट्री का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के सशक्त एवं कुशल नेतृत्व में अभियान के फलस्वरूप ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। जिले में अब तक 1,18,137 किसानों का सफल पंजीकरण किया जा चुका है जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 60 प्रतिशत है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि राज्य स्तर पर भी जिले के लिए गर्व का विषय है। ज्ञात हो कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान 06 जनवरी 2026 से कैंप मोड में सघन रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत में जिले का लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि केवल 12,632 (6.30 प्रतिशत) थी, जो कि अभियान के तीसरे चरण की समाप्ति तक बढ़कर 1,18,137 (लगभग 60 प्रतिशत) हो गई है। जिला प्रशासन के स्पष्ट दिशा-निर्देश, सुनियोजित रणनीति, नियमित समीक्षा और प्रशासनिक सक्रियता के परिणामस्वरूप अभियान को तीव्र गति मिली। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने और उनके कल्याण हेतु डिजिटलीकृत सेवाओं के विस्तार में एक मील का पत्थर है।

# हथियार और नगदी के साथ महिला गिरफ्तार

### देसी कट्टा, देसी मस्केट, 62 जिंदा कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के सबौर थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने हथियारों और नगदी रुपए के साथ एक महिला अपराधी को गिरफ्तार किया है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने शनिवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के लैलख गांव में एक महिला अपराधी द्वारा अपने पति के साथ कोई बड़ी अपराध को अंजाम देने के लिए अपने घर में कुछ अवैध हथियार को छिपाकर रखने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि व्यवस्था) के नेतृत्व में गठित एक विशेष टीम ने उक्त गांव में महिला अपराधी के घर पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि इस दौरान पकड़ी गई महिला अपराधी की पहचान मीना देवी के रुप में हुई है

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई**

और उसके पास से एक देशी कट्टा, एक देशी मास्केट, 62 जिंदा कारतूस, चार लाख बीस हजार रुपए नगद तथा 1.875 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ के क्रम में उक्त महिला अपराधी ने आपराधिक मामले में अपने पति जनकलाल मंडल की संलिप्तता की बात स्वीकार की है। फरार पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इधर पुलिस द्वारा इस सिलसिले में उक्त महिला अपराधी और उसके पति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना, 15 लाख की संपत्ति ले उड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शुक्रवार की रात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 15 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। मामला हसपुरा थाना क्षेत्र के जमाल बिगहा का है। घटना को लेकर गांव में दहशत का माहौल है। गृहस्वामी शिक्षक मिथिलेश कुमार ने बताया कि घर में भाभी रहती थी। जबकि मैं अपने परिवार के साथ हसपुरा में रहता हूं। पिछले दिनों मेरे भतीजा का निधन हो गया था। इसके बाद मेरी भाभी दाउदनगर में रहने लगी। मैं रोजाना हसपुरा से रात में सोने अपने पैतृक गांव जमाल बिगहा जाता है। लेकिन लगन के कारण शुक्रवार को गांव नहीं पहुंच सका। सुनसान का फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। शनिवार को रिश्तेदार शादी का कार्ड देने पहुंचे, तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ देखकर सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मिथलेश कुमार गांव पहुंचे, तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर प्रवेश करने पर देखा कि सात कमरों के ताले तोड़े गए थे और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। कुल 18 कमरों वाले इस मकान में चोरों ने केवल उन्हीं सात कमरों को निशाना बनाया, जहां कीमती सामान रखा था। इससे आशंका जताई जा रही है कि चोरों को घर की बनावट और सामान की जानकारी पहले से थी। पीड़ित के अनुसार, तीन गोदरेज अलमारी और करीब दस बक्सों का ताला तोड़कर सोने के झुमके, बाली, चेन सहित लगभग दो किलो चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए। इसके अलावा दो दीवान में रखे कीमती बर्तन भी चोर अपने साथ ले गए। चोरी गई संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही हसपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित की ओर से थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# मानक अनुरूप कार्य नहीं करने वाले क्लीनिक संचालकों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आज जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में शनिवार को आयोजित बैठक में बताया गया की माह जनवरी 2026 में भाव्या स्कैन एंड शेयर में रेफरल अस्पताल, नाथनगर की उपलब्धि 81 प्रतिशत एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंगराचक का 88% है जबकि जिला का औसत उपलब्धि 94% है।

**डीएम ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा**



प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नाथनगर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंगराचक सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की स्कैन एंड शेयर में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जाए। मरीजों के वाइटल जांच की समीक्षा में पाया गया कि रेफरल अस्पताल, सुल्तानगंज की उपलब्धि 91.6 प्रतिशत थी, जबकि जिला का औसत उपलब्धि 98.5 प्रतिशत है, संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी मरीजों का वाइटल जांच की जाए।

बैठक में बताया गया कि सदर अस्पताल, भागलपुर में संचालित एस0एन0सी0यू में माह जनवरी में क्षमता के विरोध मात्र 75 प्रतिशत नवजात बच्चों को भर्ती किया गया इस पर जिला पदाधिकारी के द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि एस0एन0सी0यू में क्षमता अनुरूप बच्चों का इलाज किया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि वैसे निजी क्लीनिक जिनका संचालन मानक अनुसार नहीं किया जा रहा है एवं झोलाछाप चिकित्साकों पर कार्रवाई करते हुए उनको सील किया जाए। मातृ-मृत्यु दर कि समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया की प्रतिवेदित मातृ-मृत्यु से संबंधित आंकड़े की उनका प्रसव पूर्व जांच की गई थी या नहीं, उनको प्रसव के दौरान जोखिम हो सकता है। इसको चिन्हित किया गया था या नहीं। इन सभी आंकड़ों की समीक्षा की जाए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो जिस स्तर पर लापरवाही बरती गई है उससे संबंधित कर्मी यथा ए0एन0एम, आशा आदि पर कार्रवाई की जाए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की समीक्षा के क्रम में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान अपेक्षा अनुरूप ना होने के कारण जिला सामुदायिक प्रेरक का वेतन स्थगित रखने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। बैठक में आशा के चयन में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया कि आने वाले सप्ताह में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए यथाशीघ्र सभी आशा का चयन करना सुनिश्चित करेंगे।

यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया की ओ0पी0डी के 03 प्रतिशत मरीजो का यक्ष्मा जांच कराई जाए तथा बिना लक्षण वाले मरीजों की पहचान करते हुए उनका एक्स-रे कराते हुए उनको यक्ष्मा है या नहीं इसकी पुष्टि की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप सिंह, सिविल सर्जन डॉ प्रसाद सहित सभी प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इसरो स्टार्ट- 2026 के संचालन के लिए लनामिवि बना नोडल केन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून के सहयोग से आयोजित स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवेयरनेस ट्रेनिंग (स्टार्ट)-2026 कार्यक्रम के संचालन के लिए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को नोडल केन्द्र के रूप में स्वीकृति मिली है। इस कार्यक्रम के लिए डॉ. मनु राज शर्मा को पाठ्यक्रम समन्वयक नामित किया गया है। भूगोल विभाग के तत्वावधान में तथा एडवांस्ड रिसर्च सेंटर की रिमोट सेंसिंग प्रयोगशाला के सहयोग से इस कार्यक्रम को संचालित किया जाएगा। अंतरिक्ष से प्राप्त अवलोकन विषय पर केंद्रित पूर्णतः ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन दो सत्र (प्रत्येक 45 मिनट) संचालित किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में विद्युतचुंबकीय वर्णक्रम, कक्षीय यांत्रिकी, रिमोट सेंसिंग की मूलभूत अवधारणाएँ, माइक्रोवेव एवं सिंथेटिक अपर्चर रडार, थर्मल रिमोट सेंसिंग, अंतरिक्ष आधारित खगोलीय अवलोकन (एक्स-रे, पराबैंगनी, अवरक्त एवं रेडियो), अंतरिक्ष उपकरण एवं डिटेक्टर्स, स्पेक्ट्रोस्कोपी, डेटा डाउनलिंक, डीप स्पेस नेटवर्क तथा अंतरिक्ष विज्ञान में करियर के अवसर जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं।

भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. अनुरंजन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम से छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि और शोध की प्रवृत्ति को नई दिशा मिलेगी। एडवांस्ड रिसर्च सेंटर के प्रोफ़ेसर इंचार्ज प्रो. नौशाद आलम ने भी डॉ. मनु राज शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि रिमोट सेंसिंग लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं तकनीकी दृष्टि से सशक्त मंच प्रदान किया जाएगा, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बन सकेंगे। पाठ्यक्रम के समापन पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उन्नत कार्यशाला तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण 18 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक होगा। पंजीकरण संबंधित नोडल केन्द्र के माध्यम से अनुमोदित किया जाएगा। (https://elearning.iirs.gov.in/edusatregistration/student)। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं ली जाएगी।

# केंद्र व बिहार सरकार की योजनाओं से लाभ उठाएं : विस अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** एमएसएमई केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि एमएसएमई मंत्रालय उद्योग परिदृश्य को बदलने में जुटा है। इसमें गयाजी को टेक्नॉलॉजी सेंटर, एक्सटेंशन सेंटर खोलने के साथ एससी एसटी हब बनाया जा रहा है। इसका अनुसूचित जाति समेत महिला उद्यमी भरपूर लाभ उठाएं। वे एमएसएमई विकास कार्यालय पटना, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में बोल रहे थे। कृषि विज्ञान केंद्र, मानपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में वे मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने




प्रतिभागियों से बिहार सरकार व भारत सरकार की योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यशाला में गया जी जिले की 500 एमएसएमई इकाइयों ने भाग लिया। राकेश चौधरी, निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना ने बताया कि सार्वजनिक खरीद नीति सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों के लाभ हेतु मील का पत्थर योजना साबित हुई है। मौके पर निदेशक एमएसएमई अमन समीर, विधायक बीरेन्द्र, प्रो. अमरेश कुमार, मनीष पाण्डेय, राजेश सिंह, आशुतोष कुमार, अजीत कुमार, रंजीत कुमार, सुनील कुमार अग्निहोत्री, सुश्री बंदना आदि ने संबोधित किया। कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संजीव आजाद सहायक निदेशक, एमएसएमई ने किया। इस अवसर सम्मानित अतिथि गोपाल पटवा, प्रकाश कुमार पटवा, प्रेम पटवा, डॉ. कौशलेन्द्र सिंह, अनूप केडिया, फलदारी प्रसाद, दुखन प्रसाद, प्रमोद कुमार, जावेद आदि थे।

# दो लाख की विदेशी की शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की बड़ी उपलब्धि महिंद्रा बोलेरो से करीब 2 लाख मुल्य के 1008 पीस टेट्रापैक विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं शराब तस्करी में शामिल दो तस्कर गिरफ्तार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी वैशाली जिला के महनार थाना क्षेत्र के नारायणपुर डेढ़ पुरा निवासी चालक गणेश कुमार व रवि शंकर कुमार है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से बोलेरो से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर आरा के रास्ते हाजीपुर बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। सहायक आयुक्त द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने बक्सर-पटना फोरलेन पर दौलतपुर ओवर ब्रिज के पास, थाना-आरा मुफ्फसिल जिला-भोजपुर से एक महिंद्रा कंपनी के बोलेरो का जांच किया गया। वाहन में बने गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। छापेमारी टीम में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार व राजकुमार राजा, के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। सहायक आयुक्त ने बताया है कि होली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। आगे भी जारी रहेगी।

# नाली विवाद के दौरान महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के बिक्रमगंज थाना अंतर्गत कहुआरा गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट के दौरान एक वृद्ध महिला की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बिक्रमगंज ललन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के कहूआरा गांव में नाली के संबंध में दो पक्षों में विवाद हुआ, जहां एक 68 वर्षीय महिला लक्ष्मीनिया कुंअर के बीच- बचाव करने के क्रम में गिर जाने एवं चोटिल होने से मृत्यु हो गई। बताया जाता है, कि यह विवाद चचेरे भाइयों के बीच नाली को लेकर हुआ, जिसमें कहा सुनी होते-होते विवाद मारपीट में बदल गई। इस संबंध में बिक्रमगंज थाना को दिए गए आवेदन में तीन लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है।

# पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग को लेकर टीकाकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान चला रही है। इसी कड़ी में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के पशुपालन निदेशालय द्वारा शुक्रवार को पटना, रोहतास, औरंगाबाद, भोजपुर और बक्सर में पशुओं का टीकाकरण किया गया। यह टीकाकरण पशुओं में होने वाले खुरपका-मुंहपका यानी एफएमडी रोग के नियंत्रण के लिए किया जा रहा है। इस दौरान टीकाकर्मियों ने घर-घर जाकर गाय व भैंस का टीकाकरण किया। इस अभियान के तहत छह चरणों में राज्य भर में टीकाकरण किया जायेगा। जिसमें पहले चरण का अभियान 2 फरवरी से शुरू है और अंतिम चरण का अभियान 18 फरवरी को शुरु होगा। आगामी 16 फरवरी से मुंगेर, समस्तीपुर, सहरसा, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण एवं गया जी में पशुओं का टीकाकरण किया जायेगा। वहीं, सीतामढ़ी, जमुई, सुपौल एवं मधुबनी में 18 फरवरी से टीकाकरण होगा। इस अभियान के तहत होने वाला यह टीकाकरण कार्यक्रम गोपालगंज, नालंदा, शेखपुरा, वैशाली, नवादा, सिवान, अररिया, बांका, भागलपुर, किशनगंज, मधेपुरा एवं पूर्णिया में 2 फरवरी, बेगूसराय, कैमूर, कटिहार एवं सारण में 7 फरवरी तथा शिवहर, जहानाबाद, अरवल, पश्चिम चंपारण, खगड़िया, लखीसराय व दरभंगा में 10 फरवरी से शुरु है। पशुओं के टीकाकरण का यह अभियान संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्यों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों व वार्ड सदस्यों की देखरेख में चलाया जा रहा है। किसी भी पशु का टीकाकरण नहीं होने अथवा टीकाकरण के दौरान राशि की मांग किए जाने की शिकायत की जा सकती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार के आयोगों ...

आयोग द्वारा 43315 पदों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा भेजने का लक्ष्य रखा गया है। आयोगों में नयी नियुक्तियों के साथ नए वित्तीय वर्ष में सामान्य प्रशासन विभाग की देखरेख में कई प्रशिक्षण कार्यक्रम भी होने हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) द्वारा 400 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं बिपार्ड द्वारा बेरोजगारों के लिए स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत एक लाख युवाओं के लिए स्किल ट्रेनिंग का लक्ष्य रखा गया है।

### बिहार में 19 केंद्रीय...

अस्थायी रूप से संचालित। इसके लिए भवनों को चिन्हित करने का काम पूरा किया जा रहा है। संबंधित जिलाधिकारियों को दिए निर्देश में शिक्षा विभाग ने कहा है कि स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन हेतु चिन्हित भवन के लिए बुनियादी आवश्यकता यथा-बिजली, पेयजल, पहुंच पथ आदि में अगर किसी प्रकार की कमी परिलक्षित हो रही है तो इसकी पूर्ति करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारियों से यह भी कहा गया है कि सभी नये केंद्रीय विद्यालयों के स्थायी भवन व परिसर के लिए भूमि चिन्हित कर नियमानुसार प्रस्ताव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को प्रेषित करते हुए उसकी एक प्रति शिक्षा विभाग को भी उपलब्ध कराएं।

# बिहार सरकार की रोजगार नीति का परिणाम, वेतन मद में 13 गुना वृद्धि

- वित्तीय वर्ष 2005-06 में वेतन मद में खर्च होती थी सिर्फ 5152 करोड़ की राशि, मौजूदा वित्तीय वर्ष में पहुंच गई 70 हजार 220 करोड़
- वर्तमान में राज्य सरकार में तैनात सभी तरह के कर्मियों की संख्या बढ़कर हो गई है करीब 9 लाख 50 हजार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में अभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठित सरकार 10 लाख सरकारी नौकरी के साथ ही एक करोड़ से अधिक रोजगार देने के लक्ष्य से कहीं आगे की कवायद जारी है। विभिन्न स्तर की सरकारी नौकरी लगातार उपलब्ध कराने को लेकर अलग-अलग महकमों के स्तर पर भी निरंतर प्रयास जारी है। इसी का नतीजा है कि पिछले 20 वर्षों में सिर्फ वेतन मद में सरकार के बजट में 13 गुणा से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। हाल में विधानमंडल सत्र में पेश हुए आगामी वित्तीय वर्ष 2026ऽ27 के बजट में इससे संबंधित आंकड़ा प्रस्तुत किया गया है।

**20 वर्ष में 13 गुणा बढ़ा वेतन आकार**

वित्तीय वर्ष 2005-06 में प्रस्तुत किए जाने वाले राज्य के बजट में वेतन मद में महज 5 हजार 152 करोड़ रुपए का प्रावधान हुआ करता था। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 में वेतन मद का आकार बढ़कर 51 हजार 690 करोड़ रुपए हो गया और 2026-27 में यह 70 हजार 220 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। राज्य में अब तक का वेतन मद में यह सबसे बड़ा बजट आकर है। इसी तरह पेंशन मद की राशि में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान बजट में यह 35 हजार 170 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो वेतन मद की आधी राशि है। जबकि, वित्तीय वर्ष 2005-06 में पेंशन मद का बजट आकार महज 2 हजार 456 करोड़ रुपए हुआ करता था। वेतन मद की तरह ही इसमें भी बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**वेतन मद के साथ बढ़ी सरकारी कर्मियों की संख्या**

वेतन मद में लगातार बढ़ते बजट आकर से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकारी नौकरियों में लोगों को काफी अवसर मिलते जा रहे हैं। सरकारी महकमों खासकर शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य जैसे अन्य में बड़ी संख्या में अलग-अलग पदों पर लगातार बहाली की जा रही है। इसी का नतीजा है कि वर्तमान में सरकारी कर्मियों की संख्या बढ़कर करीब 9 लाख 50 हजार हो गई है। 20 वर्ष पहले तक इनकी संख्या 3 से साढ़े 3 लाख तक ही हुआ करती थी। इसमें तीन गुणा से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सिर्फ पिछले दो वर्षों में शिक्षक, सिपाही समेत अन्य को मिलाकर 2 लाख से अधिक कर्मियों की बहाली की गई है। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

# संत पॉल पब्लिक स्कूल, डोमचांच में विदाई समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डोमचांच (कोडरमा)।** डोमचांच स्थित संत पॉल पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक राजेश कुमार गुप्ता और प्रिंसिपल लवली कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, संगीत एवं नाटक के एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंचीय प्रस्तुति की सभी ने भरपूर सराहना की। निदेशक राजेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में कक्षा दशम के आयुष राज, मासूम कुमार, भोला कुमार, साहिल अंसारी, खुशबू कुमारी, कुमारी दीपिका पांडे, पल्लवी कुमारी इत्यादि विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# उर्दू को बनाएं व्यावसायिक भाषा, करें अधिकाधिक उपयोग : अभिलाषा

## उर्दू के प्रति जागरूकता के लिए फरोग-ए-उर्दू सेमिनार व मुशायरा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उर्दू भाषा और साहित्यों को बढ़ावा देने तथा इसके प्रचार- प्रसार के लिए बिहार सरकार के उर्दू निदेशालय की ओर से नगर भवन में शनिवार को फरोग-ए-उर्दू सेमिनार एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मो. सादुल हसन खां, जिला जनसंपर्क पदाधिकरी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता बेबी प्रिया, डीपीआरओ इफ्तिखार अहमद, जिला खेल पदाधिकारी पप्पू राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, प्रो. शब्बीर हसन सहित अन्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाष शर्मा ने कहा कि उर्दू राज्य की दूसरी सरकारी भाषा है और हम सभी को इसके अधिकाधिक उपयोग पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उर्दू भाषी लोग किसी सरकारी कार्यालय में उर्दू में भी कोई आवेदन दे सकते हैं। उर्दू अखबार और पत्रिकाओं के पढ़ने पर भी जिलाधिकारी ने जोर दिया। कार्यक्रम का उद्धेश्य सरकार चाहती है कि





आप उर्दू भाषी, उर्दू प्रेमी इस भाषा को आम बोलचाल, लिखने-पढ़ने में उपयोग करें। इसके माध्यम से आला तालीम हासिल करें। इसको व्यावसायिक भाषा बनाएं। इस मौके पर पहले सत्र में जिला उर्दू भाषा कोषांग द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित जिला उर्दू नामा, औरंगाबाद-2024-2025 का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली ने आगतों का स्वागत किया और उर्दू भाषा की खासियत एवं खुशबू का बखान किया। अध्यक्षता एस. सिंहा कॉलेज के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष, डॉ. कासिम फरीदी ने की। कार्यक्रम में औरंगाबाद के अलावा बिहार व अन्य जिलों तथा राज्यों के ख्याति प्राप्त शायरों ने शिरकत की। अध्यक्षता शब्बीर हसन शब्बीर ने की। शायरों में असर फरीदी, निजामुद्दीन कादरी कुरैशी, एहसान अमझरी, गुलफाम सिद्दिकी, मो. आफताब राना, मो. एकबाल दानिश, एकबाल अख्तर दिल, अंजुम आरा सहित अन्य ने अपने कलाम से उर्दू प्रेमियों को झूमाया। जिला उर्दू भाषा कोषांग के कर्मियों मो. सकलैन हैदर, मो. शहनवाज अख्तर, मो. तलहा एवं रशीदा खातून ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


महाशिवरात्रि के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



ललिता कुमारी
पंचायत समिति सदस्या
क्षेत्र सं.-03 पश्चिमी कछियावां
नगरनौसा (नालंदा)


# जी राम जी योजना में श्रमिकों को अब 125 दिन का रोजगार : अनन्या सिंह

## जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी देने के लिए मीडिया संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्र सरकार की विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण रोजगार को मजबूती देने की दिशा में बड़ा बदलाव किया गया है। अब मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को 100 के स्थान पर 125 दिन का रोजगार मिलेगा। योजना के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी साझा करने के लिए शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने मीडिया संवाद का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संसद द्वारा पारित अधिनियम के उद्देश्यों, प्रावधानों और कार्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक सशक्त व्यवस्था लागू की जाएगी ताकि ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिल सके और जमीनी स्तर पर वास्तविक रोजगार सृजन सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाकर 125 किए जाने से गांवों में काम की निरंतरता बनी रहेगी और मजदूरों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण, मोबाइल एवं डैशबोर्ड आधारित निगरानी प्रणाली तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण का प्रावधान किया गया है। साथ



ही सामाजिक अंकेक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ता का अधिकार, समय पर मजदूरी भुगतान की गारंटी और मजदूरी भुगतान में विलंब होने पर प्रतिदिन मुआवजा देने का भी प्रावधान शामिल है। इसके अतिरिक्त ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की स्वतंत्रता दी गई है, जिसके तहत ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार की जाएगी। योजना के अंतर्गत कार्यों को चार प्रमुख श्रेणियों–जल सुरक्षा एवं संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने से संबंधित कार्य–में विभाजित किया गया है, जो समग्र विकास और स्थायी आजीविका का आधार बनेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि कार्यों के दौरान 60 दिनों की अवधि में योजना के कार्य स्थगित रखने का प्रावधान रहेगा, वहीं प्रशासनिक मद की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। योजना में केंद्र और राज्य सरकार का अंशदान 60:40 होगा, जबकि उत्तर-पूर्वी और हिमालयी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के लिए यह अनुपात 90:10 रहेगा। यदि निर्धारित समय में काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देना अनिवार्य होगा। मीडिया संवाद में डीआरडीए डायरेक्टर अनुपम कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी और डीपीओ मनरेगा अखौरी मनीष उपस्थित रहे।


महाशिवरात्रि एवं होली के अवसर पर पंचायत एवं प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



चन्द्रमा सिंह
पूर्व मुखिया
ग्राम पंचायत : दावथ-सह-व्यवस्थापक
सर्वेश्वर नाथ मंदिर, बिठवां (विक्रमगंज) रोहतास
श्री हनुमान मंदिर का शिलान्यास 28-02-2026 के अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं

महाशिवरात्रि के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



श्रवण कुमार
प्रधानाध्यापक
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
करसांव (ओबरा) औरंगाबाद


# बिहार में रोजगार एवं विकास को मिलेगी गति : त्रिविक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार बजट विकसित राज्य की परिकल्पना को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सरकार ने आधारभूत संरचना मजबूत करने और निवेश बढ़ाने पर विशेष जोर दिया है, जिससे रोजगार और विकास दोनों को गति मिलेगी। यह बात प्रेसवार्ता के दौरान सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने रतनुआ मोड़ स्थित एनएच- 19 के समीप अपने कार्यालय में कहीं। विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह बजट से राज्य के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। जनता के हित में समाज के सभी तबके का ख्याल रखते हुए यह बजट है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, सड़क व उर्जा विकास पर खासा जोर दिया गया है। बजट से न सिर्फ किसानों की



दशा सुधरेगी बल्कि इस बजट से सभी वर्गों के अलावा राज्यकर्मियों को भी लाभ मिलेगा। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व के सरकारों के बहुत पुरानी बात नहीं करूंगा। यह बजट पूर्व के बजट की तुलना में काफी बेहतर है। यह बजट आने वाले आने वाले समय में बिहार की दशा और दिशा तय करेगा। यह सरकार का साहसिक कदम साबित होगा। इसके माध्यम से सरकार ने काफी स्पष्ट रूप से विकास के रोडमैप तैयार किए हैं जिसमें बिहार किस रूप में आगे बढ़े तमाम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से बिहार के विकास के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकास और जनकल्याण का नया अध्याय है। उन्होंने कहा कि  डबल इंजन सरकार की एक समान विकास सोच का सकारात्मक परिणाम आज देश और बिहार में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि बिहार के हर परिवार की बेहतरी का स्पष्ट रोडमैप है। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, जितेंद्र गुप्ता, आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।


महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मसौढीवासियों को ढेरों शुभकामनाएं



रश्मि कुमारी
मसौढी(पटना)
आशीष देव
नगर मंडल अध्यक्ष, भाजपा
-सह-बीस सूत्री उपाध्यक्ष, मसौढी (पटना)

महाशिवरात्रि के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



अलख निरंजन
सामाजिक कार्यकर्ता-सह-प्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक सीएसपी शाखा
डिहरा (ओबरा) औरंगाबाद


## डीएवी पब्लिक स्कूल में महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव सह बोधोत्सव मना

# स्वामी दयानंद के आदर्शों को जीवन में करें आत्मसात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दयानंद विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल औरंगाबाद में शनिवार को महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती के अवसर पर जन्मोत्सव सह बोधोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा बिहार, आर्य युवा समाज बिहार और डीएवी पब्लिक स्कूल्स बिहार प्रक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस सायंकाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें वन विभाग की डीएफओ रुचि सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बिहार के सभी डीएवी विद्यालयों के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में बक्सर प्रक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी भी आनंद ने सभी संगीत शास्त्रियों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उत्सव के दूसरे दिवस 101 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 101 विद्यार्थियों के माता-पिता ने यजमान बनकर यज्ञ में भाग लिया। दूसरे दिवस के कार्यक्रम में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा बिहार के प्रधान एस के झा मुख्य अतिथि रहे, जबकि मंत्री रामाशीष राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके साथ ही बिहार के



विभिन्न प्रक्षेत्रों के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी, प्राचार्य, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, नबीनगर विधायक चेतन आनंद, विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह और राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह सहित शहर के गणमान्य लोग राघव सिंह, अमिताभ सिंह, डॉ. ऋत्विक और उज्जवल सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने सभी अतिथियों के आगमन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने भजन प्रस्तुत किए। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यदि स्वामी दयानंद के आदर्शों को जीवन में आत्मसात किया जाए तो भारत विश्वगुरु बन सकता है। आर्य समाज के मनोज ने भजन के माध्यम से आर्य समाज के विचारों का प्रसार किया। सहायक क्षेत्रीय निदेशक रामाशीष राय ने स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा हंसराज और महात्मा नारायण दास ग्रोवर के कार्यों का उल्लेख करते हुए आर्य समाज के चौथे नियम के महत्व पर प्रकाश डाला। आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के प्रधान एस के झा ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता तभी मानी जाएगी जब क्षेत्र के सभी विद्यालयों में युवा आर्य समाज की स्थापना होगी, जिससे स्वामी दयानंद के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार को गति मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न विद्यालयों से आए धर्म शिक्षक और संस्कृत शिक्षक सत्योम शास्त्री, रामकुमार उपाध्याय, बिपिन कुमार मिश्रा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# मकान से जेवर और नकद ले भागे चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर स्थित एक मकान में चोरों ने जमकर उत्पात मचाया और लाखों के गहनों के साथ साथ नकदी रुपये भी लेकर चोर फरार हो गए। चोरी की घटना शहर के सर्वोदय नगर के गली नंबर आठ निवासी मृणाल रंजन जो कि टाटा कंपनी में रीजनल ट्रेनिंग मैनेजर के पद पर पटना में पदस्थापित हैं के घर में घटी है। चोरी की घटना किस दिन हुई इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। शनिवार को उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से देव प्रखंड के एरौरा गांव के रहने वाले है और यहां मकान बनाकर पिछले कई वर्षों से अपनी मां के साथ रहते है। उन्होंने बताया कि वह प्रत्येक शुक्रवार को ड्यूटी से अपने घर आते है और फिर सोमवार को चले जाते है। उनकी मां भी दो दिन पहले अपने बहन के यहां एक शादी समारोह में गई हुई थी जिसके कारण घर खाली पड़ा हुआ था। शुक्रवार की रात्रि दस बजे जब वह अपने मकान में पहुंचे तो देखा कि मुख्य द्वार छोड़कर सीढ़ी की तरफ का ताला टूटा हुआ था और संभवतः उधर से ही चोरों ने घर में प्रवेश किया होगा। इसकी सूचना डायल 112 को दी। पुलिसकर्मी पहुंचे तो देखा कि घर के अंदर सभी कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर सभी सामान बिखरे पड़े थे। चोरों ने लॉकर तोड़कर उसमें रखे नगद और सारे जेवरात की चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में मृणाल रंजन ने नगर थाने मे आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है और पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**हसपुरा(नबिटा संवाददाता)।** शुक्रवार की रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना हसपुरा थानाक्षेत्र के नरसन-देवहरा सड़क की है। मृतक की पहचान चाँदी गांव निवासी बिनेश्वर सिंह के 26 वर्षीय पुत्र डब्लू कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को दी गई जिसके आलोक में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृश्यता एक्सीडेंट से मौत होना प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269



बिहार सरकार
बिहार सरकार
परिवहन विभाग
हर सफर का हमसफर

आपकी लाइट, किसी की आखिरी रात न बने !

• चकाचौंध लाइट (डैजलिंग लाइट)रेड-ब्लू स्ट्रोब और अवैध हूटर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।
• ड्राइवर और पैदल यात्रियों दोनों के लिए खतरनाक है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार किसी भी निजी या व्यावसायिक वाहनों में:-

• अत्यधिक तेज डैजलिंग लाइट
• अवैध रेड-ब्लू स्ट्रोब/फ्लैशिंग लाइट
• अनाधिकृत हूटर का उपयोग अपराध है।

PR No.- 023946 (Transport)D. 2025-26

वाहन हेडलाइट की चमक और बीम एंगल निर्धारित मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य है।

PUC जांच एवं वाहन फिटनेस जांच के दौरान इसका सख्ती से परीक्षण किया जाएगा।

उल्लंघन पर
जुर्माना
जब्ती
विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।





BiharTransportDept
सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा।